RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 46
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 23 मार्च, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित
# पायनियर
ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




आईपीएल-डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर हो सकते हैं श्रेयस

पेज - 12



द्वितीय माता ब्रह्मचारिणी

स्वाधिष्ठान चक्र में ध्यान कर इनकी साधना की जाती है। संयम, तप, वैराग्य तथा विजय प्राप्ति की दायिका हैं।

मंत्र- 'ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं ब्रह्मचारिण्यै नम:।'

● विस्तृत सामग्री पेज-11

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,214 | 139.91 |
| निफ्टी | 17,151 | 44.40 |
| सोना | 58,770 | 480 /10 gm |
| चांदी | 68,850 | 345 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 29.00°C
न्यूनतम 19.00°C

## भाजपा चाहती है हम जेपीसी की मांग वापस लें, हम यह सौदा नहीं करेंगे : जयराम रमेश



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

संसद में राहुल गांधी की माफी और अडाणी के मुद्दे पर जमकर हंगामा हो रहा है। इसकी वजह से लोकसभा और राज्यसभा में पिछले सात दिनों से जरूरी बिल पास नहीं हो पा रहे हैं। इस बीच कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बुधवार को अडाणी मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा, पिछले तीन-चार दिनों से कोशिश की जा रही है कि विपक्ष जेपीसी की मांग वापस ले ले, तो भाजपा राहुल गांधी से माफी मंगवाने वाली मांग वापस ले लेगी। हम यह सौदा नहीं करेंगे। हम चाहते हैं कि अडाणी बल्कि मोदीजी आप चुप्पी तोड़िए।

### हर्षद मेहता घटाले में भी उठी थी जेपीसी की मांग

जयराम ने कहा कि 1992 में हर्षद मेहता घोटाले के समय विपक्ष की ओर से जेपीसी की मांग उठी थी, लेकिन सरकार ने इसका समर्थन नहीं किया था। दो तीन महीने बाद ही प्रधानमंत्री नरसिंहा राव, वित्तमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने मंजूरी दी थी और हर्षद मेहता घोटाले पर 1992 में जेपीसी का गठन हुआ था। इसके बाद रिपोर्ट आई उस पर कार्रवाई हुई। उस समय सेबी के अधिकार दिए गए। कैपिटल मार्केट को और मजबूत किया गया। 2001 में एक और घोटाला हुआ केतन पारिख घोटाला जब कांग्रेस विपक्ष में थी। अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे। इसे लेकर प्रणब मुखर्जी और मनमोहन सिंह ने जेपीसी की मांग की थी, लेकिन वाजपेयी नहीं माने थे। बाद में उनसे बातचीत की गई और फिर वे माने।

जयराम रमेश ने कहा कि घोटाला केवल शेयर बाजार तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह पीएम मोदी और सरकार की नीतियों, नीयत और इरादों से भी जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट में जो कमेटी बैठाई गई है, उनमें जाने माने विशेषज्ञों की कमेटी है। यह समिति अडाणी केंद्रित कमेटी है। ये अडाणी से सवाल करेंगे। हम जो सवाल कर रहे हैं वो अडाणी से नहीं है बल्कि प्रधानमंत्री से है। कमेटी और जेपीसी के बीच में यही मौलिक अंतर है। जयराम ने कहा कि यह सवाल सुप्रीम कोर्ट की समिति सरकार से सवाल नहीं करेगी। वह सोचेंगे भी नहीं उनकी हिम्मत भी नहीं होगी। वह उन्हें क्लीन चिट दे देंगे। यह सिर्फ जेपीसी में ही उठाया जा सकता है। जेपीसी में भाजपा के अध्यक्ष होंगे।

बहुमत भी उनकी ही होगी, लेकिन इसके बावजूद विपक्ष को इन सवालों को उठाने के लिए एक मौका मिलेगा। फिर सरकार की ओर से जवाब आएगा और इन सब को रिकॉर्ड किया जाएगा।

### शान-ए-पंजाब ट्रेन की कपलिंग टूटी, आठ डिब्बे हुए अलग

रोहतक। पानीपत जिले के समालखा रेलवे स्टेशन के नजदीक ट्रैक पर उस वक्त यात्रियों में चीख-पुकार मच गई, जब शान-ए-पंजाब एक्सप्रेस ट्रेन की बीच में कपलिंग निकल गई। गनीमत रही डिब्बे ट्रैक से नीचे नहीं उतरे और एक बड़ा हादसा होने से टल गया। ट्रेन रोजाना की तरह बुधवार को भी सुबह दिल्ली से चलकर पंजाब के अमृतसर जा रही थी। जब ट्रेन समालखा पहुंची, तो अचानक डिब्बे में डिब्बा जोड़ने वाली कपलिंग निकल गई और ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई।

## क्विक न्यूज

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत पांच अप्रैल तक बढ़ी



नई दिल्ली। शराब नीति केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ा दी है। अब उन्हें पांच अप्रैल तक हिरासत में रहना होगा। पांच दिन की ईडी रिमांड खत्म होने के बाद बुधवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सिसोदिया को पेश किया गया था। इसके अलावा सिसोदिया ने जेल में पढ़ने के लिए किताबों के लिए एप्लिकेशन दी। इस पर कोर्ट ने कहा कि सिसोदिया को किताबें दे दी जाएगी। दरअसल, सीबीआइ और ईडी दोनों शराब नीति केस की जांच कर रहे हैं।

### ब्रिटिश हाइ कमीशन के सामने एक्स्ट्रा बैरिकेड्स हटाए

नई दिल्ली। पुलिस ने ब्रिटिश हाई कमीशन के सामने लगे एक्स्ट्रा बैरिकेड्स बुधवार को हटा दिए। पुलिस ने कहा कि हाइ कमीशन की ओर-जाने वाले रास्ते में लगे एक्स्ट्रा बैरिकेड्स अड़चन पैदा कर रहे थे। हाइ कमीशन के बाहर लगी सुरक्षा में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पुलिस का यह एक्शन लंदन में इंडियन हाइ कमीशन में खालिस्तानी प्रदर्शन के एक दिन बाद हुआ है। ब्रिटिश हाइ कमीशन ने कहा कि यह सुरक्षा का मामला है और हम इस पर कोई कमेंट नहीं करेंगे। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ब्रिटिश हाइ कमीशन के बाहर सिक्योरिटी बरकरार है।

### तमिलनाडु: पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से आठ की मौत

चेन्नई। तमिलनाडु के कांचीपुरम में बुधवार को पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हुए हैं।

मंगलवार को नौ देशों की धरती कांपी थी, 11 की गई जान

# 6.6 तीव्रता के 19 घंटे बाद भूकंप ने फिर डराया

दिल्ली में महसूस किए गए झटके, तीव्रता रही 2.7

21 मार्च को आए भूकंप की गहराई अधिक थी इसीलिए नहीं हुआ बड़ा नुकसान





पाकिस्तान के पेशावर में भूकंप के दौरान घायल हुए लोगों को लेने पहुंची एम्बुलेंस।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नई दिल्ली में 19 घंटे बाद बुधवार को फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 2.7 मापी गई। शाम करीब 5.20 बजे ये झटके महसूस किए गए। इससे पहले भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान समेत नौ देशों में मंगलवार देर रात 10.20 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.6 बताई गई थी। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के फैजाबाद से 133 किमी दक्षिण पूर्व में जमीन से 156 किमी की गहराई में था।

मंगलवार को आए भूकंप के बाद पाकिस्तान में नौ लोगों की मौत हो गई। वहीं, 302 लोग घायल हुए। अफगानिस्तान में भी दो लोगों की जान चली गई। भारत में इसका असर दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और जम्मू कश्मीर में देखने को मिला। इससे लोगों में अफरा-तफरी देखी गई। लोग घबराकर जान बचाने के लिए घरों से बाहर आ गए थे। दिल्ली-एनसीआर, गाजियाबाद के कई इलाकों में लोगों ने पूरी रात घर के बाहर गुजारी थी।

बता दें, पाकिस्तान मीटियोरोलॉजिकल डिपार्टमेंट (पीएमडी) ने भूकंप की तीव्रता 6.8 बताई थी। भूकंप के झटके इस्लामाबाद, लाहौर, क्वेटा, रावलपिंडी, पेशावर समेत कई शहरों में महसूस किए गए। रात 9.47 बजे (पाकिस्तान समय के मुताबिक) भूकंप आया। इसके एक घंटे बाद 3.7 तीव्रता का आफ्टरशॉक रिकॉर्ड किया गया। इसका केंद्र भी अफगानिस्तान में था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (एनडीएमए) को इमरजेंसी की स्थिति में तैयार रहने को कहा है। याद रहे, छह फरवरी 2023 को तुर्किये और सीरिया में तीन बड़े भूकंप आए थे। दोनों देशों में कुल मिलाकर 57 हजार लोग मारे गए थे। पहला भूकंप सुबह करीब चार बजे (7.8), दूसरा करीब दस बजे (7.6) और तीसरा दोपहर तीन बजे (6.0) आया था। इसके बाद आफ्टर शॉक्स भी दर्ज किए गए। इनकी तीव्रता चार से पांच रही। तुर्किये में सात फरवरी सुबह 8.53 पर फिर भूकंप आया था। इसके बाद दोपहर 12.41 बजे 5.4 तीव्रता का भूकंप आया था।

## पीएम के खिलाफ पोस्टर लगाने पर 36 एफआइआर दर्ज, आठ गिरफ्तार

प्रिंटिंग प्रेस चलाने वाले दो मालिक भी अरेस्ट किए गए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पोस्टर लगाने के मामले में पुलिस ने 36 एफआइआर दर्ज की हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक सभी केस प्रिंटिंग प्रेस एक्ट और प्रॉपर्टी डिफेसमेंट एक्ट के तहत दर्ज किए गए हैं। वहीं आम आदमी पार्टी (आप) के ऑफिस से निकलते हुए एक वैन से भी पोस्टर जब्त किए गए। इस केस में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक दिल्ली के कुछ हिस्सों में 'मोदी हटाओ देश बचाओ' के नारे वाले पोस्टर लगे थे। इन पोस्टरों में प्रिंटिंग प्रेस का ब्योरा नहीं था। एक कॉन्स्टेबल ने पप्पू मेहता नाम के एक शख्स को पोस्टर लगाते हुए पकड़ा था। पप्पू के पास 38 बंडल पोस्टर मिले थे।

इधर, आम आदमी पार्टी ने पुलिस कार्रवाई को तानाशाही बताया है। पार्टी ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर लिखा, मोदी सरकार की तानाशाही चरम पर है। पोस्टर में ऐसा क्या आपत्तिजनक है, जो इसे लगाने पर मोदीजी ने इतनी सारी एफआइआर कर दीं? पीएम मोदी आपको शायद पता नहीं, पर भारत एक लोकतांत्रिक देश है, एक पोस्टर से इतना डर क्यों? आप नेता गोपाल राय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऐलान किया कि आम आदमी पार्टी गुरुवार से देश भर में मोदी हटाओ, देश बचाओ अभियान शुरू कर रही है। वहीं दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले प्रदर्शन में अरविंद केजरीवाल के साथ पंजाब सीएम भगवंत मान भी शामिल होंगे।

स्पेशल कमिश्नर ऑफ पुलिस दीपेंद्र पाठक ने बताया, दो प्रिंटिंग प्रेस फर्म को ऐसे 50-50 हजार पोस्टर बनाने का ऑर्डर मिला था। कंपनियों से जुड़े कर्मचारियों ने रविवार देर रात से सोमवार सुबह तक इनमें से कई पोस्टर शहर के अलग-अलग इलाकों में लगाए।

पुलिस ने प्रिंटिंग प्रेस का नाम प्रकाशित न करने के आरोप में मालिकों को गिरफ्तार किया है। ऐसा ही एक मामला दो साल पहले भी सामने आया था। जब दिल्ली में कोविड वैक्सीनेशन ड्राइव के दौरान मोदी की आलोचना करने वाले पोस्टर लगाए गए थे। तब दिल्ली पुलिस ने 30 लोगों को गिरफ्तार किया था। वहीं, 25 एफआइआर दर्ज की गई थीं।

### कैदियों को पांच करोड़ दान करना चाहता है ठग सुकेश

नई दिल्ली। 200 करोड़ की ठगी के केस में दिल्ली की मंडोली जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने बुधवार को जेल के डायरेक्टर जनरल को एक चिट्ठी लिखी है, जिसमें उसने कैदियों और उनके परिवार के कल्याण के लिए 5.11 करोड़ रुपये का डिमांड ड्राफ्ट देने की परमिशन मांगी है।

सुकेश जिन कैदियों की भलाई के लिए पैसा देना चाहता है, उनमें वे कैदी भी शामिल हैं जो अपनी जमानत बॉण्ड का भुगतान नहीं कर पाने के कारण कई साल से जेल में बंद हैं। मैं अपनों से दूर हूं। एक इंसान के तौर पर, अच्छे इरादे के साथ में अनुरोध करता हूं कि कैदियों के कल्याण के लिए 5.11 करोड़ रुपये का डिमांड ड्राफ्ट स्वीकार करें। मुझे बहुत खुशी होगी अगर 25 मार्च को इसे एक्सेप्ट करते हैं। क्योंकि उस दिन मेरा जन्मदिन है, और ये मेरे लिए सबसे अच्छा तोहफा होगा।

### दिल्ली ने एजुकेशन सेक्टर के लिए मंजूर किए 16575 करोड़ रुपये

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने बुधवार को विधानसभा में राज्य का 9वां बजट पेश किया। इस बार के बजट में 78 हजार करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को सरकार के बजट को मंजूरी दे दी थी। वित्त मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया भगवान राम हैं। उन्होंने कहा, मनीष सिसोदिया बजट पेश करते तो ज्यादा खुशी होती। जब भगवान श्रीराम वनवास गए थे, तब भरत ने सिंहासन पर उनकी खड़ाऊ रखकर राज किया था। वैसे ही मैं काम करूंगा। अगला बजट मनीष सिसोदिया ही पेश करेंगे।

गहलोत ने कहा, आठ साल में हमने दिल्ली का चेहरा बदला है। इस दौरान 28 फ्लाई ओवर बनाए हैं और बिचौलिया राज खत्म किया है।



दिल्ली में मेट्रो नेटवर्क को दोगुना किया है। 193 किलोमीटर नेटवर्क बढ़ा। ये बजट दिल्ली के लिए जरूरी है, क्योंकि हम जी-20 की मेजबानी कर रहे हैं।

ये बजट साफ, सुंदर और मॉडर्न दिल्ली के लिए डेडिकेटेड है। एजुकेशन सेक्टर के लिए बजट में 16,575 करोड़ रुपये दिए गए हैं। सरकारी स्कूलों और टीचर्स को नए टैबलेट दिए जाएंगे। हर सरकारी स्कूल को 20 नए कम्प्यूटर दिए जाएंगे। स्कूलों में अब फ्रेंच, जर्मन, जापानी और स्पेनिश भाषा पढ़ाई जाएगी।

### 106 हस्तियों को दिए पद्म पुरस्कार बिड़ला परिवार में यह चौथा सम्मान

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को 106 लोगों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने पहला सम्मान आर्किटेक्ट बालकृष्ण दोषी को दिया।

उनकी बेटी ने पिता को मिला पद्म विभूषण सम्मान ग्रहण किया। इसके बाद बिजनेसमैन कुमार मंगलम बिड़ला को व्यापार और उद्योग क्षेत्र में योगदान के लिए 22 मार्च को



पद्मभूषण से सम्मानित किया गया। बिड़ला परिवार में पद्म पुरस्कार पाने वाले कुमार मंगलम चौथे व्यक्ति बन गए हैं। पंडवानी गायिका उषा को पद्मश्री से नवाजा गया।

### कोरोना के एक्टिव केस सात हजार पार, पीएम ने ली बैठक

एजेंसी। नई दिल्ली

देश में 24 घंटे में 1134 नए केस मिले


एचउएन2 से अब तक 10 से ज्यादा मौत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कोविड से संबंधित स्थिति और उसकी तैयारियों को लेकर हाइलेवल बैठक की। इसमें स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया समेत कई स्वास्थ्य अधिकारी शामिल रहे।

देश में कोरोना के 1134 नए मामले सामने आए हैं, जबकि पांच लोगों की मौत हो गई है। 662 मरीज ठीक हुए। वहीं, एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 7026 हो गई है। पहला केस 28 फरवरी 2020 को मिला था। अब तक देश में 4.46 करोड़ से ज्यादा केस सामने आ चुके हैं। कोविड मामलों में बढ़ोतरी के साथ-साथ एचउएन2 वायरस के मामलों में भी वृद्धि हुई है।

## अमृतपाल की पत्नी बब्बर खालसा की सदस्य, मां से भी पूछताछ

पायनियर समाचार सेवा। अमृतसर



'वारिस पंजाब दे' के चीफ अमृतपाल की तलाश में पुलिस का ऑपरेशन लगातार पांचवें दिन भी जारी है। जिस बाइक से वह भागा, उसे पुलिस ने बुधवार को बरामद कर लिया। बाइक जालंधर से करीब 45 किलोमीटर दूर दारापुर इलाके में लावारिस हालत में मिली।

उधर, पुलिस ने दोपहर लगभग 12 बजे अमृतसर के जल्लूपुर खेड़ा गांव में अमृतपाल की मां से करीब एक घंटे पूछताछ की। हालांकि अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि पूछताछ किस मामले को लेकर की गई है। इस दौरान पुलिस ने अमृतपाल की पत्नी किरणदीप कौर से सवाल-जवाब किए। अमृतपाल सिंह की पत्नी किरणदीप कौर एनआरआइ है। वह बब्बर खालसा की एक्टिव मेंबर है। एक सीनियर ब्रिटिश खुफिया अफसर ने बताया कि किरणदीप बब्बर खालसा के लिए फंड जुटाती है।

2020 में उसे और पांच लोगों को बब्बर खालसा के लिए पैसे जुटाने के आरोप में गिरफ्तार भी किया गया था। वह ब्रिटेन से खालिस्तान मूवमेंट के लिए फंडिंग कर रही थी।

आतंकी-गैंगस्टर नेटवर्क पर एनआइए का प्रहार जारी

## छह महीनों की कार्रवाई के बाद अर्श डल्ला समेत 12 के खिलाफ चार्जशीट

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

एनआइए ने छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद की थी

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने खालिस्तान समर्थक संगठनों और पाक में बैठे आतंकियों के बीच चल रहे गठजोड़ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार्जशीट दाखिल की है। 12 आरोपियों के खिलाफ दायर इस चार्जशीट में आतंकियों और गैंगस्टरों का नेटवर्क साफ दिखता है। छह महीनों की जांच के बाद तैयार की गई इस चार्जशीट में एनआइए ने अब तक चार राज्यों के 25 जिलों में 91 स्थानों पर छापेमारी की है। यह जानकारी कार्यालयीय सूत्रों के जरिये अब बाहर निकलकर आई।

एनआइए का कहना है कि अभी इस मामले में दस अन्य लोगों के खिलाफ जांच चल रही है। इनमें कुछ नेताओं, गायकों और व्यापारियों को खत्म करने की योजना बनाने वाले भी शामिल थे। जांच में आरोपी अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डल्ला के खालिस्तान टाइगर फोर्स के साथ संबंध भी सामने आए हैं। अर्श डल्ला पाक स्थित साजिशकर्ताओं के संपर्क में होने के अलावा कनाडा में स्थित खालिस्तानियों के संपर्क में भी था।

दिल्ली में दायर चार्जशीट गैंगस्टर-आतंकी नेटवर्क को खत्म करने के साथ-साथ उनकी फंडिंग और सपोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर से संबंधित गिरोह का भी खुलासा करती है। आरोपी टारगेट किलिंग को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे और आतंकवादियों के साथ मिल कर गहरी साजिश के तहत आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए धन भी जुटा रहे थे।





एनआइए ने 12 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की है, जिनमें अर्श डल्ला, गौरव पटयाल, सुखप्रीत, कौशल चौधरी, अमित डागर, नवीन बाली, छोटू भट, आसिफ खान, जग्गा तखमल, टिल्लू ताजपुरिया, भुप्पी राणा और संदीप बराड़ के नाम शामिल हैं। उनके खिलाफ चार्जशीट छह महीने की व्यापक खोज और विभिन्न संगठित अपराध समर्थक नेटवर्क के लगभग 100 सदस्यों की जांच के बाद दाखिल की गई है। एनआइए ने इस दौरान देश के चार राज्यों पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में 25 जिलों लुधियाना, जालंधर, मुक्तसर, मोगा, फिरोजपुर, बठिंडा, संगरूर व पटियाला, हरियाणा में गुरुग्राम, सिरसा, यमुनानगर, झज्जर, रोहतक व रेवाड़ी और आउटर दिल्ली में रोहिणी, द्वारका, नार्थ-वेस्ट, नार्थ ईस्ट दिल्ली, बागपत व बुलंदशहर और उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में कार्रवाई को अंजाम दिया।

एनआइए ने छापेमारी में भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद की थी। गिरोह के सदस्यों को शरण देने और उनके लिए हथियार जमा करने के लिए हरियाणा और पंजाब में विभिन्न स्थानों पर बनाए गए लोकेशनों का भी पता लगाया है। छापों और तलाशी में लगभग 20 हथियार, 527 राउंड गोला बारूद, 195 डिजिटल उपकरण, 281 दस्तावेज आदि जब्त किए गए। इसके अलावा धारा 25 एएए (पी) अधिनियम के तहत तीन अचल संपत्तियों और तीन चल संपत्तियों को कुर्क/जब्त किया गया है।

इस मामले में संगीत उद्योग, गायकों, कबड्डी खिलाड़ियों और वकीलों आदि के साथ गैंगस्टरों के संबंधों का भी पता चला है। यह भी पाया गया है कि जेलों में बंद कई गैंगस्टर के परिवार के सदस्य सलाखों के पीछे से जबरन वसूली की गतिविधियों को अंजाम देने में उनकी मदद कर रहे हैं। गैंगस्टरों के तौर पर शुरू हुए, इस गुट ने पहले सिंडिकेट का रूप लिया और अब आतंकी संगठनों से मिल चुका है।

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 29.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 19.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- तिकोना पार्क स्थित सिद्धपीठ श्रीमहारानी वैष्णव देवी मंदिर संस्थान में पूजा-अर्चना: सुबह 8 बजे।
- एनएच-पांच मंदिर में श्रीरामायण जी का अखंड पाठ तथा महिला मंडल द्वारा कीर्तन : शाम 4 बजे।
- सिद्ध पीठ श्रीमहाकाली मंदिर संस्था प्रांगण में चैत्र नवरात्रि महोत्सव में चौकी और भंडारा: शाम 7 बजे।

## निवेश गुरु

**रिटायरमेंट** के लिए बचत और उसका बेहतरीन रिटर्न वाले विकल्प में निवेश जरूरी है। रिटायरमेंट प्लान के लिए सिर्फ ईपीएफ योगदान पर निर्भरता सही नहीं है। रिटायरमेंट के बाद आपको हर महीने कितने पैसे की जरूरत पड़ेगी, सबसे पहले इसका आंकलन करना होगा। आप सामान के मौजूदा मूल्यों के आधार पर मासिक खर्च को निकालें। 6 फीसदी की दर से सालाना महंगाई मानते हुए इसे बढ़ा दें। इससे आपको उस मासिक खर्च के बारे में पता चल जाएगा जिसकी जरूरत आपको रिटायरमेंट के बाद होगी। अब यह देखें कि इसके लिए अभी से आपको कितने पैसों की बचत करने की जरूरत पड़ेगी।

## यूटीलिटी न्यूज

### डा. मानव बने अध्यक्ष

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के सैकड़ों स्कूल संचालकों ने एक निजी होटल में बैठक संपन्न की। इस बैठक में स्कूल संचालकों, अध्यापक, अध्यापिका एवं अन्य कर्मचारी को आ रही परेशानियों को दूर करने के लिए इंडियन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन इपसा का गठन सर्व सहमति से हुआ। बैठक में संगठन में विभिन्न कमेटियां बनाकर उनके पदभार भी सौंपे गए। जिसमें ग्रीवेंस (शिकायत निकाय गठन) करते हुए शिक्षाविद् डॉक्टर मानव शर्मा को कमेटी का प्रेसिडेंट नियुक्त किया गया। डॉक्टर मानव शर्मा ने बताया कि जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है। उसका मैं जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करुंगा। साथ ही साथ उन्होंने इपसा के अध्यक्ष वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ विमल पाल, संस्थापक चेयरमैन डॉक्टर प्रदीप गुप्ता, उपप्रधान प्रेसिडेंट डॉ सुनील कुमार, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष डॉ राजेश मदान, कानूनी सलाहकार एडवोकेट तरुण अरोड़ा का धन्यवाद करते हुए भविष्य में इपसा के प्रति जिम्मेदारी का भाव रखूंगा।

## क्विक न्यूज

### विक्रम संवत् 2080 का स्वागत



**बल्लभगढ़।** जिले के राजकीय माध्यमिक विद्यालय प्रहलादपुर में विक्रम संवत् 2080 के प्रथम दिन व नवरात्रों के उपलक्ष्य में यज्ञ का आयोजन किया गया। आयोजन की अध्यक्षता सागरपुर विद्यालय की प्राचार्या रजनी देवी द्वारा की गई। मुख्याध्यापक रविकान्त गुप्ता ने बताया कि नववर्ष पर विद्यालय में यज्ञ का आयोजन कर नए सत्र का प्रारम्भ किया गया। जिसके प्रति छात्रों में बहुत उत्साह रहा। सोम दत शास्त्री द्वारा यज्ञ किया गया। इस अवसर पर डीग से मुख्याध्यापक समर देशवाल, गांव की सरपंच पूजा रानी, राकेश कुमार, धर्मवीर शर्मा, सुरेन्द्र कुमार, रविन्द्र, यशवीर, विमलेश, अनीता, मंजू रानी अध्यापक व पंचायत सदस्य, एसएमसी सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# पार्किंग व्यवस्था : सात दिन बाद भी कागजों में जाम से मुक्ति दिलाने की योजना

### एफएमडीए और पुलिस अधिकारियों ने बैठक में बनाई थी एक बेहतरीन योजना

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**नगर** निगम और अन्य संबंधित विभागों की लापरवाही के कारण शहर में यातायात व्यवस्था लगातार चरमराती जा रही है। शहर की सड़कों पर यातायात जाम का सबसे बड़ा कारण है अतिक्रमण। वहीं शहर के ज्यादातर बाजारों के आसपास पार्किंग की कोई व्यवस्था न होने के कारण सड़कों पर जाम की समस्या उत्पन्न होती है। शहर की ज्यादातर प्रमुख सड़कों पर रेहड़ी पटरी वालों का कब्जा रहता है।

इस तरह के अतिक्रमण को हटाने के लिए पूर्व निगम आयुक्त यशपाल यादव ने स्ट्रीट वैंडर जोन स्थापित करने की योजना बनाई थी। जो उनके तबादले के बाद खटाई में पड़ गई। हाल ही में करीब एक सप्ताह पूर्व एफएमडीए की बैठक में शहर की सड़कों को जाम मुक्त बनाने की योजना पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने मिलकर बनाई है। यदि इस योजना को अमली जामा पहना दिया तो शहर पूरी तरह से जाम मुक्त हो जाएगा। इस योजना के तहत शहर के बाजारों के आसपास पार्किंग बनाई जानी है। सड़क किनारे खड़े होने वाले वाहनों को टॉ कर यार्ड में ले जाकर उनके चालान काटने की योजना बनाई गई थी। लेकिन इस योजना को बने करीब एक सप्ताह गुजर जाने के बावजूद जमीनी स्तर पर अभी तक कोई भी काम नजर नहीं आ रहा है।



एनएच एक के निकट सड़क पर खड़े बेतरतीब वाहन।



एनएच-पांच में सड़क किनारे खड़े वाहन।

### योजना पर नहीं हुआ काम

**एफएमडीए** की बैठक में शहर को जाम मुक्त बनाने जाने की रणनीति का पता चलने पर लोगों द्वारा काफी राहत महसूस की जा रही है। क्योंकि एनआइटी इलाके की ज्यादातर सड़कों पर अतिक्रमण और अवैध रूप से वाहन पार्क किये जाने के कारण हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। एनएच एक और पांच की मार्केट के आसपास तो जाम की समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है। व्यस्त समय के दौरान तो यहां लोग जाम में काफी समय तक फंसे रहते हैं। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए एनआइटी इलाके में पैरिफेरल रोड का निर्माण करोड़ों रुपये की लागत से किया गया था। जाम की समस्या खत्म करने के लिए ही पैरिफेरल रोड की सड़कों को काफी चौड़ा बनाया गया था। लेकिन एनआइटी इलाकों में कहीं भी पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण चौड़ी सड़के भी जाम से मुक्ति नहीं दिलवा पाई। योजना बनने से लोग को उम्मीद की किरण नजर आने लगी। लेकिन योजना को बने एक सप्ताह गुजरने के बाद भी जमीनी स्तर पर काम शुरू नहीं हुआ।

### अधर में स्ट्रीट वैंडर जोन

**एनआइटी** और शहर के अन्य बाजारों के आसपास की सड़कों पर लगने वाले जाम के लिए काफी हद तक अतिक्रमण भी जिम्मेदार है। बाजारों और आसपास की सड़कों पर रेहड़ी पटरी वालों का कब्जा रहता है। एनएच एक और अन्य बाजारों में तो दुकानदार रेहड़ी पटरी वालों से सामने दुकान लगाने के बदले किराया तक वसूलते हैं। ऐसे में इन बाजारों में पैदल चलने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को देखते हुए पूर्व निगमायुक्त यशपाल यादव ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान भी चलाया था। जिसके बेहतर परिणाम भी देखने को मिले थे। इस अभियान के दौरान अतिक्रमण तो हट गया था, लेकिन रेहड़ी पटरी वालों के सामने रोजी रोटी का सकंट उत्पन्न हो गया था। जिसे देखते हुए पूर्व निगमायुक्त ने शहर में जगह जगह स्ट्रीट वैंडर जोन बनाने की योजना बनाई थी। स्ट्रीट वैंडर जोन के लिए कई स्थान भी चिन्हित किये गए थे। वहीं रेहड़ी पटरी वालों को जगह अलॉट करने के लिए उनका पंजीकरण भी शुरू किया गया था। लेकिन निगमायुक्त के तबादले के बाद इस योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया।



अजरौंदा चौक पर सड़क पर खड़े ऑटो।

### बनाई थी बेहतरीन योजना

**शहर** की खास कर एनआइटी इलाके के एनएच एक और पांच की सड़कों को जाम मुक्त बनाने का मुद्दा गत 15 मार्च को एफएमडीए की बैठक में रखा गया था। इस बैठक में डीसीपी ट्रेफिक एवं हेडक्वार्टर नितिश अग्रवाल ने एनआइटी इलाकों में जाम की समस्या को खत्म करने के लिए बेहतरीन योजना रखी थी। इस योजना के तहत उन्होंने एनएच एक और एनएच पांच की मार्केट के आसपास वाहनों के लिए 14 पार्किंग स्थल बनाने के लिए चिन्हित किये गए स्थानों के बारे में बताया था। जिसमें एनआइटी दशहरा ग्राउंड, एमसीएफ बूस्टर, न्यू प्रैस कालोनी, सीपीडब्ल्युडी, पुनर्वास विभाग और नगर निगम की जमीनें शामिल हैं। आने वाले लोगों को पार्किंग स्थल से बाजार तक मुफ्त फेरी सर्विस उपलब्ध करवाई जानी है। यदि कोई व्यक्ति सड़क किनारे वाहन खड़ा करता है तो उनके वाहनों को टॉ करके यार्ड में ले जाकर उनका चालान काटने की योजना है। टॉ किये गए वाहनों को खड़ा करने के लिए एनआइटी के दहशरा मैदान और कोयला टाल में यार्ड बनाने की योजना बनाई गई है।

### जल्द शुरू होगा काम



**पुलिस** प्रवक्ता सुबेसिंह ने कहा कि यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए पुलिस की तरफ से एफएमडीए की बैठक में कुछ अहम मुद्दों को रखा गया था। वहीं पार्किंग के लिए भी जगह चिह्नित कर बताई गई है। योजना को अमली जामा पहनाने में थोड़ा समय तो लगता ही है। एफएमडीए इस योजना को अमली जामा पहनाने की रूपरेखा बना रहा है। जल्दी ही इस योजना पर जमीनी स्तर पर काम दिखाई देना शुरू हो जाएगा।

# प्रशासन व एनडीआरएफ करेगी संयुक्त अभ्यास: एडीसी

### जिला में आगामी 24 मार्च को 5 जगहों पर होगा मॉक ड्रिल का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**केंद्र** व प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर प्राकृतिक अथवा अन्य किसी भी आपातकाल से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के लिए मॉकड्रिल की जाती है। इस मॉकड्रिल में आपात परिस्थिति से निपटने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों के आपसी तालमेल को भी परखा जाता है। अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने बताया कि 24 मार्च को जिला में चिन्हित पांच जगहों पर जिला प्रशासन व राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण) द्वारा संयुक्त आपदा प्रबंधन अभ्यास (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया जाएगा।



मॉक ड्रिल को लेकर अधिकारियों संग बैठक करती एडीसी

उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल की सभी जगहों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर सम्बंधित सभी विभागों की ड्यूटी भी सुनिश्चित की गयी। आगामी 24 मार्च 2023 को जिला फरीदाबाद में पांच जगह एक दिवसीय मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। एक दिवसीय मॉक ड्रिल में एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, तहसीलदार और एसीपी सेंट्रल फरीदाबाद की देखरेख में लघु सचिवालय, सेक्टर 12 और इसी तरह एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, तहसीलदार और एसीपी सेंट्रल फरीदाबाद की देखरेख में राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, नजदीक बड़खल तहसील, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, तहसीलदार बल्लभगढ़ और एसीपी बल्लभगढ़ की देखरेख में राजा नाहर सिंह महल बल्लभगढ़, जॉइंट कमिश्नर ओल्ड फरीदाबाद, एसई एमसीएफ और एसीपी बड़खल के देखरेख में बी के सिविल हॉस्पिटल, फरीदाबाद, और ईओ एचएसवीपी फरीदाबाद, एसई एचएसवीपी और एसीपी ओल्ड फरीदबाद की देखरेख में नई राजस्व कॉलोनी, सेक्टर 15ए में आयोजित की जायेगी। सभी जगह मॉक ड्रिल प्रात: 9 बजे शुरू की जाएगी। इसमें एनडीआरएफ की टीमों द्वारा अलग-अलग घटनाओं की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाएंगी और वहां से टीमों के पहुंचने व आपदा से निपटने के रिसपांस को देखा जाएगा। बैठक में उपमंडल अधिकारी फरीदाबाद परमजीत चहल, उपमंडल अधिकारी बल्लभगढ़ त्रिलोकचंद, उपमंडल अधिकारी बड़खल पंकज सेतिया, एसीपी सराय देवेन्द्र, नायब तहसीलदार जय प्रकाश, डीडीपीओ राकेश मोर, इंस्पेक्टर अमर प्रताप सिंह, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम आदि मौजूद रहे।

# व्रत के दौरान सेहत का रखें ख्याल: डॉ. सहरावत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**नौ** दिनों के उपवास के दौरान अपनी सेहत को नजरंदाज न करें। वरना व्रत के दौरान आप थकान, कमजोरी का एहसास कर सकते हैं। व्रत के दौरान कुछ लोग पूरा दिन फलों का सेवन करते हैं, तो वहीं कई लोग दिनभर बिना कुछ खाए उपवास करते हैं। लेकिन जब खाते हैं, तो भूख से ज्यादा खा लेते हैं, जैसे एक प्लेट भरकर फलों का सेवन करना, दूध और अन्य खाद्य सामग्री स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है और वजन को भी बढ़ा सकता है।

यह बात मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल से पेट एवं लीवर रोग विभाग के डायरेक्टर डॉ बीर सिंह सहरावत ने कही। उन्होंने बताया कि एक साथ अत्यधिक आहार खाने की बजाय दिनभर में तीन चार बार थोड़ा थोड़ा करके खाएं। व्रत के दौरान शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के साथ, अन्य तरल पदार्थ जैसे नींबू पानी या शिकंजी और नारियल पानी लें। बाहर की मिठाइयों, तला-भुना खाद्य पदार्थ, डिब्बाबंद जूस आदि का सेवन बिल्कुल न करें।

व्रत के दौरान अपनी बीमारियों की भी अनदेखी न करें। कुछ लोग उपवास के दौरान बीपी, मधुमेह व नियमित रूप से ली जाने वाली दवाओं का सेवन भी बंद कर देते हैं। यह उनके लिए खतरनाक हो सकता है। अच्छा होगा कि मधुमेह रोगी व्रत न करें और व्रत रखते भी हैं तो दवाएं तो कतई नहीं छोड़ें। मधुमेह रोगी हर ढाई से तीन घंटे में कुछ न कुछ खाते रहें। अधिक मीठे फल के बजाय सेब-खीरा जैसे फल लें और दूध जरूर लें। जब व्रती का पेट खाली होता है। तब उसके असर से शुगर का स्तर काफी कम हो सकता है। इसलिए बीपी व मधुमेह से ग्रस्त लोग व्रत रखने से पहले अपने डॉक्टर से परामर्श अवश्य कर लें।

सूखे मेवे एक ऐसा अच्छा ऑप्शन है, इनमें प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और अनसैचुरेटेड जैसे मैक्रोन्यूट्रिएंट्स मौजूद होते हैं। सूखे मेवे न केवल आपको व्रत के दौरान प्रोटीन दे सकते हैं, बल्कि यह भोजन के बीच में पेट भरे हुए जैसा महसूस कराएंगे। रोजाना मुट्ठी भर मेवे ले सकते हैं। व्रत में अत्यधिक तला-भुने खाद्य पदार्थ न खाएं। आलू के अत्यधिक सेवन से परहेज करें, इसमें सबसे ज्यादा कैलोरी और कार्बोहाइड्रेट होता है जो हमें मोटापे की बीमारी से ग्रसित करते हैं।

# संभार्य के शिविर में 62 यूनिट रक्त एकत्रित

### संभार्य फाउंडेशन के दीपक डागर ने कहा, सबसे सफल कैंप रहा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**संभार्य** फाउंडेशन, जन कल्याण सेवा समिति दूधौला और जिला नागरिक अस्पताल पलवल के संयुक्त तत्वावधान में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन अरुआ वाले मंदिर पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जन कल्याण सेवा समिति के सदस्यों ने की। संभार्य फाउंडेशन से दीपक डागर ने बताया कि गांव मे अब तक का ये सबसे सफल कैंप रहा है और गांव के युवाओं ने इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया है।

जन कल्याण सेवा समिति से बसंत खूटेला, नरेंदर खुटेला, अतुल प्रधान, अनिल खूटेला, जय भगवान, तारा कुंतल, राजेन्द्र सिंह, तोताराम, रूप खूटेला, कुनाल खूटेला ने गांव के युवाओं को एकत्रित कर कैंप को सफल बनाया और अहम भूमिका निभाई। कैम्प ब्लड सेंटर ऑफ ट्राइटन नई दिल्ली द्वारा लगाया गया। जिसमे प्रबंधक संजीव रत्रा, मेडिकल ऑफिसर श्रुति खुशवाह, संगीता, बाला कृष्णा, शुभम पांचाल, शंकर और सतीश ने मदद की। संभार्य फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक देशवाल ने बताया शिविर में 62 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ है और जल्दी गांव में दूसरा शिविर लगेगा। इस शिविर के आयोजन के लिए पुनीत देशवाल ने प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी निभाई और बताया इससे पहले गांव घोड़ी, नगंली पिचन्की धमाका, फतेहपुर बिल्लोच, अलावलपुर, धतीर, में कैम्प लग चुका है, और शाहिल देशवाल ने कैम्प आयोजन में योगदान दिया।



रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाते समिति के सदस्यगण।

# जल संरक्षण को लेकर क्रांति लाने की जरूरत

### कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जन** स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन हरियाणा बुधवार को विश्व जल दिवस पर डॉ. भीम राव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में स्लोगन राइटिंग, ड्राइंग प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागी छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

इस कार्यक्रम में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोजी गुप्ता ने की। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अभिषेक गोयल रहे। वही मंच संचालन प्रोफेसर सुभाष शर्मा ने किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक ड्राइंग व पोस्टर बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया। वहीं छात्र-छात्राओं ने भाषण के माध्यम से जल के महत्व पर प्रकाश डाला। स्लोगन राइटिंग करने वाले छात्र-छात्राओं ने भी स्लोगन बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि जिला सलाहकार दीपक कुमार ने छात्राओं को पानी के महत्व के बारे में समझाया ही नहीं बल्कि इसे प्रैक्टिकल करके दिखाया। इसमें बताया कि किस प्रकार से देश में पानी की बर्बादी के कारण भूमि का जल स्तर लगातार गिर रहा है।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि हमें पानी के महत्व को समझना होगा, नहीं तो हमारी आने वाली पीढ़ी को जल संकट का सामना करना पड़ेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोजी गुप्ता ने कहा कि आज के जीवन में पानी को बचाना बेहद जरूरी है। हम सबको मिलकर पानी को बचाना होगा। प्राचार्य डॉ. रोजी गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय में 1250 के करीब छात्र-छात्राएं हैं। यह सभी छात्र-छात्राएं घर से लेकर स्कूल, कॉलेज, गली व मोहल्लों पर पानी के लिए लोगों को जागरूक करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अभिषेक गोयल ने भविष्य में भी इस तरह के प्रोग्राम करवाने के लिए कहा और कहा कि जल संरक्षण एक बड़ा मुद्दा है। इसको लेकर हम सब को सामूहिक रूप से प्रयास करने होंगे। इस मौके पर प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह, सुभाष शर्मा, मोनिका जाखड, डॉ. मेहर सिंह, विकास यादव, डॉ. विक्रम, डॉ. मदन पाल, डॉ. हंसराज गुप्ता, डॉ. अमित पाहवा, डॉ. सुशील, डॉ. रेनू गुप्ता मौजूद रहे।



ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों के साथ खड़े आयोजकगण।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**मिटा सकता न कोई फूल की खुश्बू सुनिश्चित है**
**अमरता की रहेगी दास्तां हरसू सुनिश्चित है**
**भगतसिंह आसमां पर सूर्य से चमकेंगे सदियों तक**
**समय की गर्त में खो जाएँगे जुगनू सुनिश्चित है**

# एहिमे ने जेसी बोस के साथ शोध में दिखाई रुचि

### एहिमे विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने किया जेसी विश्वविद्यालय का दौरा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एहिमे** विश्वविद्यालय, जापान के दो सदस्यीय शैक्षणिक प्रतिनिधिमंडल ने आज जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद का दौरा किया। जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालय के साथ भविष्य के शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग को समझना और विचार-विमर्श करना था। प्रतिनिधिमंडल ने उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में परस्पर शोध भागीदारी के संभावित क्षेत्रों में रुचि भी दिखाई।

शैक्षणिक प्रतिनिधिमंडल में एहिमे विश्वविद्यालय, जापान से प्रो. नेत्र प्रकाश भंडारी और प्रो. नाओकी किनोशिता शामिल थे। दोनों प्रतिनिधियों ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की अध्यक्षता में निदेशक (अनुसंधान एवं विकास) प्रो. नरेश चौहान, विभिन्न शिक्षण विभागों के डीन एवं विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान, प्रो. चौहान ने विश्वविद्यालय के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया और अनुसंधान में विश्वविद्यालय के मुख्य क्षेत्रों और क्षमताओं से अवगत कराया।

इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने कहा कि जे.सी. बोस विश्वविद्यालय तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी विश्वविद्यालय है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय का अनुसंधान और विकास गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान है और यह अंतरराष्ट्रीय ख्याति के संस्थानों के साथ मिलकर अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने के अवसरों का पता लगाने का प्रयास कर रहा है। इसलिए, विश्वविद्यालय ने दुनिया के प्रमुख विश्वविद्यालयों के साथ संवाद करने की पहल की है।

अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक समुदाय के साथ संवाद को महत्वपूर्ण बताते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने कहा कि विज्ञान और अनुसंधान की कोई सीमा नहीं होती। विश्वविद्यालय तभी फलते-फूलते हैं जब वे अनुसंधान के लिए एक-दूसरे के साथ सहयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि जापान और भारत सांस्कृतिक रूप से एक-दूसरे के बहुत करीब हैं। प्रो. तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, ब्लॉक-चेन, जियोथर्मल और रॉक मैकेनिक्स सहित उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में अनुसंधान सहयोग की संभावनाओं पर काम करने का इच्छुक है।



एहिमे विश्वविद्यालय, जापान के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करते हुए कुलपति प्रो. एसके तोमर और अन्य अधिकारीगण।

# जूनियर रेड्क्रॉस सदस्यों का सेव वाटर अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**अंतरराष्ट्रीय** जल दिवस के अवसर पर सराय ख्वाजा फरीदाबाद के गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड सदस्यों ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में सेव वाटर अभियान चलाते हुए वर्षा जल संग्रहण जागरूकता के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय की जेआरसी और एसजेएबी अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष विश्व जल दिवस मनाने का उद्देश्य सभी को जल संरक्षण के लिए जागरूक करना और सभी तक स्वच्छ जल पहुंचाना है। इस वर्ष जल दिवस की थीम जल और सैनिटेशन के संकट को दूर करने के लिए तेज गति से बदलाव करना रखा गया है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी के दो तिहाई भाग पर पानी है लेकिन इस में से मात्र तीन प्रतिशत पानी ही पीने योग्य है।

**गुमशुदा की तलाश**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति नाम पता नामालूम बेहोशी की हालत में गाँव नंगला जोगियान, फरीदाबाद में पड़ा हुआ मिला था जिसको ईलाज के सिविल अस्पताल बल्लभगढ़ भेजा गया था जिसकी अस्पताल पहुँचने से पहले ही मौत हो गई है जिसने लाल रंग की टी शर्ट वा आर्मी कलर की पेंट पहने हुए तथा नंगे पैर है जिसका रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा, दुबला पतला शरीर तथा लम्बे सफेद काले बाल वा लम्बी सफेद काली दाढ़ी है जिसका कद करीब 5 फुट 7 इंच वा उम्र करीब 48-50 साल है मुकदमा नम्बर 20 दिनांक 21.03.2023 जिस किसी को इस बारे में कोई सुचना मिले तो निम्न नंबरों पर सूचित करें.

**प्रबन्धक अफसर थाना सेक्टर-58 फरीदाबाद - 9582200129**
**चौकी इंचार्ज सीकरी - 9582211655**
**अनुसंधान अधिकारी - 8700086067**

# शहर भर के मंदिरों में पहले दिन हुई मां शैलपुत्री की पूजा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नवरात्र** के प्रथम दिन औद्योगिक नगरी के महारानी वैष्णो देवी मंदिर, काली मंदिर, हनुमान मंदिर, बांके बिहारी मंदिर, श्रीराम मंदिर जवाहर कालोनी समेत अन्य मंदिरों में मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। लोगों ने घरों में में कलश की स्थापना के साथ शैलपुत्री का पूजन किया।

एनएच-पांच स्थित राधा सर्वेश्वर मंदिर के महंत मुनिराजजी ने बताया कि नवरात्रों के दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मचारिणी माता रूद्राक्ष की माला व पुष्प धारण करके ब्रह्मचार्य का पालन करती है। भक्तों को बुद्धि इत्यादि का आशीर्वाद देती है। उन्होंने विद्यार्थियों को ब्रह्मचारिणी की पूजा के लिए दूध से अभिषेक कर फलों का भोग लगाना चाहिए। इससे विद्यार्थियों को विद्या की प्राप्ति होती है और श्रेष्ठ संस्कारों की उत्पत्ति होती है। ब्रह्मचारिणी मां को अनार की बली चढ़ाएं। जो विद्यार्थी ब्रह्मचारिणी मां का पूजन करते है, उनको श्रेष्ठ ज्ञान की प्राप्ति होती हैं।


मां की ज्योत जलाते भक्तगण।

**मां शैलपुत्री की पूजा: श्रीमहारानी** वैष्णोदेवी मंदिर तिकोना पार्क में प्रथम दिन मां शैलपुत्री की भव्य पूजा हुई। सुबह आरती एवं हवन का शुभारंभ मंदिर के प्रधान जगदीश भाटिया ने किया। भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा कर मन की मुराद मांगी। उद्योगपति आरके बत्तरा, मनमोहन गुप्ता, प्रदीप झांब, रिटायर्ड एसीपी दर्शनलाल मलिक, आरके जैन, रमेश सहगल, एवं नीरज अरोड़ा प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।। प्रधान जगदीश भाटिया ने सभी भक्तों को नवरात्रों की शुभकामनाएं दी तथा आए हुए अतिथियों को माता की चुनरी भेंट की। उन्होंने बताया कि मंदिर में नवरात्रों के सभी दिन प्रसाद वितरित किया जाता है। भाटिया ने सुरक्षा व्यवस्था बनाने के लिए प्रशासन व पुलिस का भी आभार जताया।

**रोज होगी माता की चौकी:** सिद्ध पीठ श्री महाकाली मंदिर में चैत्र नवरात्रि महोत्सव 22 से 30 मार्च तक मनाया जा रहा है। प्रथम दिन ज्योत प्रचंड समाजसेवी युग्म सपरा, प्रधान राकेश कुमार, नीरज अरोड़ा, रमेश, बिट्टू रजक, राजेश कुमार एडवोकेट, भूपेश जोशी, सन्नी, आशु, श्याम नारायण द्वारा ज्योति प्रचंड की गई। प्रधान राकेश कुमार ने बताया कि प्रतिदिन माता की चौकी होगी। माता रानी के भोग पश्चात वितरित किया जाएगा। पहले दिन भक्तों ने मंदिर पहुंचकर मां शैलपुत्री की भव्य पूजा में हिस्सा लिया और मां से मन की मुराद मांगी।


काली मंदिर में ज्योत जलाते भक्तगण


मां की जोत चुन्नी ओढ़ाते भक्त

**सप्तजोड़ों ने जलाई ज्योत :** चैत्र नवरात्रों पर सिद्धपीठ श्रीहनुमान मंदिर एनएच-एक में नवरात्र मेला कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राकेश दीवान ने शिरकत की। जबकि कमल अरोड़ा की गरिमामयी उपस्थिति रही। शुरूआत मां शैलपुत्री की पूजा एवं ज्योति प्रचंड से की गई। नवरात्र कथा के बाद प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पावन सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर के प्रधान पूर्व महापौर अशोक अरोड़ा ने की। इस मौके पर मुख्यातिथि राकेश दीवान, कमल अरोड़ा, विपिन कुमार, राकेश पंडित, संजय रतड़ा, राकेश वधवा व भारत अरोड़ा ने अपने कर कमलों द्वारा माता रानी की ज्योत प्रचंड की। वहीं उन्होंने नववर्ष में सभी के जीवन में शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूर्व महापौर एवं मंदिर के प्रधान अशोक अरोड़ा ने बताया कि नवरात्रों में मंदिर में प्रातः 8 से 9 बजे तक कथा का वाचन होगा। शाम को सात बजे से 9:15 बजे तक माता रानी की चौकी के बाद प्रसाद वितरित किया जाएगा।

# राहत : अब नहीं होगी शवों की दुर्गति बीके के शवगृह का होगा जीर्णोद्धार

**शवगृह में शवों को रखने के लिए जल्द आएंगे नए छह फ्रीज**

कविता। फरीदाबाद

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल की मोर्चरी में शव रखने के लिए मौजूद फ्रीज अधिकांश खराब हो गए हैं। यहां छह नए फ्रीज आऐंगे। यहां मृतकों के परिजनों के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है। वहां बैठने की व्यवस्था न के बराबर थी। जिसे देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने कई पत्र विभाग को लिखे थे, लेकिन अब प्राइवेट कम्पनियों के सीएसआर फंड का इस्तेमाल अस्पताल की मोर्चरी के नवीनीकरण पर खर्च किया जा रहा है। ताकि मृतकों व उनके परिजनों के लिए सुविधाएं नसीब हो सके। बुधवार से मोर्चरी में सुविधाएं देने का कार्य शुरू हो चुका है। जिसमें एस्कोर्ट कुबोटा कम्पनी के 20 लाख रुपये के सीएसआर फंड का इस्तेमाल किया गया है। जिसे देखते हुए बीके सिविल अस्पताल की प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. सविता यादव ने प्रशासनिक अधिकारियों डॉ. राजेश धीमन, आरएमओ डॉ. रोहित गौड, डॉ. हेमंत और नर्सिंग ऑफिसर इंचार्ज के अलावा मोर्चरी के एचओडी डॉ. महेन्द्र के संग मोर्चरी के नवीनीकरण का जायजा लिया।


मोर्चरी में हो रहे नवीनीकरण का जायजा लेते पीएमओ डॉ. सविता यादव, एचओडी डॉ. महेन्द्र, आरएमओ डॉ. रोहित गौड, डॉ. राजेश धीमन, डॉ. हेमंत और नर्सिंग ऑफिसर इंचार्ज।

**छह नए फ्रीज:** डॉ. सविता यादव ने बताया कि मोर्चरी में फिलहाल 12 फ्रीज हैं। जिसमें से चार खराब हैं। जिन्हें निकालकर नए छह चैम्बर फ्रीजर लगा दिए जाऐंगे। जिससे आने वाले समय में मोर्चरी में फ्रीज की संख्या 14 हो जाएगी। वहीं चार खराब फ्रीज में से जो ठीक हो सकते हैं, उन्हें भी ठीक करवाने का प्रयास किया जाएगा। ताकि शवों को रखने में दिक्कत न आए। इसी के संग दो नई टेबल और नए उपकरण भी उपलब्ध होंगे।

**बड़ा शैड बनेगा :** डॉ. यादव ने बताया कि यहां वैटिंग शैड के स्पेस को बढ़ा कर दोगुणा करने का भी काम किया जाएगा। यहां तीन शेड तैयार किए जा रहे हैं। मोर्चरी में दरवाजे और खिड़कियों को बदला जाएगा। मोर्चरी के आगे एक नया शेड बनेगा। ताकि बरसात में एम्बुलेंस से शव उतारने के दौरान गिला न हो और आसानी से शवों को उतारा जा सके। चिकित्सकों के लिए एक और एंट्री गेट बनेगा। फिलहाल यहां एक ही मुख्यद्वार है। ताकि चिकित्सकों को कोई परेशानी न हो।

**सेफ्टी टैंक :** डॉ. सविता यादव ने बताया कि मोर्चरी में शवों के रक्त व अन्य उपकरणों को धोने के लिए इस्तेमाल होने वाले पानी के लिए अलग से एक 350 लीटर का सेफ्टी टैंक बनाया जाएगा। जिसमें गंदा पानी साफ होकर आगे जाए। मोर्चरी की टाइले भी जगह-जगह से खराब है, तो उन्हें भी बदलकर नया लगवाया जाएगा।

# मजदूरों के अधिकारों का हो रहा है हनन : नीरज शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


नीरज शर्मा

**विधानसभा** सत्र के दौरान तारंकित प्रश्न सख्या पर बोलते हुए विधायक नीरज शर्मा ने सदन में कहा कि सदन में आकंडे ही गलत दिए जा रहे है क्योकि ईएसआई के आंकड़े अनुसार हरियाणा में लगभग 26 लाख कर्मचारी है। सरकार ने जवाब दिया कि 21 लाख कर्मचारी है। विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि प्रस्तुत आकंडो अनुसार 40 प्रतिशत कर्मचारी ठेके पर है, जबकि धरातल पर ऐसा नही है।

विधायक नीरज शर्मा का कहना है कि प्राप्त जानकारी के अनुसार 1987 के बाद किसी भी उद्योग में कोई भी पद जो स्थाई प्रवृत्ति का हो प्रतिबंधित नहीं किया गया है, जबकि आधुनिक मशीनों के आने के बाद नए-नए काम और पद सृजित हुए हैं। इसीलिए राज्य में पक्के पदों पर भी ठेकेदार के मजदूर को रखा जा रहा है। कोई भी जॉब प्रतिबंधित हेतु तय करना किसी अदालत के अधिकार क्षेत्र के बाहर का है जैसा कि बहुत सारे जजमेंट इस पर ऊपरी अदालतों के हैं। कोई भी उद्योगपति अगर अपने यहां ठेके पर मजदूर रखना रखना चाहता है तो सबसे पहले इस कानून की धारा 10 के अनुसार उसे श्रम विभाग से अपना रजिस्ट्रेशन कराना होता है। बिना रजिस्ट्रेशन के कोई भी उद्योग अपने यहां ठेका का मजदूर नहीं रख सकता। रजिस्ट्रेशन के लिए उद्योगपति को ठेका मजदूरों की संख्या घोषित करनी होती है कि वह अपने यहां कितने ठेके पर मजदूर रखेगा और किन किन पदों पर रखेगा। इसके साथ ही जो ठेकेदार होगा उसको श्रम विभाग से लाइसेंस लेना होता है कि वह है इतनी संख्या में और इन इन पदों पर ठेका मजदूर रखेगा जो उद्योगों को आपूर्ति करेगा। अगर दोनों ऐसा नहीं करते हैं तो ढेका कानूनी छल है और एक छलावा है। ऐसा मजदूर के शोषण के लिए किया गया है फिर कानून दखल देकर उन तमाम मजदूरों को पक्का कर देता है।

# मंदिर में जोत रूपी मां ज्वाला जी को किया स्थापित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**प्रथम** नवरात्रि पर हिमाचल से लाई गई जोत रूपी मां ज्वालाजी की स्थापना श्री बांके बिहारी मंदिर नंबर 5 रेलवे रोड एनआईटी फरीदाबाद में श्री सनातन धर्म सभा के प्रधान महंत ललित गिरी गोस्वामी तथा महिला मंडल प्रधान मीनाक्षी गोस्वामी द्वारा की गई महंत ललित गिरी गोस्वामी जी ने आए हुए सभी श्रद्धालुओं को नवसंवत हिंदू नव वर्ष तथा प्रथम नवरात्रि बधाई दी।

उन्होंने कहा, माता रानी से अरदास करता हूं कि क्षेत्रवाद भाषावाद जातिवाद ऊंचनीच सब खत्म हो देश में भाईचारा हो। देश में कई राज्य में जैसे पंजाब अस्थिरता का माहौल है स्थिरता का माहौल बने सभी प्यार भाईचारे से रहे। जिससे देश शक्तिशाली बने और सभी के जीवन में उजाला हो खुशियां हो माता रानी सभी के जीवन से परिवार से अंधेरा दूर करें। पंडित विनोद शास्त्री, पंडित विनोद उपाध्याय ने मंत्रोच्चारण द्वारा पूजा-अर्चना करवाई। आरती के बाद सभी को प्रसाद वितरण किया गया। 9 दिनों के लिए श्री रामायण जी का अखंड पाठ रखा गया तथा प्रतिदिन शाम चार बजे महिला मंडल द्वारा कीर्तन किया जाएगा। इस आयोजन में श्री सनातन धर्म सभा के प्रधानमंत्री ललित गिरी गोस्वामी, महामंत्री राजेंद्र गुलाटी ,सरपरस्त अशोक अरोड़ा ,एन एल गोसाईं महिला मंडल प्रधान मीनाक्षी गोस्वामी, प्रीति गोसाईं, रेखा आहूजा तथा काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। विशेष रूप से आज सभा के सरपरस्त एन एल गोसाईं का आज जन्मदिवस भी था उन्हे सभी ने बधाई दी।


मां की अराधना करते मंदिर के प्रधान व अन्य भक्तगण

# 26 तक निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन करगे कर्मचारी: शास्त्री

**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के आह्वान पर नगर निगम मुख्यालय पर कर्मचारियों ने भोजन अवकाश के समय संघ के जिला प्रधान दलीप सिंह बोहत की अध्यक्षता में जनरल मीटिंग कर निगम प्रशासन द्वारा सरकार के पत्र के अनुसार मांगों को पूरा करने के लिए प्रदर्शन किया।

जिसमें सीवर मेन व सफाई कर्मचारियों को नियमित भर्ती के माध्यम से नियमित करने, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने या उनके वेतन में पक्के कर्मचारियों के बराबर बढ़ोतरी करने, एलटीसी देने तेल साबुन देने प्रथम द्वितीय व तृतीय एसीपी स्केल व पदोन्नति करने पहचान पत्र बनाने, नियमित अनियमित कर्मचारियों के रिकॉर्ड में उनकी आयु प्रमाण पत्रों व स्कूल प्रमाण पत्रों के आधार पर आयु तय करने की मांग की। मीटिंग का संचालन सफाई कर्मचारी यूनियन के सचिव कृष्ण चंडालिया ने किया।

# गायत्री मंत्र और हवन कर मनाया नव संवत वर्ष 2080


एक दूसरे को मिठाई खिलाते अधिवक्ता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अधिवक्ता** परिषद से जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ता देवेन्द्र खर्ब व महासचिव पुरुषोत्तम भारद्वाज अधिवक्ता के सानिध्य में फरीदाबाद के अधिवक्ताओं ने नया साल मिठाई खिलाकर बड़ी धूमधाम से मनाया एक दूसरे पर फूलों की वर्षा की गई।

कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता ऋषि पाल शर्मा व शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने सभी को शुभकामनाएं दीं देवेन्द्र खर्ब ने सबको मिष्ठान खिलाकर नए साल में प्रकृति में परिवर्तन, विद्यार्थियों के नये सत्र, नया बजट व नये बही खाते व अन्य नूतनता के विसयों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अन्य अधिवक्ता महिला सह प्रमुख प्रियंका, कांता शर्मा, करिश्मा ठाकुर, डोली शर्मा, अनिता डागर, महेश शर्मा, मदन मोहन मल्होत्रा, विनोद कुमार, युवा प्रमुख विक्रांत गौर, आरके कालिया, धीरज सैनी, गंगाराम बघेल, यटीन्द्र सिंह, जयप्रकाश पांचाल, देवेंद्र शर्मा, योगेंद्र नैन, सूरज पंडित, मोहरपाल डागर, एमके अग्रवाल, यशपाल शर्मा, अभिषेक, होतीलाल डागर, रमेश शर्मा, जगमोहन कोहली, राजीव नांगिया, अशोक मलिक, सुधीर कुमार, एस एस चौहान आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# रोहतक पुलिस के तीन वांछितों को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलो में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत एसीपी सुरेन्द्र श्योराण के मार्ग दर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने अवैध हथियार के मुकदमे में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सुनील, चांद और आकाश का नाम शामिल है। तीनों आरोपी मूल रुप से रोहतक की शिवाजी कॉलोनी का, आरोपी फरीदाबाद में किराए का कमरा लेकर रह रहे थे। क्राइम ब्रांच टीम ने तीनों आरोपियों को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना सेक्टर-8 अलग-अलग स्थान से काबू किया है। आरोपियों की तलाशी लेने पर 3 बटनदार चाकू बरामद किए गए है। आरोपियो के खिलाफ थाना सेक्टर-8 में अवैध हथियार रखने की धाराओं मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है।

# जल संरक्षण में आमजनों का सहयोग जरुरी : उपायुक्त

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**केंद्र** व हरियाणा सरकार पूरी गंभीरता के साथ कार्य करते हुए जल संरक्षण की दिशा में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरंतर प्रयास कर रही हैं। यह प्रयास तभी सार्थक होंगे जब ज्यादा से ज्यादा आमजन इसमें अपना योगदान देंगे। उपायुक्त विक्रम सिंह ने आज विश्व जल दिवस के अवसर पर विभिन्न अधिकारियों के साथ जल संरक्षण को लेकर आयोजित सेमिनार में चर्चा की।

उन्होंने कहाकि प्रकृति ने हमें बहुमूल्य चीजों से नवाजा है, जिसमें जल भी है। जल उपलब्धता में प्रकृति की ओर से कोई कमी नहीं है। जल संरक्षण में लगे सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग व अन्य हितधारकों को कहा कि जल संरक्षण आने वाले समय की आवश्यकता है तथा हर स्तर पर जल का समुचित उपयोग करने पर अभी से बल देना होगा। तभी हम भावी पीढ़ी के लिए जल बचा सकेंगे। हरियाणा सरकार स्थायी जल सुरक्षा के क्षेत्र में अपने लोगों की जरूरतों को पूरा करने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। इन कार्यक्रमों में मेरा पानी, मेरी विरासत पहल के तहत किसानों का एक बड़ा हिस्सा जल-गहन धान की खेती से कम पानी-गहन खेती की ओर स्थानांतरित हुआ है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि हम सभी को जल संरक्षण के साथ-साथ जल प्रबंधन पर भी विचार करना होगा। एनजीओ जल स्मृति से आये अधिकारी ने बताया कि अटल भूजल योजना के तहत 69 ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण का काम पूरा कर लिया गया है। जल को धारणीय बनाने के लिए उसका रीसाइकल और रीयूज ही समस्या का एकमात्र समाधान है। उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर 3 परसेंट पानी पीने लायक है उसमें से भी 69फीसद ग्लेशियर्स, 30 परसेंट ग्राउंड वाटर, और एक परसेंट सरफेस वाटर है।


सेमिनार में दीप प्रज्वलित करते डीसी व अन्य

# डीएवी में आर्य समाज का 148वां स्थापना दिवस मना

**आर्य समाज स्थापना दिवस एवं नव संवत्सर के आगमन पर हुआ यज्ञ का आयोजन**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

डीएवी शताब्दी महाविद्यालय फरीदाबाद की आर्य समाज इकाई द्वारा नव संवत्सर 2080 के आगमन तथा आर्य समाज के 148वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में यज्ञ एवं प्रवचनों का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर आर्य सिद्धान्तोपदेशक हरिओम शास्त्री यज्ञाचार्य की भूमिका में रहे। इस यज्ञ में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के साथ रोशनी संस्था के बच्चों ने भी भाग लिया। यज्ञ के उपरांत शास्त्रीजी ने नव संवत्सर के वैज्ञानिक महत्व से सभी को परिचित कराया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति को विस्मृत नही करना चाहिए। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही परमपिता परमात्मा ने सृष्टि का सृजन प्रथम बार किया था। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन अयोध्या में श्रीरामजी का विजयोत्सव मनाने के लिए अयोध्यावासियों ने घर-घर के द्वार पर धर्मध्वज फहराया। इसके प्रतीकस्वरूप भी इस दिन धर्मध्वज फहराया जाता है। महाराष्ट्र में इसे गुडी कहते हैं।

इस भारतीय नववर्ष पर नए पुष्प पल्लव आदि का जन्म होता है प्रकृति को शोभा दर्शनीय होती है। प्रकृति अपने नए रंग में सभी का स्वागत करती है। पाश्चात्य नववर्ष में ऐसी कोई विशेषता नही है। महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या डॉ सविता भगत ने सभी को अपनी शुभ कामनायें दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वैदिक धर्म के प्रचारार्थ व मानव मात्र के उपकार के लिए महर्षि दयानंद सरस्वती ने मुंबई में डा. मानिक चंद की वाटिका में चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा संवत 1932 में तदनुसार 10 अप्रैल 1875 को आर्य समाज की स्थापना की थी।आर्य समाज की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य समाज मे व्याप्त बुराइयों का खंडनकर नवजागरण की ओर देश को ले जाना था।आर्य समाज आज भी उनके संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। यह संस्था भारत ही नही अपितु विश्व के लगभग 34 देशों में अपने कार्य कर रही है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि वे अपने स्वजनों व नई पीढ़ी को वैदिक विचारों तथा संस्कारों से अवश्य परिचित कराएं।कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी को अंधविश्वास से दूर रहकर वैदिक मार्ग पर चलने तथा वैदिक विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी दिलाया गया।


हवन करते हुए प्रधानाचार्य और विद्यार्थीगण।

## संक्षिप्त समाचार

### सुधा रुस्तगी डेंटल कॉलेज में ब्लड डोनेशन कैंप लगा


डीसी का स्मृति चिह्न देकर स्वागत करते हुए कॉलेज के चेयरमैन धर्मवीर गुप्ता, ट्रस्टी दीपक गुप्ता

**फरीदाबाद।** सुधा रुस्तगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च एंड शांति देवी मेमोरियल हॉस्पिटल, फरीदाबाद ने बुधवार को वार्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह कैंप रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद आस्था और रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ईस्ट के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय मुख्य अतिथि विक्रम (आईएएस) उपायुक्त, फरीदाबाद और सम्मानित अतिथि डॉ. विनय गुप्ता, सिविल सर्जन, बी.के. अस्पताल, फरीदाबाद ने अध्यक्ष और रोटेरियन के साथ किया। चेयरमैन धर्मवीर गुप्ता व ट्रास्टी दीपक गुप्ता, प्राचार्य डॉ. सीएम मार्या, सीईओ डॉ. विशाल जुनेजा, चिकित्सा निदेशक डॉ. पीएस यादव। इस अवसर पर सीनियर मेडिकल और डेंटल स्टाफ भी उपस्थित थे। साथ ही विभिन्न रोटरी क्लब के सदस्य - रोटेरियन दीपक प्रसाद, उपाध्यक्ष (ब्लड बैंक), रोटेरियन एचएल भूटानी, रक्तदान (अध्यक्ष), रोटेरियन, कुलबीर सिंह, अध्यक्ष, रोटेरियन अजय गुप्ता, रोटेरियन तरुण गुप्ता, रोटेरियन सुषम कपूर, रोटेरियन एनडी नागपाल, रोटेरियन वेद अदलखा, रोटेरियन राजेश महाजन, रोटेरियन आरएस वर्मा, रोटेरियन टीआर अरोड़ा, रोटेरियन निर्मल मेहंदले, रोटेरियन विनायक गुलाटी, रोटेरियन दिनेश सरदाना, रोटेरियन संजय गुप्ता, रोटेरियन सीपी कोहली, रोटेरियन राज भाटिया और रोटेरियन नीरज भूटानी उपस्थित थे और उन्होंने दानदाताओं को प्रेरित किया। स्वयंसेवकों, शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों द्वारा कुल 100 यूनिट रक्तदान किया गया। रोटरी ब्लड सेंटर, फरीदाबाद ने दान किए गए रक्त को एकत्र किया। अध्यक्ष धर्मवीर गुप्ता और विक्रम (आईएएस) डीसी फरीदाबाद ने इस नेक काम का हिस्सा बनने के लिए सभी छात्रों/दाताओं को बधाई दी। भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### भारतीय नववर्ष पर किया यज्ञ और हवन का आयोजन


हवन यत्र करते मानव सेवा समिति के सदस्यगण

**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति ने भारतीय नववर्ष के शुभ आगमन व नवरात्रे के प्रथम दिन अपने कार्यालय मानव भवन सेक्टर 10 में यज्ञ हवन का आयोजन किया। सभी को चंदन टीका लगाकर, पुष्प वर्षा करके एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं प्रदान की। सतीश कौशिक व संघमित्रा कौशिक के नेतृत्व में किए गए यज्ञ हवन व धार्मिक अनुष्ठान में समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा चेयरमैन अरुण बजाज, महिला मंडल चेयरमैन उषा किरण शर्मा सहित राजराठी, कमला वर्मा, मुख्य प्रबंधक संजीव शर्मा, शालू शर्मा, कुसुम वशिष्ठ, कामायनी, बांकेलाल सितोनी,मदनलाल मोदी, पीके देव, गोविंद वर्मा, सदाशिव सेठी, शिव कुमार अग्रवाल,एचएस वर्मा, ज्ञानदेव वत्स सहित मानव परिवार के कई सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर कैलाश शर्मा व सतीश कौशिक ने भारतीय नववर्ष की महानता व उसके महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के साथ हिंदू नववर्ष की शुरुआत होती है इसके साथ चैत्र मास के नवरात्रे भी शुरू हो जाते हैं। सभी शुभ कार्यों की शुरुआत हो जाती है। सही मायने में यही हमारा नूतन नववर्ष है। वर्तमान युवा पीढ़ी एक जनवरी से मनाए जाने वाले नववर्ष को ही नववर्ष मानती है। हम सबको उनको हिन्दू नववर्ष की महानता व महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देनी चाहिए। हमारे सभी धार्मिक कार्य, त्यौहार विवाह आदि हिंदू पंचांग व नववर्ष के आधार पर ही होते हैं। नया शिक्षा सत्र व नये बही खातों की शुरुआत भी हिंदू नववर्ष से शुरू होती है। नया शिक्षा सत्र शुरू होता है, फसल पक कर तैयार होने लगती है। मौसम बहुत सुहाना होता है। अतः सभी को भारतीय नववर्ष को ही मनाना चाहिए और एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं देनी चाहिए।

### सुरेन्द्र शर्मा बबली को मिला युग पुरुष सम्मान


धार्मिक कार्यों के लिए गुर्जर समाज के सदस्य

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा बबली को उनके सामाजिक धार्मिक कार्यो के लिए गुर्जर समाज द्वारा उनके सैक्टर-12 फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर युग पुरुष सम्मान से सम्मानित किया। दीपक पीलवान ने कहा कि सुरेन्द्र शर्मा बबली ने समाज धर्म देश हित मे जो कार्य किए है, लगातार कई वर्षो से हमने उन्हें ये पुनीत कार्य करते हुए देखा है। इसी से प्रभावित होकर उन्हे युग पुरुष सम्मान से सम्मानित कर हम गर्व महसूस कर रहे है। वो सदैव ऐसे ही समाज सेवा करते रहे सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कहा मैं इस सम्मान के लिए गुर्जर समाज का आभार व्यक्त करता हूं और सदैव सामाजिक धार्मिक कार्यो मे अग्रसर रहूंगा। इससे पूर्व भी अनेको सम्मान से सम्मानित हो चुके है। इस अवसर पर दीपक पीलवान, विनोद चंदीला, जोगी पीलवान, आदेश नागर, अनुज नागर, योगराज भाटी, सिकंदर नागर, गौरव नागर, पं हरीश पाराशर एडवोकेट, कृष्ण पाराशर एडवोकेट, करण पाराशर इंजीनियर, साहिल, अनुराग, राजेश, रामजीलाल, रोहित, श्रवण, संजय, सूरज सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सांसें फाउंडेशन ने हर घर तुलसी अभियान की शुरुआत



**फरीदाबाद।** चैत्र नवरात्र और हिंदू नव वर्ष के पावन दिन पर सांसें मुहिम के द्वारा हर घर तुलसी अभियान की शुरुआत की गई। मुहिम की शुरुआत फरीदाबाद के वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट राजेश खटाना को पहला तुलसी का पौधा भेंट करके की गई। समाजसेवी एडवोकेट राजेश खटाना ने बताया कि हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार तुलसी के पौधे में धन की देवी मां लक्ष्मी का वास होता है और प्रतिदिन तुलसी की पूजा करने पर घर में समृद्धि आती है और आर्थिक परेशानियां कम हो जाता है। तुलसी के पौधे को बहुत ही पवित्र माना गया है, इसे घर के आंगन में भी लगाने का फल बताया गया है। सांसे मुहिम के संयोजक जसवंत पवार ने बताया कि औषधीय उपयोग की दृष्टि से तुलसी की पत्तियां ज्यादा गुणकारी मानी जाती हैं।

# हनुमान चालीसा पाठ से युवा पीढ़ी बनेगी संस्कारवान : बोधराज सीकरी

## हनुमान चालीसा के निरन्तर पाठ का प्रयास बन रही मुहिम

### बोधराज सीकरी ने बताया कि 325 लोगों के 7000 पाठ पर समापन हुआ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में हनुमान चालीस पाठ कार्यक्रम में भाग लेते बोधराज सीकरी व अन्य सदस्य।

**पंडित** उदयभान माता मंदिर भीमनगर में लगभग 100 साधकों ने 21-21 बार पाठ किया, श्रीराम मंदिर, प्रताप नगर में लगभग 150 साधकों ने 21-21 बार पाठ किया। इसके अलावा गोपीनाथ मंदिर, अर्जुन नगर में लगभग 75 श्रद्धालुओं ने भाग लेकर 21-21 बार संगीतमय तरीके से हनुमान चालीसा का पाठ किया।

बोधराज सीकरी ने बताया कि 325 लोगों के 7000 पाठ पर समापन हुआ। इसके साथ ही एक महीने में चार मंगलवार को कुल हनुमान चालीसा पाठ की संख्या 51 हजार पर पहुंच गई। इस आयोजन में श्री केंद्रीय सनातन धर्म सभा के प्रधान सुरेंद्र खुल्लर, रामलाल ग्रोवर, किशोरी डुडेजा, बाल कृष्ण खत्री, रमेश चूटानी, रवि मिनोचा आदि विशेष सहयोगी रहे।

इस प्रयास को आगे गति देने के लिए अगले मंगलवार 28 मार्च को सामूहिक पाठ आशीर्वाद गार्डन ज्योति पार्क (नजदीक गीता भवन) में करने का निर्णय लिया गया है। वहां पर 1008 साधकों द्वारा पाठ करने का प्रयास रहेगा। यह आयोजन शाम 6:30 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक होगा। तीनों मंदिरों में पाठ के उपरांत बोधराज सीकरी की हनुमान चालीसा पर टीका, उनका आध्यात्मिक उद्बोधन और युवा को संस्कारवान बनाने के लिए युक्तियां सबको मंत्रमुग्ध कर गई। भीम नगर पंडित उदयभान मंदिर में हरीश कुमार द्वारा संगीतमय तरीके से पाठ हुआ, जिसका संचालन प्रधान अशोक गेरा, श्याम ग्रोवर और टीम, श्रीराम मंदिर का संचालन चंद्रभान नागपाल व उनकी टीम तथा गोपीनाथ मंदिर का संचालन युवा योगेश ग्रोवर व चूड़ामणि गोसाईं ने किया। बोधराज सीकरी ने बताया कि पिछले चार सप्ताह से अभी तक गुरुग्राम के 15 मंदिर बोधराज सीकरी को संपर्क कर चुके हैं।

# गुरुग्राम, फरीदाबाद, झज्जर व सोनीपत में होगी मल्टी स्टेट मेगा मॉक ड्रिल

## 24 मार्च को 5 स्थानों पर होगी मल्टी स्टेट मेगा मॉक ड्रिल

### भूकंप की स्थिति में आपदा प्रबधंन की तैयारियों को परखेंगे

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम।




गुरुग्राम समेत चार जिलों में मॉक ड्रिल को लेकर बैठक लेते मंडलायुक्त आरसी बिढान।

भूकम्प के दौरान आपदा प्रबंधों की समीक्षा के उद्देश्य से 24 मार्च को उत्तर प्रदेश, दिल्ली व हरियाणा के चार जिलों में मल्टी स्टेट मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन होगा। हरियाणा में गुरुग्राम सहित फरीदाबाद, झज्जर व सोनीपत जिलों में यह मॉक ड्रिल आयोजित होगी। गुरुग्राम जिला में पांच स्थानों पर मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

गुरुग्राम के मण्डलायुक्त आरसी बिढान की अध्यक्षता में बुधवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में मॉक ड्रिल के लिए टेबल टॉप अभ्यास बैठक का आयोजन हुआ। वहीं वीडियों कॉन्फ्रेंस से मल्टी स्टेट मेगा मॉक ड्रिल में शामिल क्षेत्रों के प्रतिनिधि भी बैठक में शामिल हुए।

मण्डल आयुक्त आरसी बिढान ने कहा कि किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा से बेहतर तरीके से निपटने के लिए मॉक ड्रिल बेहद जरूरी है, जिससे हम अपनी तैयारियों का आंकलन तथा समीक्षा कर सकते हैं। विभिन्न प्रकार की आपदाओं के समय किये जाने वाले बचाव के उपायों आदि की पड़ताल का यह अच्छा अवसर होता है।

इसमें विभिन्न विभाग मिलकर कार्य करते हैं। उन्होंने टेबल टॉप अभ्यास बैठक में शामिल एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और अन्य विभागों के जिला अधिकारियों को मॉक ड्रिल को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों ने आपदा के समय नुकसान का आकलन कैसे किया जाए, इस पर विचार-विमर्श किया, ताकि आपदा प्रतिक्रिया और राहत अभियान के लिए संसाधनों का आवंटन किया जा सके।

**गुरुग्राम में यहां-यहां होगी मॉकड्रिल**

**एडीसी** विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि मॉक ड्रिल के लिए गुरुग्राम में 5 स्थानों को चिन्हित किया गया है। जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-4 व 7, नागरिक अस्पताल सेक्टर-10, लघु सचिवालय, हीरो मोटोकॉर्प व आरडी सिटी का चयन किया गया है। इन सभी स्थानों पर एक-एक इंसिडेंट कमाण्डर की नियुक्ति की गई है।



कांग्रेस में शामिल हुए सुनील प्रकाश वर्मा का स्वागत करते सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा।

# भाजपा को झटका दे सुनील प्रकाश वर्मा ने थामा कांग्रेस का हाथ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने किया सुनील प्रकाश वर्मा का स्वागत

**भाजपा** को झटका देते हुए अर्जुन मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष और वर्तमान में भाजपा किसान मोर्चा के जिला कार्यकारिणी सदस्य सुनील प्रकाश वर्मा ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुधीर चौधरी की अगुवाई में सुनील प्रकाश वर्मा को राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कांग्रेस का पटका पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया।

इस मौके पर दीपेंद्र हुड्डा ने कांग्रेस का कुनबा बढ़ाने के लिए जहां सुधीर चौधरी की पीठ थपथपाई, वहीं कांग्रेस परिवार में शामिल हुए सुनील प्रकाश वर्मा को पार्टी में पूरा मान सम्मान मिलने का भरोसा भी दिलाया। उन्होंने कहा कि सुधीर चौधरी जैसे पार्टी के सच्चे एवं कर्मठ सिपाहियों की बदौलत आज प्रदेश में कांग्रेस के जनाधार में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। सुधीर चौधरी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान और सांसद दीपेंद्र हुड्डा के मार्गदर्शन में उन्होंने हमेशा कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम किया है। कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर आज लोग पार्टी में शामिल हो रहे है। ये सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

# अपैरल हाउस में 25 को गीता महा यज्ञ, साथ में मिलेगा गीता का ज्ञान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।

### कार्यक्रम के दौरान 108 हवन कुंडों में 108 परिवार देंगे आहुतियां

### गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद होंगे मुख्य वक्ता, साथ में रहेंगे श्रीजी लोकेशव

विदेशों तक गीता को लोकप्रिय बनाने वाले गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से यहां अपैरल हाउस में 108 कुंडीय गीता महा यज्ञ आयोजित किया जा रहा है। आगामी 25 मार्च 2023 को होने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान में जहां 108 परिवार गीता महा यज्ञ में आहुति डालकर सर्व जन हिताय सर्व जन सुखाय की कामना करेंगे, वहीं स्वयं स्वामी ज्ञानानंद गीता का ज्ञान बांटेंगे।

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल एवं रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल इसमें विशिष्ट अतिथि होंगे। कैनविन फाउंडेशन की ओर से इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग दिया गया है। श्री कृष्ण गुरुकुल के संस्थापक एवं छह साल से गीता जयंती के लिए जीयो गीता की तरफ से समन्वय समिति के मुख्य सदस्य श्रीजी लोकेशव की इस आध्यात्मिक कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य भूमिका रहेगी।

श्रीकृष्ण गुरूकुल की ओर से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान के बारे में श्री कृष्ण गुरुकुल की सह-संस्थापिका साक्षी व रीमा नारंग ने बताया कि 25 मार्च शनिवार की सुबह 8 बजे से गीता यज्ञ होगा। अर्जुन स्तुति के नाम से दो सेमीनार होंगे। अर्जुन स्तुति का समय 10 से 2 बजे तक रहेगा। इसके बाद भोजन प्रसाद होगा।

# फरूखनगर नगर पालिका क्षेत्र में 27 से शुरू होगा मतदाता सूची का पुनरीक्षण काय


**गुरुग्राम।** राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा की ओर से 20 मार्च को जारी अधिसूचना के तहत 27 मार्च से फरूखनगर नगर पालिका क्षेत्र की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य शुरू किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी अधिसूचना की जानकारी देते हुए बताया कि 5 जनवरी 2023 को प्रकाशित विधानसभा वार मतदाता सूची में सम्मिलित किए गए नए मतदाताओं को समाहित करते हुए नई मतदाता सूची का वार्डवार 27 मार्च से 13 अप्रैल तक ड्राफ्ट तैयार किया जाना है। इसका प्रकाशन 17 अप्रैल 2023 को होगा। प्रकाशन के बाद मतदाता सूची की प्रति उपायुक्त कार्यालय, नगर पालिका सचिव कार्यालय गुरुग्राम जिला प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

# बिजली निगम की ब्याज माफी योजना में रुचि नहीं दिखा रहे उपभोक्ता

### एसडीओ कार्यालय के अनुसार 10 हजार डिफाल्टर उपभोक्ताओं पर बकाया है लाखों रुपये बिल

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



**उपभोक्ताओं** को विशेष रूप से कॉल करके अपना बकाया बिल को जमा करने की सूचना हर दिन दी जा रही है। उपभोक्ताओं को उसके द्वारा जमा की जाने वाली राशि भी बताई जा रही है। ताकि उपभोक्ता योजना का पूरा लाभ उठा सके।

**लियाकत अली**
**(एसडीओ बिजली निगम)**

**बिजली** निगम द्वारा लागू की गई ब्याज माफी योजना का उपभोक्ता लाभ उठाने में रुचि नहीं ले रहे हैं। यह ब्याज माफी योजना 31 मार्च तक जारी रहेगी। जानकार उपभोक्ताओं के योजना में भाग ने लेने की वजह बिजली विभाग की बिलों की वसूली में कर्मचारी की रूचि नहीं होना बता रहे हैं। बिजली निगम ने अपने ऐसे उपभोक्ताओं को अवसर प्रदान किया है। जिन पर बिल की मूलधनराशि कम और उसके ऊपर लगा ब्याज अधिक है। जिसके कारण उपभोक्ता अधिक राशि होने से जमा करने में असमर्थता दिखाते हैं। ऐसे उपभोक्ताओं को आर्थिक बोझ से राहत देने के उद्देश्य से बिजली निगम ने अपने उपभोक्ताओं को ब्याज माफी की योजना को 15 मार्च से शुरू कर दिया है। यह योजना 31 मार्च तक ही रहेगी। बिजली निगम के स्थानीय एसडीओ कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऐसे डिफाल्टर उपभोक्ताओं की संख्या 10 हजार के लगभग है। जिन पर लाखों रुपये का बिल ब्याज समेत बकाया है।

**15 उपभोक्ताओं ने योजना में किया आवेदन**

बिजली निगम के खंड कार्यालय में योजना का लाभ बीते 5 दिन में मात्र 15 उपभोक्ताओं ने ही उठाया है। जिनसे एक लाख के करीब बकाया बिल और ब्याज वसूल हुआ है। जबकि 150 के लगभग उपभोक्ता अपने बकाया बिल को ब्याज कम कराके ले गए है। बिल को जमा करने में कम रुचि ले रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अनाज मंडी में सरसों के 36 कट्टे हुए चोरी, व्यापारियों में हड़कंप

**सोहना।** अनाज मंडी में आढ़ती की 18 क्विंटल सरसों चोरी हो गई। आढ़ती ने अज्ञात के खिलाफ शहर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। सोमवार-मंगलवार की देर रात में अनाज मंडी के खुले फड़ पर रखे सरसों से भरे कट्टों में से 36 चोरी हो गए। जिससे आढ़ती को 18 क्विंटल सरसों का नुकसान हो गया। आढती जैन ट्रेडर्स के मालिक दीपक जैन ने बताया कि मंगलवार की सुबह देखा की सरसों के कट्टों पर रखा त्रिपाल हटा हुआ था। जांच करने पर 36 कट्टे गायब मिले। उन्होंने बताया कि मार्केट कमेटी की तरफ से रात्रि के समय कोई चौकीदार नहीं है। आढ़ती स्वयं ही अपने सामान की सुरक्षा अपने खर्चे पर करानी पड़ रही है। अनाज मंडी में पूरी रात सब्जी से भरे वाहन चलते रहते हैं। बरिश के कारण अनाज मंडी में मंगलवार को सरसो की आवक घट गई है। मंगलवार को मात्र 81 क्विंटल सरसों की आवक हुई।

### हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली गई शोभायात्रा



**गुरुग्राम।** सनातन योग स्थली एवं समग्र हिन्दू सेवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2080 के उपलक्ष में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का नेतृत्व प्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सक, सनातन योगास्थली के मार्गदर्शक एवं समग्र हिंदू सेवा संघ के प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. परमेश्वर अरोड़ा द्वारा किया गया। शोभायात्रा में सैंकड़ों की संख्या में योग साधक एवं शहर के अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए और सभी ने पूरे उत्साह के साथ एक दूसरे को हिंदू नव वर्ष की बधाई दी। शोभा यात्रा न्यू कॉलोनी के जितेंद्र बहल पार्क से शुरू होकर न्यू कॉलोनी गीता भवन और मदन पुरी एवं अर्जुन नगर होते हुए वापस जितेंद्र बहल पार्क लौटी। शोभा यात्रा से पहले एक भव्य यज्ञ का आयोजन भी किया गया जिसमें सभी योग साधकों ने हिंदू संस्कृति को पुन: श्रेष्ठ पर पहुंचाने के लिए शपथ ली। शोभा यात्रा के दौरान फिर होगा हिंदू संस्कृति का मान-अब जाग उठा है हिंदुस्तान, जैसे गगनभेदी नारे लगाए गए।

### सरकार घुमंतू जाति को मुख्यधारा में ला रही : उषा प्रियदर्शी



गुरुग्राम में घुमंतू जाति के लोगों के बीच सरकार की योजनाएं बताने पहुंची उषा प्रियदर्शी।

**गुरुग्राम।** भाजपा ओबीसी विभाग की प्रदेश उपाध्यक्ष उषा प्रियदर्शी शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार विमुक्त एवं घुमंतु जाति के लोगों का विकास कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि इस कमेरे वर्ग के जीवन स्तर में सुधार लाया जा सके। यह बा उन्होंने बुधवार को गुरुग्राम नगर निगम के मैदावास गांव में घुमंतु वर्ग के लोगों के बीच उनका स्वागत करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने ना सिर्फ घुमंतू जाति के लोगों के अनुभवों को जाना, बल्कि इनके जीवन से जुड़ी चुनौतियों को भी बारीकी से समझा। इस अवसर पर भाजपा नेत्री ने यहां लोगों को हो रही समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन भी दिया। उषा प्रियदर्शी ने कहा कि प्रदेश में विमुक्त एवं घुमंतू जाति से संबंधित बच्चों के कल्याण के लिए आठ जिलों में होस्टल खोले गए हैं। ताकि वहां रहकर ये बच्चे शिक्षा ग्रहण कर अपना भविष्य बना सकें। वहीं प्रदेश सरकार द्वारा विमुक्त एवं घुमंतू जाति विकास बोर्ड का गठन किया गया है। हरियाणा में 26 जातियां घुमंतू जाति की श्रेणी में आती हैं और विमुक्त घुमंतू जाति विकास बोर्ड का उद्देश्य इन सभी जातियों का कल्याण करना और इन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।


### सीएम उड़नदस्ता ने अनाधिकृत क्लीनिकों को कराया बंद

**सोहना।** शहर के वार्ड-5 की शिव कॉलोनी में बिना डॉक्टर के चल रहे दो निजी अस्पतालों में छापा मारते हुए फर्जी डाक्टरों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। निजी अस्पताल संचालकों में डॉक्टर की हैसियत से आने वाले रोगियों का उपचार करने के नाम पर स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे थे। निजी अस्पतालों में छापे के दौरान भारी मात्रा में दवाइयां भी बरामद की गई हैं। मंगलवार को शहर के वार्ड-5 की शिव कॉलोनी में एमपी क्लीनिक के नाम से चल रही दुकान को मुकेश निवासी गांव गोंडा जिला रेवाड़ी चला रहा था। जिस पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने हरियाणा पुलिस के सहयोग से एएसआई तेजवीर के साथ मिलकर छापा मारा था। छापे के दौरान मुकेश कुमार रोगी को उपचार देता हुआ पकड़ा गया। छापे के दौरान एमपी क्लीनिक पर टीम ने पृश्रावण यंत्र, एसीलोक, शुगर मापक यंत्र, थर्मामीटर यंत्र, समेत भारी मात्रा में दवाइयां बरामद की हैं। एमपी क्लीनिक से चंद दूरी पर एक और लीलावती अस्पताल चल रहा है। जिसे अजीत सिंह नामक व्यक्ति बिना डिग्री प्राप्त डॉक्टर यानीकि अनाधिकृत की हैसियत से आने वाले रोगियों का उपचार सुविधा दे रहा है।

# बजाज हाउसिंग फाइनेंस व्हाट्सएप होम लोन ऑफर

### 31 मार्च 2023 तक मुफ्त डिजिटल सेंक्शन लेटर के लिए आवेदन करें और पाएं 8.60त* प्रति वर्ष की कम ब्याज दर

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ




**बजाज** हाउसिंग फाइनेंस ने अपने व्हाट्सएप होम लोन आवेदन पत्र के लिए सीमित अवधि की पेशकश शुरू की है। अब संभावित कर्ज लेने वाले व्हाट्सएप के माध्यम से ऋणदाता के साथ होम लोन के लिए आवेदन करते समय एक डिजिटल इन-प्रिंसिपल सेंक्शन लेटर मुफ़्त में डाउनलोड कर सकते हैं।

आवेदक या तो क्यूआर कोड को स्कैन कर सकते हैं या 750-750-7315 नंबर को सेव कर सकते हैं और अपनी आवेदन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए हाई कह सकते हैं।

**ऑफर की शर्तें :** वेतनभोगी और पेशेवर आवेदकों के लिए होम लोन की ब्याज दरें 8.60 फीसद प्रति वर्ष से शुरू होती हैं। जो कि ऋणदाता की वर्तमान दर से 10 बीपीएस कम है।

डिजिटल इन-प्रिंसिपल सेंक्शन लेटर मुफ्त में डाउनलोड करें। ऑफर 21 मार्च 2023 से 31 मार्च 2023 तक वैध है। ऑफर केवल व्हाट्सएप एप्लिकेशन के लिए मान्य है। ऋ णदाता का व्हाट्सएप होम लोन आवेदन सरल और स्पष्ट है। इच्छुक वेतनभोगी और पेशेवर आवेदक न्यूनतम विवरण, जैसे नाम, मोबाइल नंबर और पैन साझा करके आवेदन कर सकते हैं और अपने होम लोन ऑफर की तुरंत जांच कर सकते हैं।

**नियम और शर्तें लागू :** बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के बारे में

बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, बजाज फाइनेंस लिमिटेड की 100 फीसदी सब्सिडरी है। जो भारतीय बाजार में मौजूद सबसे डायवर्सिफाइड एनबीएफसी में से एक है, जो देश भर में 66 मिलियन से ज़्यादा ग्राहकों को अपनी सेवाएं दे रही है। पुणे में स्थित, बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा होम्स, या कमर्शियल स्पेसेज की खरीद और रिनोवेशन के लिए व्यक्तियों के साथ-साथ कॉर्पोरेट संस्थाओं को लोन्स दिया जाता है। बिज़नेस या व्यक्तिगत जरूरतों के लिए संपत्ति रहन रखकर लोन देने के साथ-साथ बिजनेस बढ़ाने जैसे उद्देश्यों के लिए वर्किंग केपिटल भी दिया जाता है। कंपनी द्वारा रेजिडेंशियल और कमर्शियल प्रॉपर्टीज का कंस्ट्रक्शन करने वाले डेवलपर्स को फायनेंस उपलब्ध करवाने के साथ-साथ डेवलपर्स और हाई-नेट-वर्थ वाले व्यक्तियों को लीज रेंटल छूट भी दी जाती है। बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को क्रिसिल के साथ-साथ इंडिया रेटिंग्स से सबसे ज़्यादा क्रेडिट रेटिंग मिली हुई है। कंपनी को उसके लॉन्ग-टर्म डेब्ट प्रोग्राम के लिए /स्टेबल और क्रिसिल और इंडिया रेटिंग्स से उसके शॉर्ट-टर्म डेब्ट प्रोग्राम के लिए 1+ रेटिंग दिया गया है। ज़्यादा जानकारी के लिए विजिट www.bajajhousingfinance.in करें।

# विश्व टीबी दिवस पर एमडीआर वार्ड का होगा कड़ा विरोध

### आशंका है कि वार्ड के खुलने से टीबी से ग्रस्त मरीजों की क्षेत्र में बढ़ेगी संख्या कई गुणा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नागरिक** अस्पताल में एमडीआर वार्ड (टीवी वार्ड) विरोध प्रदर्शन में शहर के कई सामाजिक संस्था और संगठन भी शामिल होंगे। दुकानदार और व्यापारी भी इस प्रदर्शन में बढ़चढ़कर भाग लेने का ऐलान कर रहे हैं। व्यापार मंडल से जुड़ी कई यूनियन भी इस विरोध प्रदर्शन का हिस्सा बनने को लेकर अपनी बैठकें कर रही हैं।

शुक्रवार को विश्व टीबी दिवस के अवसर पर स्थानीय नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एमडीआर वार्ड की शुरुआत की जाएगी। जिसके उद्घाटन में स्वास्थ्य विभाग की उच्चाधिकारी के पहुंचने की संभावना है। वहीं इस एमडीआर वार्ड के विरोध करने के लिए एकजुट हो रहे स्थानीय नागरिकों ने अपनी ताकत को मजबूत करने की कवायद शुरू कर दी है। शहर के व्यापारी वर्ग से जुड़े दुकानदार और व्यापारी यूनियनों की बैठकें शुरू हो गई हैं। आम नागरिकों में यह विषय चर्चा बनी हुई है। गांव देहात में भी सूचनाएं देकर 24 मार्च को होने वाले एमडीआर विरोध प्रदर्शन में भारी संख्या में लोगों को आने का न्योता दिया जा रहा है। ताकि इस विरोध प्रदर्शन से एमडीआर वार्ड की शुरूआत ही न हो सके। बॉबी जैन ने बताया कि कई व्यापारी यूनियन इस विरोध प्रदर्शन में अपने कारोबार को बंद करके भाग लेंगे। रवि संदूजा का कहना है कि एमडीआर वार्ड का लाभ चंद लोगों को होगा, लेकिन इसके खुलने से इस बीमारी से ग्रस्त होने वालों की संख्या कई गुणा बढ़ जाएगी। स्थानीय नागरिक अपने ही घरों में कैद होने के लिए मजबूर हे जाएंगे।

**संगठनों से मिला समर्थन**

विरोध प्रदर्शन को पूरी ताकत से उतारा जाएगा। ताकि प्रशासन से कड़ा मुकाबला किया जा सके। विरोध प्रदर्शन की ताकत को देख उद्घाटनकर्ता स्वयं बंद करने के

# पर्यावरण के अनुकूल गाड़ियों पर विशेष ध्यान दें निर्माता

## नवीन गोयल ने लांच किया हुंडई कार का नया मॉडल

### सुपरऑन शोरूम में की दा ऑल न्यू हुंडई वरना गाड़ी की लॉचिंग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




गुरुग्राम में सुपरऑन शोरूम पर गाड़ी लांच करते नवीन गोयल।

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कार निर्माता कंपनियों से आग्रह किया है कि वे पर्यावरण के अनुकूल कारों का अधिक अधिक निर्माण करें, ताकि गुरुग्राम जैसे महानगर का पर्यावरण बेहतर रखा जा सके। यह बात उन्होंने यहां हीरो होंडा चौक के पास सुपरऑन शोरूम में दा ऑल न्यू हुंडई वरना गाड़ी की लांचिंग के अवसर पर कही।

सुपरऑन के सेल्स हेड संजय छाबड़ा, सिंगर योगेश दौलतपुरिया, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, बिजनेस हेड गगन, कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजर सोनम जैन की मौजूदगी में नवीन गोयल ने रिब्बन व केक काटकर चमचमाती दा ऑल न्यू हुंडई वरना गाड़ी से पर्दा हटाया। तालियों के साथ इस भव्य कार्यक्रम में नई गाड़ी का स्वागत किया गया। नवीन गोयल ने सभी स्टाफ को नई गाड़ी की लांचिंग की बधाई देते हुए कहा कि किसी भी प्रतिष्ठान पर ग्राहक की संतुष्टि ही प्राथमिकता होनी चाहिए। हमारे कैंपस में आने वाला हर व्यक्ति खरीदार नहीं होता। लेकिन हमें हर व्यक्ति की जिज्ञासाओं को शांत करना होता है। उन्होंने कहा कि मार्केट की मांग के अनुसार एजेंसी संचालक भी कंपनियों को अपनी ओर से ई-वाहनों का सुझाव दे सकते हैं।

कस्टमर फीड बैक के आधार पर कंपनियों भी सुझाव दिया जा सकता है कि समय के अनुकूल चलते हुए अब हमें ई-वाहनों की ओर भी बढ़ना होगा। प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों से अभी से दूर बनानी शुरू करेंगे तो आने वाले कुछ वर्षों में हम इसमें सफलता हासिल कर पाएंगे।

# नवरात्रि के प्रथम दिन शुरू हुई मां भगवती की पूजा

## मां दुर्गा के साथ भैरू बाबा एवं हनुमानजी की मूर्ति स्थापित की गई

### भक्तों ने मंदिर में ज्योति, लौंग, इलायची, पान, फूल मां दुर्गा को अर्पित किए

चिराग गोयल। फिरोजपुर झिरका

**हर वर्ष** की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष में सिविल लाइंस रोड नवग्रह शनि मंदिर के प्रांगण में मां दुर्गा का छोटा सा मंदिर तैयार किया गया। जिसमें मां दुर्गा के साथ भैरू बाबा एवं हनुमानजी की मूर्ति स्थापित की गई। शनि मंदिर के पुजारी रामअवतार शर्मा ने माता रानी का भव्य श्रृंगार किया।


मां दुर्गा का आलौकिक एवं आकर्षक श्रृंगार।

रंग बिरंगी चूड़ियों एवं नथ, टीका, कर्णफूल, कुमकुम, रंग बिरंगे खुशबूदार फूल एवं अस्त्र-शस्त्र से सजे अष्ट भुजाओं वाली देवी का श्रंगार देखकर लोग मोहित हो गए। इसी क्रम में धर्म प्रेमियों ने विधिवत रूप से मां भगवती की पूजा अर्चना की और माता रानी के मंदिर में ज्योति बत्ती, लौंग, इलायची, पान, फूल मां दुर्गा को अर्पित किए।

इसके उपरांत भक्तों ने मां दुर्गा एवं काली माई की आरती उतारी और मां भगवती से मनोवांछित फल की कामना की। इस अवसर पर नवग्रह शनि मंदिर के पुजारी रामअवतार शर्मा ने बताया कि मां दुर्गा के नौ रूपों को देवताओं ने अपने-अपने शस्त्र देकर महिषासुर को वध करने का निवेदन किया। शस्त्र धारण करके माता शक्ति संपन्न हो गई। कहते हैं कि नौ रूपों को प्रकट करने का क्रम चैत्र माह की शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होकर नवमी तक चला। इसीलिए इन 9 दिनों को चैत्र नवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर 9 दिनों तक मां दुर्गा के नवरात्रि के व्रत रखे जाने पर मां दुर्गा अत्यंत प्रसन्न होती है और अपने भक्तों की मनोवांछित इच्छा पूरी करती है।

## आईटीआई मरोडा में मेगा लीगल सर्विस कैंप 28 को

**मेवात।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नूंह द्वारा मेगा लीगल सर्विस कैम्प आईटीआई मरोड़ा में आयोजन किया जाएगा। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रतीक जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कैम्प विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी विभाग हिस्सा लेंगे।

मेगा कैंप में भाग लेने वाले विभागों में जिला समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुर्वेदिक विभाग, डीआईओ आफिस, पशुपालन, बाल कल्याण कार्यालय, बाल संरक्षण, वन स्टॉप सेन्टर, सचिव रेडक्रॉस, सहगल फाउंडेशन एनजीओ आदि भाग लेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### शहीदी दिवस पर पहलवान चौक घासेडा में होगा आयुष हैल्थ कैम्प

**मेवात।** आयुष विभाग के महानिदेशक डा. साकेत कुमार के निर्देशानुसार जिला आयुष अधिकारी डा. मोहम्मद कमर के मार्गदर्शन में आयुष विभाग, द्वारा शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में पहलवान चौक घासेडा में 23 मार्च को प्रात: 09.30 बजे से नि:शुल्क आयुष हैल्थ कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी, नूंह ने बताया कि इस कैम्प में सभी प्रकार की जटिल बीमारियां जैसे एलर्जी, मधुमेह, जोड़ों के रोग, पेट से सम्बंधित बिमारियां, खून की कमी व स्त्री रोगों का उपचार आयुर्वेदिक यूनानी, होम्योपैथिक, पंचकर्म व योगा एवं नैच्युरोपैथी पद्धति द्वारा किया जाएगा। नि:शुल्क औषधि वितरण किया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी ने जिला के लोगों से आह्वान करते हुए कहा है कि इस कैम्प में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य का लाभ उठाएं।

### पीड़िता के पिता पर दबाव बनाने पर पड़ा दिल का दौरा, मौत



**फिरोजपुर झिरका।** थाना अंतर्गत क्षेत्र के एक गांव में दबंगों द्वारा पीड़ित पक्ष पर फैसले का दबाव बनाए जाने पर पीड़िता के पिता की दिल का दौरा पड़ने के कारण मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की पत्नि ने थाना फिरोजपुर झिरका में दी अपनी शिकायत में बताया कि आठ महीने पूर्व उसकी 10 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ शकील पुत्र रूजदार निवासी अगोंन ने घर बुलाकर जबरन दुष्कर्म किया, लेकिन वो लोग दबंग किस्म के होने के चलते पुलिस के गिरफ्त से बाहर रहे। वे बार-बार पीड़ित पक्ष पर फैसला करने को दबाव बनाते रहे। पीड़िता की मां ने अपनी शिकायत में आगे बताया कि वो पास्को एक्ट के मुकदमे को निपटाने के लिए 21 मार्च 2023 को मेरे पति 45 वर्षीय मुबारिक पुत्र उमर मोहम्मद निवासी अगोंन पर बार-बार उसे घर बुलाकर काफी बेइज्जत किया। जबरदस्ती फैसले के लिए दबाव बनाने लगे। जब मेरे पति ने आपसी फैसले के लिए साफ इनकार किया तो आरोपियों ने उसे जान से मारने एवं गांव से भगा देने की धमकी दी। इस धमकी को पीड़िता का पति सहन नहीं कर पाया और जमीन पर बेहोश होकर गिर पड़ा। जैसे ही इस बात का मुझे पता चला तो आनन-फानन में अपने पति को मांडी खेड़ा के सामान्य अस्पताल में उसके उपचार के लिए लेकर गई तो जहां डॉक्टरों ने उसे दिल का दौरा पड़ने के कारण उसे मृत घोषित कर दिया।

### वन स्टॉप सेंटर पर मनाया पोषण पखवाड़ा शपथ समारोह


वन स्टॉप सेंटर पर पोषण पखवाड़ा की शपथ दिलाते सीजेएम प्रतीक जैन।

**मेवात।** महिला एव बाल विकास विभाग की ओर से आज वन स्टॉप सेंटर नूंह में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सीजेएम प्रतीक जैन की अध्यक्षता में पांचवा पखवाड़ा मनाया गया। सुपरवाइजर अनीता यादव ने आज पोषण पखवाड़ा पर शपथ दिलाई और कहा की यह पखवाड़ा आगामी 3 अप्रैल 2023 तक मनाया जा रहा है। सीजेएम प्रतीक जैन ने कहा कि पोषण पखवाड़ा तीन बिंदु पर आधारित होगा। जिसमें उत्तम स्वास्थ्य के लिए मोटा अनाज सक्षम सामान्य आंगनवाड़ी केंद्र के तथा स्वास्थ्य बालक स्पर्धा शामिल है। इन बिंदुओं पर आम जनता को जागरूक किया जाएगा। सीजेएम ने बताया इस कड़ी में जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों के वजन बच्चों के वजन लंबाई को मापा गया। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों, स्वास्थ्य एवं साफ-सफाई और पौष्टिक आहार के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

# मेवातियों को सुरक्षा का अहसास दिलाएंगे 40 बाइक राइडर्स

## वरुण सिंगला ने कहा, अपराध नियंत्रण को पुलिस को मिली नई 40 मोटर साईकिलें

### एसपी सिंगला ने राइडरों को हरी झंडी दिखाकर किया फील्ड के लिए रवाना

पायनियर समाचार सेवा। मेवात।

**पुलिस** महानिर्देशक, मुख्यालय पंचकुला के निर्देशों से हरियाणा के हर जिले में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर नई मोटर साईकिलों को राइडर के रूप में वितरण किया है। जिसमें जिला नूंह पुलिस को भी 40 नई मोटर साईकिल मिली हैं। जिनको आज एसपी वरुण सिंगला नूह ने पुलिस लाइन नूंह से इन 40 राइडरों को हरी झण्डी देकर रवाना किया। इसके बाद सभी राइडर्स जिला के अपने-अपने थाना क्षेत्र में रवाना हुए। जिले में अपराध को रोकने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से नई शुरुआत की गई है।

पुलिस कप्तान वरुण सिंगला ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि इतनी संख्या में बाइक राइडर मिलने से जिले में पुलिस कर्मचारी प्रभावी ढंग से पेट्रोलिंग और गश्त कर पाएंगे। ऐसे में जिला नूह पुलिस को मिले यह राइडर काफी लाभदायक साबित होंगे। एसपी ने कहा कि जिला नूंह के कई गांव व शहरो में काफी गलियां ऐसी हैं जहां पर पुलिस की बड़ी गाड़ियां नहीं जा सकती, ऐसे में इन दोपहिया वाहनों से वहां आसानी से पहुंचा जा सकेगा। बाइक राइडर हर तंग गलियों में भी पहुंच कर अपराध को रोकने का काम करेंगे। यह बाइक राइडर्स संवेदनशील एरिया बैंक स्कूल-कॉलेज बाजारों आदि जगहों पर गश्त कर अपराध को रोकने के अलावा ट्रैफिक को नियंत्रण करने का भी कार्य करेंगी। उन्होंने बताया कि बाइक राइडर सभी सुविधाओं से लैस है। यह बाइक राइडर सुबह, शाम और रात को अलग-अलग शिफ्टों में गश्त पर रहेंगे। इन्हें जिले के अलग-अलग थानों में तैनात किया जाएगा। इसके लिए पुलिस ने समय सारणी भी तैयार की है। इन बाइक राइडरों को मिलने से जिले में पुलिस की उपस्थिति भी बढ़ेगी। यह राइडर किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचेगी।

पुलिस अधीक्षक नूह ने इन राइडरों पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि इन बाइकों का अलग-अलग राइडर प्लान होगा। जिससे इनका समय ऑनलाइन निर्धारित होगा। जिससे पुलिस की मौजूदगी दर्शाई देगी और साथ में अपराध पर अंकुश लगेगा। इन बाइक राइडरों पर तैनात सभी पुलिस कर्मचारी अपनी ड्यूटी सत्य निष्ठा से करेंगे। जिससे जिला में पुलिस की छवि में सुधार होगा और डियूटी के दौरान ट्रैफिक के सभी नियमों को पालन करेंगे।



## श्रीकांत मामले में राजस्थान पुलिस ने दोबारा मांगा समय : एसपी

**श्रीकांत** मामले में राजस्थान पुलिस के खिलाफ किया गया मुकदमा दर्ज को लेकर एसपी ने कहा कि इस मामले में जांच चल रही है। राजस्थान पुलिस से जांच पड़ताल की जा रही है। हमारी टीम ने वहां पर जाकर जांच कर रही है, कुछ अधिकारी कर्मचारियों को नोटिस भी दिए गए हैं, उन्होंने दोबारा समय मांगा है। उनके पास समय रहने के बाद दोबारा पूछताछ की जाएगी, और जांच को आगे बढ़ाया जाएगा।

## पिनगवां थाना के लिए जमीन की रजिस्ट्री जल्द

**पिनगवां** थाना के नए भवन के निर्माण को लेकर एसपी ने कहा कि कागजी कार्रवाई कर जमीन की रजिस्ट्री करवा दी है। जल्दी ही वहां पर नए थाने का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।


शहीद स्मारक के आस पास साफ सफाई करते भाजपाई।

# भाजपाइयों ने शहीद मीनार पर चलाया सफाई अभियान

### रमेश आर्य ने बताया, मुख्यमंत्री खट्टर के निर्देश पर स्वच्छता कार्य में तेजी लाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका।

शहीदी दिवस के उपलक्ष में जहां पूरे भारतवर्ष के लोग शहीदों को श्रद्धांजलि देकर उनकी शहादत को याद कर रहे हैं। वहीं शहर फिरोजपुर झिरका के भाजपाइयों ने शहीदों द्वारा भारत देश पर दी गई शहादत को याद करते हुए। गुरुग्राम अलवर हाईवे रोड के पास स्थित शहीदी मीनार पर साफ सफाई करते नजर आए।

इसी क्रम में भाजपाइयों ने शहीद मीनार पर पड़े कंकर-पत्थर, पॉलिथीन एवं प्लास्टिक के कूड़े करकट को बीनकर एक जगह एकत्रित करते नजर आए। वहीं नगर पालिका फिरोजपुर झिरका की सफाई कर्मी भी भाजपाइयों के साथ साफ सफाई कराने के लिए मुस्तैद नजर आए। जिन्होंने कूड़े करकट को परात में भरकर ट्रैक्टर ट्रॉली में डाला। इसके उपरांत भाजपाइयों ने अपने हाथों में झाड़ू लेकर पूरी शहीदी स्मारक को साफ किया और शहीद स्मारक के आसपास रहने वाले लोगों को भी शहीदी स्मारक को साफ सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होंने लोगों को घरों एवं प्रतिष्ठानों को भी साफ सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया गया। शहीदी दिवस के उपलक्ष्य पर यह सफाई अभियान स्वच्छ मिशन भारत के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, जिला संयोजक महेंद्र कौशिक एवं सदस्य रमेश आर्य के तत्वावधान में चलाया गया। वहीं रमेश आर्य ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के दिशा निर्देश पर स्वच्छता को लेकर कार्य तेजी के साथ किया जाएगा। वहीं शहर के लोगों से संपर्क करके नगरपालिका कर्मचारियों के सहयोग से गली मोहल्ले की साफ सफाई की जाएगी तथा गंदगियों से अटे नाले नालियों की भी सफाई समय-समय पर कराई जाएगी। इसके उपरांत खंड के गांवों में भी यह अभियान चलाया जाएगा। गांवों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान दिया जाएगा और क्षेत्र के लोगों को स्वच्छता की ओर बढ़ाया जाएगा। इस मौके पर पूर्व मार्केट कमेटी सुनील जैन चेयरमैन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजकुमार गर्ग, जिला व्यापार प्रकोष्ठ नवीन जैन, डॉ सुरेश भारद्वाज, नपा सफाई कर्मी घनश्याम सहित शहर के भाजपाई एवं नगरपालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रमों के कार्यो की हुई समीक्षा

### बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त ने की

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**उपायुक्त** अजय कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को जिला सचिवालय के सभागार में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम की जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के द्वारा अब तक विभिन्न विकास कार्य मंजूर किए जा चुके हैं।

उपायुक्त ने प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों की क्रमवार समीक्षा की व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त द्वारा मेवात मॉडल स्कूल में होने वाले कार्य, उप स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रसूति कक्ष के कार्यों व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नूंह व नगीना हॉस्टल के विस्तार कार्य के लिए जल्द इनकी रिपोर्ट भेजने व लंबित कार्यों को शुरू करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। उपायुक्त ने छपेड़ा में ड्राइविंग स्कूल के निर्माण के लिए आरटीए सचिव को निर्देश दिए कि इस कार्य को जल्द पूरा कराएं।

## आबकारी एवं कराधान एसोसिएशन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने

**फरीदाबाद।** आबकारी एवं कराधान कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा कर्मचारी महासंघ का त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें चुनाव अधिकारी हरियाणा कर्मचारी महासंघ के राज्य प्रधान विश्वनाथ शर्मा, पूर्व राज्य महासचिव वीरेंद्र धनखड़ की अध्यक्षता में हुआ।

जिसमें चुनाव उपरांत आबकारी एवं कराधान विभाग फरीदाबाद के कार्यरत संजीत पंघाल को राज्य वरिष्ठ उप प्रधान चुना गया। फरीदाबाद कार्यालय पहुंचने पर नवनियुक्त राज्य प्रधान समीर सांगवान एवं राज्य वरिष्ठ उप प्रधान संजीत पंघाल का फूल माला, बुके देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

# आकांक्षी जिला रूपांतरण कार्यक्रम के सभी बिंदुओं पर फोकस करें अधिकारी: डीसी

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**उपायुक्त** अजय कुमार ने कहा कि आकांक्षी जिला रूपांतरण कार्यक्रम के तहत सभी मुख्य बिंदुओं पर फोकस करते हुए नूंह जिला का सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। जिला में कार्यरत सभी अधिकारी मुख्य बिंदुओं पर तेजी से कार्य करें ताकि सरकार की जनहितकारी योजनाओं व कार्यक्रमों का जनता को बेहतर ढंग से लाभ मिले।

उपायुक्त अजय कुमार बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में



आकांक्षी जिला रूपांतरण कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास व बुनियादी ढांचा मजबूत करने की दिशा में हो रही प्रगति की समीक्षा करते डीसी अजय कुमार।

जिला में कार्यरत सभी एनजीओ द्वारा जिला में करवाए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री स्वयं समय-समय पर जिला में हो रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हैं।

# हाथों में सड़क सुरक्षा के नियम लिखे बैनर लिए निकाली रैली

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**शहीद** लेफ्टिनेंट किरण शेखावत राजकीय महिला महाविद्यालय सालाहेड़ी नूंह में सड़क सुरक्षा अभियान की श्रृंखला में महाविद्यालय से एक जागरूकता रैली का का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रभारी तेजपाल ने छात्राओं की रैली को रवाना किया।




कार्यक्रम एवं रैली प्रभारी डॉ नाजिर हुसैन ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु गांव सालाहेड़ी व आसपास के स्थानीय लोगों को जागरुक करना था। इस रैली में छात्राओं ने अपने हाथों में सड़क सुरक्षा संबंधित नियम लिखी हुई पट्टियां एवं बैनर को लेकर गांव सालाहेड़ी में रैली करती हुई महाविद्यालय परिसर में वापस लौटी। प्राचार्या मधु अरोड़ा के निर्देशन में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत सालाहेड़ी महाविद्यालय में महाविद्यालय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं रैली का आयोजन किया गया है। इसके साथ साथ मार्च माह में ही महाविद्यालय में सेमिनार, वर्कशॉप/प्रदर्शनी एवं वेबिनार, नुक्कड़ नाटक, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण एवं प्रदर्शनी आदि का आयोजन इसी श्रृंखला में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से सड़क सुरक्षा के नियमों,घायलों को प्राथमिक सहायता, कानूनी जागरूकता, एम्बुलेंस उपलब्धता आदि संबंधित कार्यक्रमों के दौरान जागृति व्याख्यान का भी आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम हेतु ट्रैफिक विभाग के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग एवं जिला अदालत सहित विभिन्न विभागों का सहयोग लिया जा रहा है।

पायनियर क्लासीफाइड

नाम परिवर्तन

मैं, मौ0 राशिद पुत्र श्री जान मौ0 निवासी टाई तह0 व जिला नूंह ब्यान करता हूं कि मेरा आधार कार्ड में नाम मौ0 राशिद (Mohd Rashid) है जो कि सही व दुरूस्त है। मेरी दसवीं कि मार्कशीट में मेरा नाम राशिद लिखा हुआ है। जो कि पूरा नाम नहीं आया हुआ है।

I, Gaganpreet Bedi W/o Rahul Bhatia R/o 1D/63, NIT Faridabad have changed my name to PREETI BHATIA.

I, Rattni Raina W/o Sh. Dawarika Nath Zaroo R/o Flat No.1-B, Hydle Appartment, Sector-46, Faridabad have changed my name to Ratna Zaroo.

I, Sahabdeen S/o Nasiru Deen R/o 465/9 Vishwkarma Colony, Jind Distt. Jind, Haryana, (Aadhar No. 6548 8567 2424) declare that Shahbu Din and Sahabdeen are the name of same and the one person that's me. I have changed my name to Sahabdeen.

# यज्ञ कुंड में आहूति डालकर मनाया हिंदू नववर्ष, दीं शुभकामनाएं

## हिंदू नव वर्ष पर देश में सुख, शांति और समृद्धि के लिए किया हवन

### नगीना में हिंदू नव वर्ष विक्रमी संवत 2080 धूमधाम से मनाया गया

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**कस्बा** नगीना में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वावधान में विभिन्न स्थानों पर हिंदू नववर्ष विक्रमी संवत 2080 बड़े उत्साह और उमंग के साथ धूमधाम से मनाया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता नितिन दुबे ने बताया कि वार्ड नंबर 03 नीमका मोहल्ला में शिक्षाविद महेंद्र गोयल के पावन सानिध्य में देश में सुख, शांति, समृद्धि, उन्नति, खुशहाली, आपसी प्रेम सद्भावना के लिए सामूहिक यज्ञ कुंड में आहुतियां डाली गई।



समाजसेवी रजत जैन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदुओं में विक्रमी संवत पंचांग कैलेंडर के अनुसार ही पर्व, विवाह इत्यादि सभी कार्य किए जाते हैं। विक्रमी संवत के पंचांग के अनुसार सौर मंडल की गणना भी की जाती है। रजत ने कहा कि मनुष्य को नियमित रूप से यज्ञ करना चाहिए यज्ञ करने से आत्मबल व शारीरिक बल की भी वृद्धि होती है। नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यज्ञ करने से पर्यावरण शुद्ध, स्वच्छ, निर्मल होता है। जिससे हमें सुरक्षित जीवनदायिनी प्राणवायु प्राप्त होती है। जो प्रत्येक प्राणी मात्र के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि वे अपने प्रत्येक मांगलिक अवसर पर यज्ञ अवश्य करवाएं। जैन ने कहा कि गो माता की सेवा करने को अपनी जीवनशैली में सम्मिलित करें। अगर आप किसी कारण से स्वयं गोमाता को पालने में असमर्थ है तो आप किसी अन्य गोपालक को गो माता पालने में अपना सहयोग दें। गो माता का दूध एवं दूध से निर्मित पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें। चमड़े की वस्तुओं का पूर्ण रूप से त्याग करें। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे कन्याओं को अवश्य शिक्षित करें ताकि एक कन्या के शिक्षित होने से दो परिवारों में उजाला हो सकेगा। जैन ने मातृशक्ति से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों के जीवन चरित्र निर्माण के लिए महापुरुषों के जीवन चरित्र के बारे में अवश्य बताएं जिससे कि वे बचपन से ही राष्ट्र निर्माण की भावना उनके मन में जागृत हो सके और राष्ट्र निर्माण में अपना पूर्ण योगदान दे सकें। शिक्षाविद् महेंद्र गोयलजी ने भी सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के बारे में बताया। मंच संचालन रजत जैन ने किया। नव वर्ष के उपलक्ष में घरों में दीप प्रज्वलित किए गए तथा विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए गए। कस्बा नगीना में दुर्लभ नाथ मंदिर में पंडित भूदेव शर्मा, शिव मंदिर सैनी मोहल्ला में मास्टर मानिक चंद सैनी, शिव मंदिर बगीची में पंडित नंदकिशोर शर्मा के पावन सानिध्य में विधि विधान के साथ हवन यज्ञ किया गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# किशिदा की भारत यात्रा

## महत्वपूर्ण अवसर

**जापानी** प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की भारत यात्रा एक महत्वपूर्ण अवसर है। सोमवार को हुई किशिदा की नई दिल्ली यात्रा द्विपक्षीय संबंधों के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है जिसके अनेक आयाम हैं। इसके साथ ही यह अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में बड़े सहयोगियों के लिए महत्वपूर्ण संकेत भी देती है कि पहले के किसी भी समय की तुलना में आज लोकतंत्र मजबूती से एक दूसरे से हाथ मिला रहे हैं। दोनों देशों के बीच अनेक मुद्दों पर बातचीत हो रही है जिनका विस्तार रक्षा और सुरक्षा से लेकर व्यापार, निवेश व तकनीक तक है। शांतिपूर्ण, स्थिर व समृद्ध हिंद-प्रशांत के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने भारत-जापान वैश्विक रणनीतिक साझीदारी को और विस्तार देने की प्रतिज्ञा की। इस शताब्दी में भारत-जापान द्विपक्षीय संबंध गहरे और व्यापक हुए हैं। 2000 में ये 'वैश्विक साझेदारी' से बढ़ कर 2006 में 'रणनीतिक व वैश्विक साझेदारी' तथा 2014 में 'विशेष रणनीतिक व वैश्विक साझेदारी' तक पहुंचे। क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए यह बहुत महत्वपूर्ण है। यह सुखद संयोग है कि भारत द्वारा जी20 की अध्यक्षता संभालने के समय ही जापान जी7 देशों की अध्यक्षता संभाल रहा है। उल्लेखनीय है कि जापानी प्रधानमंत्री दुनिया के गरीब और अमीर देशों को साथ लाने का प्रयास कर रहे हैं। इस वर्ष के प्रारंभ में जापानी संसद को संबोधित करते हुए उन्होंने 'वैश्विक दक्षिण' शब्दों को पुनर्जीवित किया। यह अवधारणा गुटनिरपेक्ष आंदोलन के समर्थकों को बहुत पसंद थी जो उत्तर-दक्षिण टकराव को व्यक्त करती थी।



हालांकि, जापानी प्रधानमंत्री ने भले ही इस अवधारणा को पुनर्जीवित किया हो, पर उन्होंने गुट-निरपेक्ष भावना से इसे नहीं जोड़ा है। इससे गुट-निरपेक्ष आंदोलन के समर्थक भले ही खुश न हों, पर फुकुदा संभवत: अंतरराष्ट्रीय संबंधों में नेहरूवादी सिद्धान्तों के पैरोकार नहीं हैं। वे गरीब देशों के ट्रेड यूनियन कार्यकर्ता की तरह अमीर देशों के खिलाफ संघर्ष नहीं करना चाहते हैं क्योंकि वास्तव में वे स्वयं अमीर देश से हैं। वे सभी अमीर व गरीब देशों को नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के पक्ष में एकजुट करना चाहते हैं। फुमियो किशिदा स्वर्गीय प्रधानमंत्री शिंजो आबे की विदेश नीति का अनुसरण कर रहे हैं जिसे 'व्यापक राजनय' कहा जाता है। आधिकारिक रूप से इसे परिभाषित करते हुए ऐसी 'राजनय कहा जाता है जो वैश्विक परिस्थितियों पर व्यापक दृष्टिकोण अपनाती है।' वे दिन बीत गए जब टोकियो को 'शांतिवादी' कहा जाता था। लगभग चौथाई शताब्दी पहले जब भारत ने नाभिकीय विस्फोट किए थे तब टोकियो ने नई दिल्ली की निन्दा की थी। लेकिन आज जापान चीन से टकराव के कारण अंतत: भारत का सहयोगी है तथा स्वयं को हथियारों से लैस कर रहा है। क्वाड को मजबूत करने में जापान की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह दोनों देशों के बीच बढ़ती निकटता का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री किशिदा के बीच 2022 में तीन बार मुलाकात हुई। दोनों एशियाई लोकतंत्रों के बीच रक्षा व सुरक्षा सहयोग के साथ ही व्यापार भी बढ़ रहा है। पिछले साल द्विपक्षीय व्यापार 20.75 बिलियन डालर था जो अब तक का सर्वाधिक है। दोनों देशों ने 2011 में समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते-सीपा पर हस्ताक्षर किए थे। अब दोनों पक्ष सेमीकंडक्टरों व अन्य महत्वपूर्ण तकनीकों की विश्वसनीय सप्लाई श्रृंखलाओं पर जोर दे रहे हैं। एक साल पहले जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने वादा किया था कि अगले पांच साल में वे भारत में 320,000 करोड़ निवेश करेंगे। समय आ गया है कि हम पुराने वादों को पूरा करें तथा और नए वादे करें। यह बात भारत व जापान, दोनों पर लागू होती है।

# मुद्रास्फीति प्रबंधन हेतु बदलाव

भारतीय रिजर्व बैंक की एमपीसी की बैठक अप्रैल के प्रथम सप्ताह में होगी। हितधारकों को आशा है कि यह हालिया वैश्विक अनुभवों से सबक लेगी।



**सुमित भसीन**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)




वियतनाम ऐसा पहला देश है जिसने नीतिगत दरें तय करने के मामले में विश्व समुदाय से अलग रास्ता अपनाया। वियतनाम के केन्द्रीय बैंक ने बेंचमार्क ब्याज दरों में कटौती कर दुनिया भर के अर्थशास्त्रियों को आश्चर्यचकित किया। पूर्वी एशियाई देश इस तथ्य से चिन्तित था कि आंखें बंद कर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के रास्ते पर चल कर ब्याज दरें बढ़ाने से उसकी अर्थव्यवस्था में निश्चित रूप से गिरावट आएगी। ब्याज दरें बढ़ाने के मामले में यूरोप कट्टरपंथी रास्ता अपना रहा है और उसने पिछले सप्ताह इनमें 50 बेसिक प्वाइंट की वृद्धि की। इससे अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जीरोम पावेल की उनके देश के भीतर ही व्यापक निन्दा हुई। उन पर आरोप है कि वे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को गहरी मंदी की ओर धकेल रहे हैं। वे इस तथ्य के बावजूद उच्च ब्याज दरों के पक्ष में हैं कि कुछ सदस्यों ने इन कट्टरपंथी उपायों से जुड़े जोखिमों के प्रति सतर्क किया है। कुछ ही दिनों के भीतर अमेरिका के तीन बैंक घुटने टेक चुके हैं जिनमें से एक केवल 48 घंटे के भीतर ध्वस्त हो गया। अमेरिका और यूरोप के बैंक आज उच्च ब्याज दरों के मामले में अर्थशास्त्रियों द्वारा व्यक्त गंभीर आशंकाओं का सामना कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई की मौद्रिक नीति बैठक-एमपीसी अप्रैल के पहले सप्ताह में होने जा रही है। चिन्तित हितधारक बहुत गहरी चिन्ता और जिज्ञासा के साथ इस बैठक पर अपनी नजरें लगाए हैं कि क्या उसने कट्टरपंथी दृष्टिकोण अपनाने के हालिया वैश्विक अनुभवों से कुछ सबक सीखे हैं।

मुद्रास्फीति निश्चित ही चिन्ता का विषय है। बेलगाम मुद्रास्फीति से गरीब सर्वाधिक प्रभावित होते हैं। इसलिए यह व्यापक व असंदिग्ध समझदारी है कि मुद्रास्फीति को नियंत्रित करना आरबीआई व सरकार की नीतिगत जिम्मेदारी है। लेकिन यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि उच्च ब्याज दरें अर्थव्यवस्था के लिए आत्मघाती हो सकती हैं क्योंकि इसके अनेक आयाम मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने में ज्यादा प्रभावी नहीं होते हैं, जबकि इसका आर्थिक वृद्धि पर ज्यादा हानिकारक प्रभाव होता है। उच्च ब्याज दरों से पूंजी का पलायन होता है जिससे मुद्रास्फीति और बढ़ सकती है, जबकि मुद्राओं पर दबाव पड़ने से उभरती अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान हो सकता है। अनेक अध्ययनों व रिपोर्टों ने गौर किया है कि कर्ज पर दबाव से छोटे बिजनेसों व कम आय वाले परिवारों को नुकसान होता है। वे ब्याज दरों के प्रति ज्यादा संवेदनशील होते हैं ओर दरें अधिक होने पर कर्ज का भुगतान जोखिम में फंस जाता है। इसके साथ ही स्वाभाविक रूप से आर्थिक वृद्धि पर उच्च ब्याज दर से धक्का लगता है क्योंकि अर्थव्यवस्था में निजी निवेश व निजी उपभोग पीछे धकेल दिया जाता है। इसके साथ ही ब्याज दरें बढ़ाने से मुद्रास्फीति के मूल कारण दूर नहीं होते हैं। इसके अनेक कारण हो सकते हैं जिनमें मुद्रा सप्लाई में वृद्धि, उत्पादन की अधिक लागत या उपभोक्ताओं की मांग में बदलाव शामिल हैं। उदाहरण के लिए, भारत में अनाजों की अधिक कीमत मुद्रास्फीति बढ़ा रही है।

वास्तव में मुख्य मुद्रास्फीति 6 प्रतिशत के ऊपर बनी हुई है। लेकिन अनाजों और फलों की कीमतें मुद्रास्फीति प्रबंधन में समस्यायें पैदा कर रही हैं। वास्तव में भारत को निजी पूंजी के साथ मिल कर फसल-पश्चात प्रबंधन पर ध्यान देना चाहिए ताकि अनाजों, फलों व सब्जियों के दाम बहुत अधिक बढ़ कर मुद्रास्फीति न बढ़ाने पाएं। इसलिए नीतिनिर्माताओं को लक्षित हस्तक्षेप कर मुद्रास्फीति के विशिष्ट संचालकों को संबोधित करना चाहिए। सरकार ने भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई को खुले बाजार में गेंहूं की नीलामी का आदेश देकर अच्छा काम किया है। गेंहूं भंडार की चार दौर की नीलामी के बाद गेंहूं के दामों में कमी आई है। पिछले कुछ दिनों में इसमें काफी कमी आई है। ऐसे हस्तक्षेपों से मूल्य नियंत्रण के मुख्य संचालकों पर कार्रवाई होनी चाहिए जो मुद्रास्फीति के जिम्मेदार हैं। केन्द्र द्वारा खाद्य पदार्थों के दाम स्थिर रखने के लिए मूल्य स्थिरीकरण फंड बनाया गया है, इसका समुचित उपयोग होना चाहिए। बाजार संबंधी जानकारी के प्रभावी उपयोग के साथ राज्य सरकारों को इस दिशा में कदम उठाने चाहिए। मूल्य स्थिरीकरण में बेहतर प्रदर्श करने वाले राज्यों को प्रोत्साहित करने वाली व्यवस्था पर विचार होना चाहिए।

सिलिकान वैली बैंक-एसवीबी समेत बैंकों की विफलताओं के अनेक कारणों में उच्च ब्याज दरों की प्रमुख भूमिका है क्योंकि इसे बनाए रखना कठिन है और यह विनाशकारी सिद्ध हो सकती है। तेज वृद्धि के लालच में बैंक उच्च ब्याज दरों पर जमाकर्ताओं को आकर्षित करते हैं। लेकिन इससे मुख्यत: ब्याज दरों में दिलचस्पी रखने वाले ग्राहक प्रभावित होते हैं और जोखिम वाली व अस्थिर जमा का खतरा पैदा होता है। इसके कारण बैंक 'हाट मनी' के बंधक बन जाते हैं जो दबाव के पहले संकेत मिलते ही उड़नछू हो जाती है। अमेरिका में सिलिकान वैली बैंक व अन्य क्षेत्रीय बैंकों के मामले में यही हुआ है। वैसे हर दृष्टिकोण से रिजर्व बैंक आफ इंडिया इस वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति दर को लक्षित 5.7 प्रतिशत पर लाने में विफल रहा है। यह केवल तभी संभव है जब वित्त वर्ष के आखिरी महीने में मुद्रास्फीति में 230 प्वाइंट से अधिक कमी आए। ऐसे में आरबीआई को स्पष्ट करना चाहिए कि वह मुद्रास्फीति प्रबंधन में विफल क्यों रहा जिसका आदेश उसे संसद ने दिया है।

हम जानते हैं कि एमपीसी के कुछ सदस्यों ने पिछली बैठक में रेपो दर में वृद्धि का विरोध किया था। इसलिए अच्छा होगा कि ताजा वैश्विक घटनाओं को देखते हुए आरबीआई अपने रास्ते में सुधार करे। हितधारक चाहते हैं कि ब्याज दरों में वृद्धि की प्रवृत्ति पर फौरन विराम लगाया जाए। वर्तमान स्थितियों में ब्याज दरों में कटौती की मांग भी उचित है। यह तथ्य भी है कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण पैदा परिस्थितियों से निपटने के लिए भारत ने मुद्रा छापने का रास्ता नहीं अपनाया जिससे बाजारों में इतनी नकदी नहीं बढ़ी जिसे वापस लेने की आवश्यकता हो। वास्तव में अमेरिका और यूरोपीय देशों ने वैश्विक महामारी के कारण पैदा आर्थिक संकट से निपटने के लिए बड़े पैमाने पर मुद्रा छापी। उनके लिए मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिए बाजारों से अतिरिक्त नकदी हटाना जरूरी हो सकता है, लेकिन निश्चित रूप से भारत के मामले में ऐसा नहीं है।

लेकिन यह तथ्य भी नहीं भुलाया जाना चाहिए कि भारत को आर्थिक संकट से निपटने के लिए सरकारों द्वारा आनन-फानन में अपनाये दृष्टिकोणों का भारी खामियाजा भुगतना पड़ा है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संपग सरकार ने ठीक यही काम किया था। 2008 के वैश्विक संकट के समय आर्थिक संकट से निपटने के लिए भारत सरकार ने जनता के हाथों में पैसा देने का आसान रास्ता अपनाया। इसके कारण संप्रग सरकार के बचे कार्यकाल में मुद्रास्फीति दो अंकों में पहुंच गई। नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री के रूप में देश की जिम्मेदारी संभालने के बाद ही केन्द्र सरकार समझदारी से नीति निर्माण के कारण बेलगाम मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने में सफल हुई। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि इस साल भारत को 'एल नीनो' प्रभाव का सामना करना पड़ सकता है।

इसके कारण मौसम पैटर्न में बदलाव की आशंका है जिसका असर अनेक चीजों की कीमतों पर पड़ सकता है। इससे खुदरा मुद्रास्फीति बढ़ सकती है। इसे देखते हुए आरबीआई को मुद्रास्फीति प्रबंधन प्रक्रिया में व्यापक सहभागिता पर जोर देना चाहिए। मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के अनेक समाधान केन्द्र व राज्य सरकार की कार्रवाइयों पर निर्भर करते हैं। यह तथ्य अच्छी तरह समझा जाना चाहिए कि 'खांचों' में बंद होकर किसी समस्या के समाधान हेतु काम करने का भारत को अतीत में भारी खामियाजा भुगतना पड़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक को सुनिश्चित करना चाहिए कि वह खांचों में बंद होकर काम करने के बजाय समस्या पर समग्रता से विचार करेगा।

# मूसेवाला के पिता ने दिया योगी को सर्वोच्च प्रमाणपत्र

> "योगी आदित्यनाथ सत्ता के इसी मॉडल का संचालन सफलतापूर्वक करते हुए राज्य की सीमाओं से परे भी प्रशंसा व सराहना अर्जित कर रहे हैं।"



**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिन्दी, लखनऊ के

किसी पिता को अपने बेटे की नृशंस हत्या की पहली बरसी पर जब किसी दूसरे राज्य का मुख्यमंत्री याद आए तो इसके गहरे निहितार्थ होते हैं। यह उस मुख्यमंत्री के उत्कृष्ट कार्यों के लिए ऐसा प्रमाणपत्र है जिसकी सत्यनिष्ठा हर प्रकार के संदेह, राजनीतिक व सामाजिक दुराग्रहों से परे है।

जी हां बात पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हो रही है जिनकी हत्या की पहली बरसी पर उनके पिता बलकौर सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उन्मुक्त कंठ से भूरि भूरि प्रशंसा की। खास बात यह है कि योगी की प्रशंसा उनकी या उनके दल की राजनीतिक विचारधारा पर आधारित या आश्रित न होकर विशुद्ध उनके प्रशासनिक दृष्टिकोण की उत्कृष्टता को दिया गया प्रमाणपत्र था।

उल्लेखनीय है कि पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला पंजाब में कांग्रेस के टिकट पर बीत विधानसभा चुनाव लड़े थे और उसके कुछ दिन बाद ही फिल्मी स्टाइल में उनकी हत्या कर दी गयी थी। सोमवार उनकी हत्या को की पहली बरसी थी लेकिन उनके पिता बलकौर सिंह को मलाल है कि उनके दिवंगत बेटे को भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार में न्याय नहीं मिला।

मूसेवाला के पिता ने कहा कि माफिया व गैंगस्टर मेरे घर में घुस गए लेकिन पंजाब सरकार कुछ कर न सकी। मुझे आज यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ याद आ रहे हैं जिन्होंने यूपी को गैंगस्टर व माफिया से मुक्त किया है। लोकसभा चुनाव में आप सीएम योगी को वोट देने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि अगर योगी पंजाब के सीएम होते तो उनके बेटे की हत्या न होती।



बीते साल प्रचंड बहुमत से पंजाब में सरकार बनाने के बाद से ही भगवंत मान की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी की सरकार कानून एवं व्यवस्था के मुद्दे पर विरोधियों के निशाने पर है। पाकिस्तान की सीमा से जुड़ा राज्य होने के कारण पंजाब की चुनौतियां भी अलग व विषम किस्म की हैं। भगवंत मान सरकार पर यह भी आरोप है कि खालिस्तान आंदोलन के सर्मथकों के प्रति उसका रवैया लचर है और हाल ही में सुर्खियों में आए अलगाववाद समर्थक अमृतपाल सिंह मामले से इसे देखा व समझा जा सकता है। मूसेवाला के पिता के उपरोक्त कथन को महज भावनात्मक अभिव्यक्ति कहकर काम नहीं चलाया जा सकता। यह तो दरअसल आईना है जो बलकौर सिंह ने योगी आदित्यनाथ के उन विरोधियों को दिखाया है जो किसी न किसी आधार पर योगी की अपराध जगत के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम का विरोध करते हैं। दरअसल ऐसे तत्व मेरिट पर बात करते ही नहीं। उन्हें तो योगी की आलोचना करने की लत लग गयी है।

कभी कहा जाता है कि योगी का अभियान किसी समुदाय विशेष के विरुद्ध है तो कभी उसके लिए बेबुनियाद जातीय आवरण का सहारा लिया जाता है लेकिन कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के योगी के प्रयासों पर जनता की मुहर 2022 में तभी लग गयी थी जब जनता ने उन्हें दोबारा प्रदेश की सत्ता सौंप दी थी। मूसेवाला के पिता का दृष्टिकोण तो योगी की कार्यशैली (कुछ लोग बुलडोजर संस्कृति भी कहते हैं ) को और व्यापकता और स्वीकार्यता ही प्रदान करता है।

दिलचस्प बात यह भी है कि बात-बात पर-संविधान खतरे में है- की दुहाई देने वाले योगी सरकार की कथित बुलडोजर नीति के खिलाफ अदालत से भी उस तत्परता से न्याय नहीं मांग रहे जैसा वह अन्य मामलों में करते हैं। ऐसा नहीं है कि इस सिलसिले में कोशिश ही न हुई हो लेकिन शुरुआत में जो इक्के दुक्के प्रयास हुए उनमें अपेक्षित सफलता न मिल पाने के कारण योगी विरोधियों का उत्साह ठंडा पड़ गया या उन्हें यह अहसास होता गया कि मेरिट के आधार पद उनका केस कमजोर है।

बलकौर सिंह का राजनीतिक रूप से भाजपा या योगी से कोई सम्बंध नहीं है। इसके विपरीत उनका ताल्लुक कांग्रेस से है लेकिन योगी के प्रति उनके विचार यह स्थापित करते है सत्ता संचालन के प्रशासनिक दृष्टिकोण का राजनीतिक विचारधारा से न कोई सम्बंध होता है और न होना चाहिए। योगी आदित्यनाथ सत्ता के इसी मॉडल का संचालन सफलतापूर्वक करते हुए राज्य की सीमाओं से परे भी प्रशंसा व सराहना अर्जित कर रहे हैं। और योगी के लिए दुष्टों के खिलाफ उनकी नीति की सफलता का यह सर्वोच्च प्रमाणपत्र है।

## आप की बात

### भारतीय नव वर्ष

**आज** से वर्ष प्रतिपदा 2080 प्रारंभ हो रहा है। इसको चाहे भारतीय नव वर्ष कहें या हिंदू नव वर्ष हमारी सांस्कृतिक व मान्यताओं के अनुरूप ये हमारा नव वर्ष है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अनुसार हम अंग्रेज़ी कैलेंडर से सत्तावन वर्ष आगे हैं। दुनिया के विभिन्न देशों में अपनी अपनी मान्यताओं के अनुसार तरह तरह की काल-गणनाएँ हैं, परंतु भारतीय नव वर्ष वैज्ञानिक दृष्टि से भी उच्चतम काल धारणाओं में आता है। हमारा नव वर्ष जब शुरू होता है तो ऋतु में भी परिवर्तन आता है सर्दियाँ जा रही होती है व बसंत का आगमन हो रहा होता है, पेड़ों पर नयी पत्तियां व पौधों पर नई कोंपलें आती है। एक तरह से पूरी प्रकृति ही नई हो जाती है। इस दिन कई ऐतिहासिक घटनाएँ व कई महापुरुषों का जन्म हुआ। प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक, महाभारत युद्ध के बाद इसी दिन धर्मराज युधिष्ठिर का राजतिलक, स्वामी दयानन्द द्वारा आर्य समाज की स्थापना, आरएसएस के संस्थापक हेडगेवार का जन्मदिन, सिक्खों के दूसरे गुरु श्री अंगद देव जी का अवतरण और इसी दिन देवी दुर्गा की आराधना का नवरात्रि महापर्व प्रारंभ होता है। मान्यता है कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। अत: हमें इस नव वर्ष को श्रद्धा व धूमधाम से मनाना चाहिए।

**पुनीत अरोड़ा,** मेरठ

### जल संरक्षण

**जैसे-जैसे** जनसंख्या और अर्थव्यवस्था बढ़ती है वैसे-वैसे पानी की मांग भी बढ़ती है। सीमित पानी और प्रतिस्पर्धी जरूरतों के साथ पेयजल प्रबंधन चुनौतीपूर्ण हो गया है। जल संरक्षण बढ़ाने व प्राकृतिक जल स्त्रोतों को बचाने पर विशेष ध्यान दिया हर व्यक्ति अपने घरों और कार्यस्थलों में पानी का उचित इस्तेमाल तो कर ही सकता है। भारत में प्रचुर मात्रा में बारिश होती है लेकिन आबादी बढ़ने के कारण देश में पानी की कमी महसूस की जा रही है। खेती की सफलता भी पानी की उपलब्धता पर ही निर्भर है, जिसमें बारिश के पानी की अहम भूमिका होती है। 15 अगस्त 2019 को भारत के माननीय प्रधान मंत्री ने जल जीवन मिशन की घोषणा की थी जिसका मुख्य उद्देश्य 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रति दिन नल से 55 लीटर पानी की आपूर्ति करना है। वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण भी मिशन के सबसे महत्वपूर्ण पहलू हैं। इसके अंतर्गत अब तक साढ़े पांच करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों में नल के कनेक्शन दिए जा चुके हैं। जल संरक्षण के लिए हर व्यक्ति का सहयोग जरूरी है। इसके लिए व्यापक जागरूकता अभियान की जरूरत है।

**सत्यवान सौरभ,** भिवानी

### विपक्षी खींचतान

**अगले** आम चुनावों में 1 वर्ष से भी कम का अरसा रह गया है और कई राज्यों के चुनाव भी उससे पूर्व होने वाले हैं! भाजपा के खिलाफ विपक्षी दल एकजुट नहीं हो पा रहे हैं। सब अपनी-अपनी डफली अपना-अपना राग बजा रहे हैं। हर दल का मुखिया खुद को प्रधानमंत्री पद का दावेदार समझता है। इस एकजुटता के प्रयास में कांग्रेस राहुल को आगे करना चाहती है, लेकिन अन्य दल इसके लिए तैयार नहीं हैं। ममता बनर्जी ने तो खुलकर कांग्रेसव राहुल की आलोचना की है। उधर अखिलेश-ममता मुलाकात भी बता रही है कि वह बिना कांग्रेस के ही विपक्षी मोर्चा बनाने की जुगत भिड़ा रहे हैं। बिहार में नीतीश कुमार भी संशय की स्थिति में हैं और समझ रहे हैं कि बिना गठजोड़ के शायद वो बिहार को भी नहीं बचा सकेंगे। उधर मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने देश व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई नए मानक स्थापित किए हैं। आम जनता के मन में हर बात की छवि बनती है और यही वोटों में बदलती है। मोदी सबसे आगे हैं। विपक्षी खींचतान के चलते भाजपा इस बार पिछली बार से भी ज्यादा सीटें पा सकती है।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




"बल्कि यह पीएम मोदी और सरकार की नीतियों, नियत और इरादों से भी जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट में जो कमेटी बैठाई गई है, उनमें जाने माने विशेषज्ञों की कमेटी हैं।

**-जयराम रमेश**
कांग्रेस सांसद

वह 12वीं शताब्दी के समाज सुधारक और लिंगायत पंथ के संस्थापक बसवेश्वर के बताए गए काम ही पूजा और सामाजिक समानता के रास्ते पर चल रहे हैं।

**-बसवराज बोम्मई**
कर्नाटक के मुख्यमंत्री





भारत में सच्ची धर्मनिरपेक्षता का पालन किया जाता है। नायडू ने यह भी कहा कि राजनीतिक हितों को पूरा करने के लिए सेना को किसी विवाद में नहीं शामिल किया जाना चाहिए,

- **एम वेंकैया नायडू**
पूर्व उपराष्ट्रपति"

# पूर्व हॉकी कप्तान रानी रामपाल के नाम से यूपी में बने स्टेडियम की हुई सराहना

## भाजपा सरकार ने खिलाड़ियों को हमेशा दिया सम्मान : कृष्ण बेदी

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद

**मुख्यमंत्री** के राजनैतिक सचिव कृष्ण बेदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा से खिलाड़ियों का सम्मान किया है। चाहे केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार, हरियाणा में मनोहर लाल सरकार और उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार हो, सभी जगह खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं। उसी की बदौलत शाहाबाद मारकंडा की ओलंपियन बेटी रानी रामपाल के नाम से उत्तर प्रदेश के रायबरेली में हॉकी स्टेडियम बनाया गया है।

उन्होंने बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों के नाम पर बने खेल स्टेडियम सदैव ही नये खिलाड़ियों को प्रेरित करने का काम करते हैं। बेदी ने बताया कि इस स्टेडियम का नाम रानी गर्ल्स हॉकी टर्फ रखा गया है। उल्लेखनीय है कि हॉकी स्ट्राइकर रानी रामपाल, कोच बलदेव सिंह से प्रशिक्षित हैं और करीब 258 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी हैं। खेल इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी महिला हॉकी खिलाड़ी के नाम से स्टेडियम का नाम रखा गया है। मंगलवार को स्टेडियम का उद्घाटन रानी रामपाल ने फीता काट कर किया। कृष्ण बेदी ने बताया कि उन्होंने फोन के द्वारा रानी रामपाल को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के इस कदम से आज पूरा शाहाबाद गौरवान्वित महसूस कर रहा हैं कि स्टेडियम का नामकरण शाहाबाद की बेटी रानी रामपाल के नाम से किया गया है।


उत्तर प्रदेश के रायबरेली में हॉकी स्टेडियम में उपस्थित खिलाड़ी रानी रामपाल।

### पदमश्री व अर्जुन अवार्डी हैं रानी रामपाल

**कई** साल तक भारतीय टीम की कप्तानी करने वाली ओलंपियन रानी रामपाल ने हॉकी के सफर में अनेक उपलब्धियों को अपने नाम किया है। वह अभी भी भारतीय महिला हॉकी टीम की धुरंधर खिलाड़ी हैं। रानी की कप्तानी में 2020 में भारतीय महिला हॉकी टीम ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंची थी। रानी रामपाल पद्मश्री और अर्जुन अवार्ड से अलंकृत हो चुकी हैं।


मांगों को लेकर अधिकारी के साथ बैठक करते यूनियन के पदाधिकारी।

# कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर कार्यकारी अभियंता के साथ हुई बैठक : विनोद

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**हरियाणा** गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच की शाखा पब्लिक हेल्थ का यूनियन शिष्टमंडल ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा की अध्यक्षता में कर्मचारियों की मांगों को लेकर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सोनीपत के कार्यकारी अभियंता मण्डल नंबर 02 से जितेन्द्र सिंह हुड्डा एवं अधिकक्ष अभियंता एस पी जोशी के साथ कर्मचारियों की मांगों को लेकर दोपहर बैठक हुई। ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा ने बताया कि कर्मचारियों की मांगें काफी लंबे समय से लंबित पड़ी हुई है।

सोनीपत विभाग के अधिकारियों को बार-बार मौखिक एवं लिखित रूप में कर्मचारियों की मांगों को अनेक बार अवगत कराया जा चुका है। परंतु आज तक कर्मचारियों की मांगों का कोई समाधान नहीं हुआ है। जिससे कर्मचारियों में काफी रोष है। कर्मचारियों की मुख्यत मांगें साबुन, तेल, सेफ्टी किट, जूते, डांगरी, रेनकोट, एलटीसी भुगतान, जीपीएफ, मेडिकल बिलों के भुगतान, जर्जर पड़े स्टाफ क्वार्टर, जलघरों आदि की मुरम्मत साइडों पर पंखे-कुर्सी उपलब्ध कराने, खाली पड़े पदों पर प्रमोशन करने, पदोन्नति सूची अपडेट करने आदि मांगों को लेकर बातचीत हुई। कार्यकारी अभियंता एवं अधिकक्ष अभियंता द्वारा जल्द से जल्द सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया। मीटिंग सौहार्द पूर्ण माहौल में हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### सेवा ट्रस्ट यूके ने 51 कन्याओं को किया सम्मानित


कन्याओं को सम्मानित करते ट्रस्ट के पदाधिकारी।

**कुरुक्षेत्र।** सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा मां दुर्गा के पवित्र नवरात्रों में नौ के नौ दिन हर रोज 51 कन्याओ को सम्मानित कर कन्या पूजन समारोह राजकीय माध्यमिक विद्यालय मुंडाखेडा मे मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की मुख्याध्यापिका नीलम देवी ने की। उन्होंने सभी को नवरात्रि के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी। सेवा ट्रस्ट की समस्त टीम का इस पुण्य कार्य के लिए धन्यवाद किया। 51 कन्याओं को डाबर रियल जूस, शैम्पू, टूथपेस्ट, टूथब्रश, हेयर आयल, शहद, वितरित किए गए। ट्रस्ट के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने जगत जननी मां दुर्गा के नौ स्वरूपों को समर्पित चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व की सभी प्रदेश और देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सेवा ट्रस्ट ने एक नई पहल की है की नो के नो नवरात्र में हर रोज 51 कन्याओं को सम्मानित किया जाएगा। पवन मित्तल ने सभी से ये अपील भी की कि समाज के इस सहरानीय कार्य में सभी को बढ़ चढ़ कर अपना योगदान देना चाहिए और इस पुण्य के कार्य में अपनी आहुति डाल कर सौभाग्य प्राप्त करना चाहिए। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के खण्ड कोआर्डिनेटर राजेश सेन व दिलबाग सौथा व सुमंत सैनी ने कहा कि हमें समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, समानता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए हम सभी को सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर राजेन्द्र शास्त्री, विरेन्द्र, सुरेश, गुरनाम उपस्थित रहे।

### निबंध प्रतियोगिता में स्नेहा रही प्रथम

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम कॉलेज में विश्व जल दिवस के उपलक्ष में आनलाइन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा किया गया। जल दिवस मनाने का उद्देश्य विश्व के सभी देशों में स्वच्छ एवं सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना है, साथ ही जल संरक्षण के महत्व पर भी ध्यान केंद्रित करना है। भारत की संपूर्ण आबादी को स्वच्छ जल आज भी उपलब्ध नहीं है, जिस कारण प्रतिवर्ष लाखों लोग जल जनित रोगों का शिकार होते हैं। जल महत्व को देखते हुए भारत सरकार ने जल शक्ति मंत्रालय भी बनाया। यूएन द्वारा हर साल एक थीम निर्धारित किया जाता है। इस वर्ष 2023 का विश्व जल दिवस का थीम है एक्सीलरेटिंग चेंज टू सॉल्व द वॉटर एंड सैनिटेशन क्राइसिस यानी परिवर्तन में तेजी। इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के 45 विद्यार्थियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. वासवदत्ता, प्रो. सुमन शर्मा, डॉ. नंद किशोर ने निभाई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्नेहा, दयानंद महिला महाविद्यालय कुरूक्षेत्र ने हासिल किया। द्वितीय स्थान कोमल, आर्य गर्ल्स कॉलेज अंबाला कैंट ने हासिल किया और तृतीय स्थान पर भगवान परशुराम कॉलेज की एमएससी फर्स्ट ईयर की विद्यार्थी पूजा शर्मा ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल शीश पाल ने विद्यार्थियों को बधाई दी व नगद पुरस्कार प्रदान किए।

### गीता विद्या मंदिर में रही हिंदू नववर्ष की धूम


दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य वक्ता व अन्य।

**शाहाबाद मारकंडा।** गीता विद्या मंदिर में चैत्र मास शुक्ल प्रतिपदा विक्रमी संवत 2080 नव वर्ष धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति से मैनेजर सुधीर सूद, अध्यक्ष असेन्द्र शर्मा, अमित, सुनील गुप्ता, आशुतोष गर्ग, प्रधानाचार्य नरेश शर्मा एवं समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र जिला के कार्यवाह एवं जिला खेल अधिकारी हरीश ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया तथा बच्चों द्वारा देश भक्ति गीत गाकर प्रस्तुति दी। इस दौरान बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता हरीश ने हिंदू नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि हमारा नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही आता है। उन्होंने कहा कि हम जनवरी में नया वर्ष मनाते हैं उस समय न तो मौसम बदलता है, न कक्षा बदलती है,न फसल बदलती है और न ही व्यवसाय में कोई बदलाव आता है। परंतु चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नववर्ष हमारे पूर्वज मनाते आए हैं हमारे पूर्वजों से ही हमें यह ज्ञान प्राप्त हुआ है द्य उन्होंने बच्चों को कहा कि हमें अपनी संस्कृति को जानने और समझने की आवश्यकता है। प्रधानाचार्य नरेश शर्मा ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद किया और बच्चों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

### भूकंप के झटके किए महसूस

**कुरुक्षेत्र।** जिला में मंगलवार रात्रि लगभग 10ः30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर आ गए। कुछ महिलाएं और छोटे बच्चे नींद से जगकर बाहर निकलने लगे। जो लोग घरों के ऊपरी मंजिल में रहते हैं वह भी जल्दी से सीढ़ियां उतर कर गली में आ गए। भूकंप से हालांकि किसी प्रकार का नुकसान नही हुआ है। अचानक आए भूकंप से लोग भयभीत हो गए। वही कुछ लोगों को रात्रि आए भूकंप बारे पता नही चला। जब वे सुबह नींद से जागे तो आसपड़ोस से पता चला कि रात्रि को भूकंप आया था।

# प्राकृतिक संपदा भूजल को सुरक्षित करने को तेजी से करने होंगे प्रयास : डॉ वैशाली शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**भूजल** जैसी प्राकृतिक संपदा को भविष्य के लिए सुरक्षित करने हेतू तेजी से प्रयास करने होंगे शब्द अतिरिक्त उपायुक्त करनाल डॉ वैशाली शर्मा ने विश्व जल दिवस के अवसर पर कुमारी विघावती आनन्द डीऐवी कालेज फॉर विमान करनाल में अटल भूजल योजना करनाल व के वी एडीएवी कालेज (महिला),करनाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि हमें भूजल बचाने का प्रयास तेज करने होंगे। अन्यथा हमें भविष्य में जल संकट से जूझना पड़ सकता है। ग्रामीण स्तर पर इस दिशा में अटल जल सहेली बेहतरीन भूमिका अदा करें सकती है।आज समय रहते हमें सबको इस दिशा में सार्थक व सकारात्मक भूमिका निभानी होगी। भूजल की एक-एक बूंद की कीमत को समझना होगा। भूजल के प्रति ज्यादा से ज्यादा जागरुकता फैलाने की जरूरत पर बल दिया। इस अवसर मुख्य वक्ता के तौर पर सीनियर विशेषज्ञ व कृषि विज्ञान केन्द्र के पूर्व प्रधान दिलीप गौसाई ने कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में कहा कि हमें भूजल बचाने के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास करने होंगे। इसके लिए घरेलू स्तर पर भी छोटे-छोटे प्रयास करने होंगे। विशेषकर कृषि क्षेत्र में किसान भाईयों को नई-नई तकनीकों व नये तरीकों को अपनाना होगा।


विश्व जल दिवस के कार्यक्रम में भूजल सहेली के साथ संयुक्त चित्र खिंचवातीं अतिरिक्त उपायुक्त और सम्बोधित करती एडीसी डॉ वैशाली शर्मा।

# शहीदों के बलिदान को नहीं भूलना चाहिए : डा. आरती त्रेहन

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद मारकंडा

**आर्य** कन्या महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में एक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली महाविद्यालय परिसर से आरंभ होकर बराड़ा रोड स्थित शहीद उधम सिंह स्मारक पहुंची जहां पर छात्राओं ने शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

रैली को महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आरती त्रेहन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य डा. आरती त्रेहन ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में शहीदों ने जो बलिदान दिए हैं हमें उन्हें भूलना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके योगदान को आदर्श मानकर हम सब को उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देश की उन्नति में योगदान देना चाहिए। इतिहास विभाग की अध्यक्षा डा. मुमताज ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को नमन करते हुए अन्य सभी शहीदों को भी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों की विचारधारा एवं सपनों के भारत के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान छात्राओं ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए देशभक्ति से ओतप्रोत नारे लगाए और शहीदों को सलाम किया। इस मौके पर संजुल गुप्त, डा.सोनिया मलिक, डा. भारती शर्मा, डा. रागिनी मिश्रा, डा. स्वरित शर्मा, दीपा शर्मा, नेहा और नम्रता शर्मा व छात्राएं मौजूद रही।


शहीद ऊधम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करती छात्राएं।

## गौ मांस की तस्करी करते दो पकड़े

**फरीदाबाद।** डीसीपी नरेन्द्र कादयान के द्वारा अपराधिक मामलों में संलिप्त फरार चल रहे आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना धौज पुलिस टीम ने 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में साकिर और इरफान का नाम शामिल है। आरोपी इरफान गांव टीकरी खेडा का तथा आरोपी साकिर गांव धौज का रहने वाला है। पुलिस टीम ने दोनों आरोपियो को थाना धौज के एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपियो से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दिनांक 15 सितम्बर 2022 को मोटरसाइकिल पर गौ मांस को मोटरसाइकिल पर लेकर जा रहे थे। जो पुलिस के नाके को देख मोटरसाइकिल व गौ मांस को छोड कर मौके से फरार हो गए थे। दोनों आरोपियो ने हाईकोर्ट से मामले में जमानत लेकर मामले में शामिल तफ्तीश हुऐ। जिनको पुलिस टीम ने

# क्षत्रिय सभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया पूर्ण, 59 नामांकन दाखिल


नामांकन दाखिल करने आए राजपूत समाज के लोग।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**क्षत्रिय** सभा कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। क्षत्रिय सभा चुनावों को लेकर 21 पदों के लिए 845 सदस्यों में से 59 सदस्यों ने नामांकन दाखिल किया।

रिटर्निंग अधिकारी सीटीएम चंद्रकांत कटारिया के अनुसार प्रधान पद के लिए दो आवेदन मोहन सिंह राणा व चंद्रपाल सिंह के प्राप्त हुए। सचिव पद के लिए चार नामांकन शुगम पाल राणा, सोनू राणा, राजपाल सिंह व धर्मपाल के दाखिल हुए। उप प्रधान पद के लिए 8 नामांकन दाखिल हुए। जिनमें खेम सिंह, आनंद, यशवंत सिंह, नरेश कुमार, सुरेश पाल, शिवकुमार, कंवरपाल, सुभाष चंद शामिल है। कोषाध्यक्ष के लिए तीन आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें सुरेंद्र कुमार, राजेश कुमार राणा व संजीव तंवर शामिल है। ज्वाइंट सेक्रेट्री के लिए भी 3 नामांकन दाखिल किए गए। जिनमें मेवा सिंह राणा, कुलदीप सिंह व मोकम सिंह शामिल है। उन्होंने बताया कि 5 पदाधिकारियों के अलावा 16 सदस्यों के लिए कुल 39 नामांकन दाखिल हुए।

## इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप ने विस में उठाई पिछड़ा वर्ग के हित की आवाज

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के अध्यक्ष रामकुमार रंबा ने अपने कार्यालय सिरसला रोड कुरुक्षेत्र में बताया कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा आमजन के लिए जो कल्याणकारी नीतियां बनाई जाती हैं। वह अब हर वर्ग के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती हैं जिससे हर एक व्यक्ति को उसका लाभ मिलता है। रंबा ने कहा कि पिछड़ा वर्ग का सरकार बनाने में अहम रोल होता है जिस भी सरकार ने इनकी अनदेखी की उसको सरकार को सत्ता से बाहर किया है। उन्होंने उन विधायकों, लोकसभा सांसदों, राज्य सभा सांसदों के कुछ सदस्य सदन में आवाज उठाते हैं और पिछड़ा वर्ग के हित की आवाज को सदन में रखते हैं। जिस प्रकार विधानसभा में इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप ने दोनों सदनों में मिट्टी कला बोर्ड की 2019 से खाली पड़ा है उसकी शुरू करने की बात रखी। मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों को सुझाव भी मांगे और अधिकतर

# ड्रग एडिक्शन और मेंटल हेल्थ प्रोग्राम टीम ने पैरामीडिकल स्टाफ को दी ट्रेनिंग

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**मनोरोग** विशेषज्ञ डा. मनन गुप्ता ने बताया की हरियाणा में ग्रामीण समुदायों के लिए आशा कार्यकर्ताओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण आवश्यक है। आशा कार्यकर्ता फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं। जो अक्सर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं सहित चिकित्सा देखभाल चाहने वाले व्यक्तियों के लिए संपर्क का पहला बिंदु होती हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं प्रचलित हैं, और कई लोग सामाजिक कलंक, जागरूकता की कमी, या वित्तीय बाधाओं के कारण मदद नहीं मांगते हैं। उचित प्रशिक्षण प्राप्त करके, आशा कार्यकर्ता मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों की पहचान करने और उनका समाधान करने, जरूरतमंद व्यक्तियों को सहायता प्रदान करने और अपने समुदायों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित हो सकती हैं। इसके परिणाम स्वरूप मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं वाले व्यक्तियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त हो सकते हैं, जिससे ग्रामीण समुदायों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का बोझ कम हो सकता है। सीएचसी कुंजपुरा के एसएमओ डा. संदीप ओब्रोल ने बताया की हमें दूसरों की मदद करने से पहले अपनी मेंटल हेल्थ का ध्यान रखना चाहिए ताकि हम अपने मरीज़ों कि बेहतर सेवा कर सकेंगे। विकास पीएसव्लू ने विभिन्न प्रकार के मानसिक रोगों को रिव्यू कराया। मौके पर सीएचसी कुंजपुरा के मेडिकल ऑफ़िसर्स, पूजा और प्रियंका कम्युनिटी हेल्थ नर्स मौजूद रहे।


आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देते डॉक्टर।


# ब्रेक्स इंडिया ने इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के लिए खास तौर से डिजाइन किए गए ब्रेक पैड को लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**ऑटोमोटिव** सेक्टर की बढ़ती बाजार की जरूरतों के चलन का नेतृत्व करते और उन्हें अपनाते हुए, ब्रेक्स इंडिया के एक ब्रांड टीवीएस अपाचे ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए विकसित फ्रिक्शन टेक्नोलॉजी के साथ जैप ब्रेक पैड को लॉन्च किया है। विकसित जंग प्रोटेक्शन और स्थिर ब्रेकिंग का दावा करते हुए, जैप को खास तौर से इलेक्ट्रिक वाहन ग्राहकों की जरूरतों के हिसाब से डिजाइन और तैयार किया गया है।

छह दशकों से ज्यादा समय से भारतीय और विश्वीय ओईएम के लिए एक प्रसिद्ध टियर-1 प्रदायक के रूप में, ब्रेक्स इंडिया का विशेष ध्यान डिजाइन, विकास, गुणवत्ता और बेहतर ग्राहक केंद्रितता पर है। बढ़ते इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में अपने प्रभाव को और मजबूत करने के लिए बेहतर ब्रेक पैड की जरुरत को ध्यान में रखते हुए जैप को विकसित फिक्शन टेक्नोलॉजी के साथ पेश किया गया है।

एस सुजीत नायक, वाइस प्रेसिडेंट और हेड, आफ्टरमार्केट बिजनेस, ब्रेक्स इंडिया ने बताया टीवीएस अपाचे घरेलू बाजार में पैसेंजर कार फ्रिक्शन में एक मुख्य खिलाड़ी है। इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। इस मौके का फायदा उठाते हुए और ग्राहकों की जरूरतों को समझते हुए, हमने कुछ मुख्य इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए जैप को लॉन्च किया है, जिसे जल्द ही अन्य ईवी मॉडलों में भी उपयोग किया जाएगा। हमारी अनुसंधान एवं विकास विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए, जैप ब्रेक पैड को स्थिर ब्रेकिंग, लगातार रोकने की ता?त, कम ब्रेक डस्ट और बेहतर जंग प्रोटेक्शन के लिए डिज़ाइन किया गया है और साथ ही यह पर्यावरण सुरक्षा और स्थिरता के लिए उच्चतम संभव मानकों का पालन भी करता हैं।




# चैत्र मास के प्रथम नवरात्र पर पर मंदिरों में हुई पूजा-अर्चना

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**चैत्र मास** के नवरात्र पर्व बुधवार से शुरू हुए। नवरात्र पर्व में लगातार नौ दिन तक मां दुर्गा की उपासना की जाती है। नवरात्र पर्व का समापन 30 मार्च को होगा। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना भक्तों ने की। नवरात्र पर्व को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। शहर के मंदिरों में भक्तों की भीड़ नजर आई। मंदिरों के बाहर प्रसाद को लेकर भी दुकानें सजी रही।

हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर में प्रथम नवरात्रि के साथ नव संवत्सर का प्रारंभ हुआ। मंदिर के कपाट खुलने से पहले ही मंदिर में भक्तों की भारी लाइन लग गई। सबसे पहले प्रातकालीन मंगला आरती मुख्य पुजारिन शिमला देवी ने की और उसके बाद शक्ति कलश पूजन किया जिसमें मुख्य अतिथि प्रदीप बंसल रहे। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि मां शैलपुत्री देवी पार्वती का ही एक रूप हैं। जो नंदी पर सवार, श्वेत वस्त्र धारण करती हैं। उनके एक हाथ में त्रिशुल और एक हाथ में कमल विराजमान है। मां भद्रकालीजी को दीप, फल, फूल, रोली, अक्षत चढ़ा कर पूजन किया गया। उन्होंने बताया कि मां शैलपुत्री को सफेद रंग प्रिय है, इसलिए पूजन में सफेद फूल और मिठाई अर्पित की गई।


फूलों से सजा मां भद्रकाली का दरबार।

# एक्सॉन मोबिल की अगली पीढ़ी का मोबिल 1 इंजन ऑयल चैंपियनशिप जीतने वाला प्रदर्शन करता है

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

राष्ट्रीय-एक्सॉन मोबिल ने आज अपने श्रेष्ठतम पूर्ण रूप से सिंथेटिक इंजन ऑयल, मोबिल 1 ट्रिपल एक्शन पावर+ का लोकार्पण किया। जो विशेष रूप से ईंधन की न्यूनतम खपत और अतिरिक्त लाभ के साथ इंजन के उत्कृष्ट प्रदर्शन, सुरक्षा और स्वच्छता प्रदान करके कार मालिकों को अपने वाहनों की शक्ति का बेहतरीन कार्य प्रदर्शन करने में मदद करने हेतु तैयार किया गया है।

विपिन राणा, सीईओ, एक्सॉन मोबिल ल्यूब्रीकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, हमने अपने मोबिल 1 इंजन ऑयल का परीक्षण प्रयोगशाला में, सड़क पर, और और विश्व के कुछ सबसे कठिन मार्गों पर, अधिकतम ऊंचाई वाले, और वास्तविक जीवन परिस्थितियों की प्रतिकृति करते हुए करते हैं।




फॉर्मूला वन मोबिल 1 इंजन ऑयल के लिए अंतिम परीक्षण आधार है, जो रेस कारों के सभी चलने वाले हिस्सों में घर्षण और घिसने को कम करने में मदद करता है। मैक्स वेरस्टैपेन और सर्जियो पेरेज़ के लिए, इसका मतलब है उनकी कार में अधिक आत्मविश्वास, उनके हाथों में अतिरिक्त शक्ति और पोडियम तक पहुंचने के अधिक अवसर मिलना है। फॉर्मूला वन से प्रेरित होकर, हम मोबिल 1 इंजन ऑयल की एक नई रेंज पेश कर रहे हैं, जो विशेष रूप से कार मालिकों को अपने वाहनों की शक्ति को बेहतर करने में मदद करने के लिए तैयार किया गया है।

प्रिंसिपल क्रिश्चियन हॉर्नर, ओरेकल रेड बुल रेसिंग टीम प्रमुख ने कहा, मोबिल 1 30 से अधिक वर्षों से फॉर्मूला वन में एक प्रतिष्ठित ब्रांड रहा है, और हमारी साझेदारी हमें एक्सॉन मोबिल विश्व स्तरीय विशेषज्ञता में हासिल करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है।

उन्होंने कहा हमारी विश्व चैम्पियनशिप जीत उच्चतम स्तर पर काम कर रहे सैकड़ों समर्पित पेशेवरों और रेस कार के प्रदर्शन को लगातार बेहतरीन बनाने की हमारी टीम की क्षमता का ही प्रयास है। मोबिल 1 ट्रिपल एक्शन पावर+ अब प्रतिष्ठित ऑटोमोटिव रिटेलर्स और वर्कशॉप पर उपलब्ध है।

# हिसार में तलवंडी राणा के ग्रामीणों ने बना डाला अस्थाई रास्ता

## 22 किलोमीटर की दूरी कम होकर हुई नौ, संघर्ष समित सहमत नहीं

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**हिसार** एयरपोर्ट तलवंडी राणा रोड विवाद को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी है। जिला प्रशासन एवं प्रदेश सरकार से अस्थाई मार्ग के लिए लंबे समय से प्रयासरत तलवंडी राणा के ग्रामीणों ने बुधवार को स्वयं ही अस्थाई रास्ता तैयार कर लिया है। इस रास्ते पर छोटे से लेकर बड़े वाहन बड़ी आसानी से गुजर सकेंगे। हालांकि यह रास्ता दूध, फल एवं सब्जी विक्रेताओं के साथ-साथ एंबुलेंस एवं छोटे वाहनों के लिए बनाया गया है।

वहीं तलवंडी राणा रोड संघर्ष समिति इस रास्ते से सहमत नहीं है। समिति के प्रधान ओपी कोहली ने बताया कि यह रास्ता कुछ ग्रामीणों ने तैयार करवाया है। यह एक अस्थाई रास्ता है और इस पर न तो एंबुलेंस और न ही बस चल सकती है। केवल 11 फुट की पटरी है जो कि नहर के साथ है। यह रास्ता कुछ दूधियों ने अपनी सुविधा के लिए तैयार किया है। सरकार पहले भी हमें ये रास्ता देना चाहती थी, परंतु हम ये रास्ता नहीं लेंगे। बुधवार सुबह करीब एक दर्जन टैक्टर, ट्रालियों एवं वाटर टैंकर के साथ 100 से अधिक ग्रामीणों ने एयरपोर्ट की बाहरी दीवार से होते हुए डीसीएम नाले के साथ-साथ बनी पगडी को अस्थाई रास्ते में तब्दील कर दिया है। हालांकि ग्रामीण अभी तक एयरपोर्ट की दीवार के साथ-साथ स्थाई रोड बनाने की मांग को लेकर धरनारत हैं।

8 घंटे में बनाया 4 किलोमीटर सरकार एवं प्रशासन की उपेक्षा के बाद के बाद तलवंडी राणा के ग्रामीणों ने महज आठ घंटे में ही 4 किलोमीटर का अस्थाई रास्ता बना डाला। गांव में एक बुजुर्ग रामस्वरुप की अस्पताल ले जाते समय मौत और अलग-अलग हादसों में तीन युवकों के चोटिल होने के बाद ग्रामीणों ने स्वयं ही अपना रोड बनाने की ठानी। सबसे बड़ी बात यह है कि इस रास्ते को बनाने में किसी भी ग्रामीण ने कोई पैसा नहीं लिया।



यह पूरा रास्ता बिना किसी एक पैसे की लागत से ही बन गया। अस्थाई रास्ता बनने के बाद तलवंडी राणा एवं आस-पास के गांवों की दूरी कम से कम दस किलोमीटर घट गई है। पहले जहां तलवंडी राणा के ग्रामीणों को हिसार आने के लिए 20 से 22 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती थी, वहीं इस अस्थाई मार्ग से यह दूरी महज ही नौ किलोमीटर रह गई है। यह रास्ता एयरपोर्ट के पास कुरुक्षेत्र गौशाला के साथ लगते डीसीएम नाले से होकर डीयर पार्क के पास से होते हुए जहां पुराने धांसू रोड से गैस प्लांट के पास से होते हुए पुराने नेशनल हाईवे में मिल जाएगा। वहीं इस रास्ते से डीसीएम नाले के साथ-साथ तलवंडी राणा गांव तक सीधे भी गांव तवलंडी राणा एवं धांसू एवं बरवाला के तरफ जाने वाले सभी गांव जुड़ जाएंगे।

यह रास्ता जहां सीधा तलवंडी राणा गांव में प्रवेश करेगा, वहीं राणा नहर के साथ-साथ सेक्टर तीन और बाया बरवाला की तरफ से आवाजाही हो सकेगी।

### अस्थाई रास्ता बनने से इन गांवों को मिलेगा लाभ

**अस्थाई** रास्ता बनने के बाद तलवंडी राणा, जुगलान, बीड़-बबरान, धिकताना, धांसू, बहबलपुर, बाड्डो पट्टी, खेड़ी बर्की, सुलखनी, राजली सहित बरवाला की तरफ आने वाले वाले छोटे वाहन चालकों के लिए यह रास्ता बेहद किफायती रहेगा।



नई अनाज मंडी में राष्ट्रवादी महासम्मेलन में राकांपा राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार का स्वागत करते प्रदेश अध्यक्ष मराठा वीरेंद्र वर्मा

# राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने राष्ट्रवादी महासम्मेलन का किया आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**शहर** की नई अनाज मंडी में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा राष्ट्रवादी महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता राकांपा के प्रदेशाध्यक्ष मराठा वीरेंद्र वर्मा ने की। वहीं महासम्मेलन में राकांपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय रक्षा व षि मंत्री शरद पवार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। रैली स्थल पर पहुंचने पर प्रदेशाध्यक्ष मराठा वीरेंद्र वर्मा सहित प्रदेश के अन्य नेताओं ने शरद पवार का पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

प्रदेशाध्यक्ष मराठा वीरेंद्र वर्मा ने कहा कि शरद पवार सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक रवैये में विश्वास रखते हुए भारत को आत्मनिर्भर और उत्पादक देश बनाने की दिशा में प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी को दूर करने के लिए शरद पवार ने महाराष्ट्र में रोजगार गारंटी कानून बनाया और लागू किया। इसके बाद महाराष्ट्र को पावर में सरप्लस स्टेट बनाया। खेती का पैटर्न बदल दिया। वहीं सिंचाई के लिए पौंड सिस्टम शरद पवार की देन है। मराठा वीरेंद्र वर्मा ने कहा कि कृषि मंत्री रहते हुए किसानों के लिए कृयाण के लिए शरद पवार ने अनेकों कार्य किए हैं। जिनको किसान आज भी याद कर रहे हैं। असम, बिहार, बंगाल और उड़ीसा वाटर सरप्लस स्टेट थे। बुधवार को हुए सम्मेलन में

प्रदेश महामंत्री एडवोकेट रामकुमार कश्यप, प्रदेश महासचिव ऋषिपाल पांचाल, प्रदेश महासचिव कृष्ण मराठा, राजेश कांबोज, अशोक शर्मा, रामकुमार वर्मा, डॉ. परमाल सिंह, राम कुमार, पं. रामनाथ कौशिक, राजीव कलतगडिया आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शहीदी दिवस की पूर्व संध्या पर लगाया रक्तदान शिविर



शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।

**कुरुक्षेत्र।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहीदी दिवस के उपलक्ष में गांव झांसा के शहीद मदन लाल ढींगरा ग्राम सचिवालय में ग्राम पंचायत झांसा व यूथ ब्लड डोनेशन सोसायटी की ओर से रक्तदान स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक समिति इस्माइलाबाद वाइस चेयरमैन सीमा रानी के पति सुभाष दहिया व कुरुक्षेत्र रेड क्रॉस सचिव सुनील कुमार मुख्य रूप से पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच पवन गाबा ने की जबकि वर्धा मल्टी स्पेशल अस्पताल कुरुक्षेत्र के चेयरमैन जय सिंह व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झांसा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पवन कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में 51 रक्तदानियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान के क्षेत्र में विश्व रिकॉर्ड अवॉर्डी एवं यूथ डोनेशन सोसायटी अध्यक्ष विनोद पाल ने बताया कि वे पिछले 20 वर्षों से रक्तदान सेवा के कार्य में लगे हुए हैं।

### स्वामी संदीप ओंकार ने किया कन्याओं का पूजन



मां की पूजा करते स्वामी संदीप ओंकार।

**कुरुक्षेत्र।** नवरात्र महोतसव पर जय ओंकार आश्रम श्रीब्रह्मा मंदिर में स्थापित श्रीमद्भगवती महामाया मां बाला सुंदरीजी के चरणों में स्वामी श्रीशक्ति देव जी महाराज कुरड़ी वाले एवं स्वामी संतोष ओंकार के सानिध्य में स्वामी संदीप ओंकार द्वारा मां के चरणों में पवित्र पावन नवरात्र महोत्सव के पावन अवसर पर घटस्थापना कर खेत्री बोकर मां के चरणों में ज्वाला ज्योति प्रचंड कर मां के स्वरूप कन्याओं का पूजन किया गया। इस अवसर पर मां को सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित कर गंगाजल से स्नान कराकर विधिवत मंत्रौचारण के साथ पूजा अर्चना कर मां के स्वरूप का कन्याओं को रक्षा सूत्र बांधकर पूजन किया गया। स्वामी संदीप ओंकार ने कहा कि मां के पावन पर्व पर हमें अपने घरों में मां की ज्योत जागृत करनी चाहिए और मां के चरणों में अखंड ज्वाला ज्योति प्रचड करनी चाहिए और कन्या पूजन प्रतिदिन करना चाहिए।

### भ्रूण मिलने से फैली सनसनी, जांच जारी

**चंडीगढ़।** कैथल में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। बुधवार को चंदाना गेट पर नीलकंठ मंदिर के समीप एक एक भ्रूण पड़ा मिला है। सूचना के बाद पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। हालांकि अभी तक भ्रूण कितने माह का है और यह किसने फेंका गया है, जानकारी सामने नहीं आयी है। कैथल में नीलकंठ मंदिर के पास से गुजर रहे कुशलपाल ने बताया कि दोपहर करीब 1 बजे उसकी नजर एक निर्माणाधीन दुकान के पास पड़े भ्रूण पर पड़ी। इसे देखकर उसने स्थानीय पार्षद लीलू सैनी को सूचना दी। पार्षद ने पुलिस को सूचित किया। थाना शहर पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर जांच शुरू कर दी है। भ्रूण लड़के का है या लड़की का, इसका पता नहीं चला है।

# कंजकों के साथ मनाया जन्मदिन



कंजकों को सामान देती सविता मदान।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पीपली में राजनीति शास्त्र की प्रवक्ता व समाज सेविका सविता मदान ने अपना जन्मदिन भगवती बाला सुंदरी मंदिर में कंजकों के साथ मनाया। सविता मदान ने कंजकों को कॉपी, पेन, टॉफिया, बिस्कुट, लंच बॉक्स दिए।

इस अवसर पर मंदिर के प्रधान पवन गर्ग, पंडित ऋषि, सतीश सहित कई भक्तजनों ने सविता मदान को जन्म दिवस की बधाई दी। सविता मदान ने सभी से आह्वान किया कि वे अपना जन्म दिवस जरुरतमंदों की सहायता कर मनाएं।

# जीवन में प्रसन्नता, गीता के संदेशों पर ज्ञान मंदिर में हुआ मंथन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**धर्मनगरी** कुरुक्षेत्र में स्थित एशिया के सबसे ऊंचे मंदिर ज्ञान मंदिर की 17वीं मंजिल पर अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस एवं विश्व जल दिवस के उपलक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्वामी चिरंजीपुरी के सानिध्य में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षकों के अलावा शहर के अनेक बुद्धिजीवियों एवं शिक्षाविदों ने भाग लिया। कार्यक्रम में श्रीमद्भागवत गीता के संदेशों को जीवन में आत्मसात कर प्रसन्नचित रहने पर चर्चा की गई। साथ ही जल है तो कल है के संदेश को भी प्रचारित करने का आह्वान किया गया। ट्रस्ट के प्रधान राजेश गोयल ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता एक ऐसा महान ग्रंथ है जिसका संदेश समूची सृष्टि में शांति, सद्भावना, आपसी प्रेम और प्रसन्नता देने का काम करता है।



कार्यक्रम में मौजूद ट्रस्ट के प्रधान राजेश गोयल व अन्य।

कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के पूर्व सदस्य सौरभ चौधरी ने आनंदमई जीवन और श्रीमद्भागवत गीता के उस जीवन में योगदान को लेकर प्रकाश डाला। साथ ही जल की उपयोगिता को लेकर जागरूक भी किया।

कुटा के प्रधान डॉ. आनंद कुमार ने ज्ञान मंदिर ट्रस्ट द्वारा गीता के संदेशों को विश्वभर में प्रचारित करने की मुहिम की सराहना की। इस मौके पर पूर्व कुलसचिव प्रो. भगवान सिंह, कुटा उपाध्यक्ष डॉ. हरविंदर सिंह लोंगोवाल, सचिव डॉ. जितेंद्र खटखड़, डॉ. दीपक राय बब्बर, डॉ. गुरचरण सिंह, डॉ. राज रत्न, डॉ. संदीप वत्स, डॉ. राहुल गर्ग, डॉ. संजय त्यागी, डॉ. सुनील भारती, डॉ. रमेश कैथ, विवेक गुप्ता, दिनेश बिंदल, विजय गर्ग, सतीश बिंदल, बीबी मित्तल, सतीश मित्तल आदि मौजूद थे।

# अन्नपूर्णा रसोई का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**श्रीकृष्णा** आयुष विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय नव वर्ष की शुभ वेला पर मंगलवार को एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अंबेडकर स्टडीज सेंटर के उप-निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह रहे।

इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय स्टाफ के लिए शुरू की गई अन्नपूर्णा रसोई का उद्घाटन किया। जिसमें सभी अधिकारी व कर्मचारियों के लिए भोजन को रखने की व्यवस्था की गई है। एचडीएफसी बैंक के सीएसआर फंड से प्राप्त राशि से इस रसोई में एक फ्रिज, ओवन, वाटर डिस्पेंसर और ऑवन के बर्तन उपलब्ध कराए गए हैं। उसके बाद विधिवत रूप से भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मंच का संचालन पीजी स्कॉलर की छात्रा डॉ. भावना और डॉ. मिनाली ने किया। इस अवसर पर शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता डॉ. शंभू दयाल ने मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ. प्रीतम सिंह का स्वागत व अभिनंदन किया। डॉ. प्रीतम सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का हजारों वर्षों का इतिहास है। मगर मानसिक दासता की वजह से भारतीय जनमानस अपनी भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को भुला बैठा है।

भारतीय नव वर्ष विक्रम सम्वत पर आधारित कैलेंडर के अनुसार चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा को प्रारम्भ होता है। जिसका धार्मिक और वैज्ञानिक दोनों तरह से महत्व है। इस दिन नवरात्रि का प्रारंभ होता है जिसमें पूरे देशभर में माता को शक्ति रूप में पूजा जाता है। इसके साथ ही लोग इस दिन से उपवास भी करते हैं जिससे स्वास्थ्य लाभ की प्राप्ति होती है।

# मथाना के समुदाय केंद्र पर विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

### शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई, लिया परामर्श

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**गांव** मथाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयुष्मान भारत योजना के तहत एक विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इसमें आयुष्मान भारत के तहत बनने वाले 5 लाख रुपये तक के आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य पूरा किया गया व भारी संख्या में ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

इस विशाल चिकित्सा शिविर का शुभारंभ हरियाणा भाजपा के प्रदेश महामंत्री व लाडवा से पूर्व विधायक डॉक्टर पवन सैनी ने किया।



स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करते हरियाणा भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ. पवन सैनी।

गांव में मथाना के सरपंच रवि व जिला परिषद के सदस्य राजू मथाना ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री डॉ पवन सैनी का शिविर में पहुंचने पर स्वागत किया वह गांव में आने वाली विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। इस अवसर पर एसएमओ शैलेंद्र खामरा, ड. विशाल, सतवीर मथाना, पूर्व सरपंच अशोक कुमार, मनीष कुमार सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पानी बचाने के लिए धरातल पर जन आंदोलन की आवश्यकता : माथुर

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**पानी** बचाओ जन चेतना अभियान समिति, सोनीपत एवं सारथी जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट सोनीपत के संयुक्त तत्वावधान में विश्व जल दिवस के थीम पर त्वरित परिवर्तन जीवन में पानी के उपभोग, उपयोग और प्रबंधन के तरीकों में तेज़ी से परिवर्तन लाने की आवश्यकता है विषय पर सेमिनार एवं जल योद्धा सम्मान समारोह का आयोजन राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विचारक, शिक्षाविद्ध धरातल टॉक्स की संस्थापक एवं फिल्म अभिनेता नानपटेकर द्वारा संचालित नाम फाउंडेशन पुणे की ट्रस्टी डॉ. क्षिप्रा माथुर मौजूद रही व कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष वशिष्ठ ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सीए संजय गुप्ता, गुरुजल गुरुग्राम की प्रोग्राम मैनेजर बलप्रीत कौर व प्रिंसिपल अनिल सहरावत मौजूद रहे।



विश्व जल दिवस छात्रों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि व अन्य।

अहलावत ने कहा कि हम सब अपने गांव, जिले, प्रदेश एवं देश व समुदाय में अपने जीवन में पानी के उपयोग, उपभोग और प्रबंधन के तरीके को बदलकर बदलाव ला सकते हैं। इस अवसर पर मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथियों ने राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के प्रांगण में पौधा रोपण भी किया। कार्यक्रम में नरेश शर्मा, डॉ जगदीश बत्रा, देवेन्द्र सूरा, पूर्णमल गौड़, निगम पार्षद नीतू दहिया, श्याम अहलावत, अमित सांगवान, सुशील गोयल आदि थे।

# अनएकेडमी ने खोला अपना पहला ऑफलाइन गेट अनएकेडमी सेंटर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**अनएकेडमी,** जोकि भारत के सबसे बड़े लर्निंग प्लेटफॉर्म में से एक है। जिसने दिल्ली में गेट एस्पिरेंट्स के लिए अपना पहला अनएकेडमी सेंटर खोलने की घोषणा की। जिसका उद्देश्य प्रीमियम ऑफलाइन लर्निंग एक्सपीरियंस के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। गेट अनएकेडमी सेंटर के इस उद्घाटन के साथ ही कंपनी इंटरपर्सनल लर्निंग के बेनिफिट्स का भी विस्तार कर रही है जो कि लर्नर्स के लिए इस तरह की अत्यधिक प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की समग्र तैयारी में वृद्धि करेगी। हाल ही में जारी हुए गेट परीक्षा परिणामों के अनुसार, अनएकेडमी लर्नर्स ने इसमें टॉप रैंक हासिल की है, जिनमें से तीन लर्नर्स दिल्ली के सुबन कुमार मिश्रा, पुणे के रोहित भगत कलवार तथा चंडीगढ़ के अंशुमन अग्रवाल ने क्रमश: सिविल इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग एवं इंजीनियरिंग साइंसेज में ऑल इंडिया रैंक एक हासिल की है।

इसके साथ ही इस अत्यधिक प्रतिस्पर्धी परीक्षा में 11 अनएकेडमी लर्नर्स ने टॉप पांच में तथा 17 लर्नर्स ने टॉप 10 में रैंक हासिल की है।

गेट अनएकेडमी सेंटर के उद्घाटन के साथ-साथ, अनएकेडमी ने गेट और ईएसई इंजीनियर्स कॉन्क्लेव' की भी मेजबानी की ताकि लर्नर्स को टॉप एजुकेटर्स से गेट की तैयारी के बारे में जानकारी मिल सके। इस कार्यक्रम में एस के मोंडल, उमेश धांडे, जेएस गिल, प्रवीण कुलकर्णी जैसे भारत के बेस्ट एजुकेटर्स की भागीदारी देखी गई। साथ ही उन्होंने परीक्षा के अन्य प्रमुख विषयों में 'आपको गेट एवं ईएसई परीक्षा क्यों देना चाहिए?' तथा मेरिट्स ऑफ हाइब्रिड लर्निंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके अलावा, लर्नर्स को कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में करियर संबंधी परामर्श प्राप्त करने का अवसर भी मिला, जिसके बाद स्कॉलरशिप टेस्ट हुआ।

# सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचे : डॉ. अनमोल

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**नगराधीश** डॉ. अनमोल ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने में बैंकों की अहम भूमिका है। इसलिए बैंक प्रतिनिधि इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए रूची लेकर कार्य करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की ढ़िलाई एवं कोताही बर्दाशत नहीं की जाएगी। नगराधीश स्थानीय लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित सभागार में डीएलआरसी की बैठक की अध्यक्षता कर रही थी।

डॉ. अनमोल ने कहा कि जब भी कोई व्यक्ति सरकारी योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए बैंक में खाता खुलवाने के लिए या किसी अन्य कार्य के लिए आता है तो उसके साथ विन्रमता पूर्वक व्यवहार करते हुए उसके कार्य को



डीएलआरसी की बैठक की अध्यक्षता करती नगराधीश डॉ. अनमोल।

प्राथमिकता के आधार पर करे। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जन कृयाण के लिए अनेक योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं को लागू करने का औचित्य तभी सार्थक हो पांएगा, जब योजनाओं के पात्र व्यक्ति इनका भरपूर लाभ उठाएगें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में बैंक प्रतिनिधि अहम भूमिका निभा सकते है। उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों से यह भी कहा कि वे सरकारी योजनाओं को आवश्यक जानकारी अवश्य प्राप्त करें, ताकि योजना की गंभीरता के बारे में मालूम हो सके। नगराधीश ने भारत सरकार व हरियाणा सरकार

### आदेशित करते हुए कहा कि बैंक प्रतिनिधि रूची लेकर करें कार्य

द्वारा चलाई जा रही कृयाणकारी योजनाएं बागवानी, कृषि, मछली पालन, पशु पालन, एनआरएलएम, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, शिक्षा लोन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, मुद्रा योजना, डिजीटल ट्रांजक्शन, किसान पशु क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी बैंकर्स से कहा है कि वे बैंक शाखाओं को यह भी निर्देश दिए कि वे स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों के बैंक खाते खोलना सुनिश्चित करें और प्राथमिक आधार पर समूह की महिलाओं को ॠण देना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैंकर्स को निर्देश दिए कि वे आमजन मानस को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए देरी न करें और निर्धारित मापदंडों अनुसार योग्य पात्रों को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। नगराधीश ने बैठक में गत वर्ष के दौरान बैंकों द्वारा सरकारी योजनाओं को लेकर की गई प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कुछ बैंकों ने सरकारी योजनाओं का लाभ आम जन तक पहुंचाने के लिए काफी अच्छा कार्य किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिन बैंकों द्वारा इस क्षेत्र में कम प्रगति की है वे भी भविष्य में अच्छा काम करेंगे।

संयुक्त राष्ट्र के एक सम्मेलन में रिपोर्ट जारी करते हुए कहा

# विश्व की 26 प्रतिशत आबादी के पास सुरक्षित पेयजल नहीं

**एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र के पिछले 45 वर्षों में जल पर पहले बड़े सम्मेलन की पूर्व संध्या पर जारी एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया की 26 प्रतिशत आबादी को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध नहीं है, जबकि 46 फीसदी लोगों को बुनियादी स्वच्छता तक पहुंच हासिल नहीं है। संयुक्त राष्ट्र वर्ल्ड वाटर डेवलपमेंट रिपोर्ट 2023 में 2030 तक स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता तक सभी लोगों की पहुंच सुनिश्चित करने के संयुक्त राष्ट्र के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आवश्यक कदमों को भी रेखांकित किया गया है।

रिपोर्ट के जरिए रिचर्ड कोनोर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लक्ष्यों को पूरा करने की अनुमानित वार्षिक लागत कहीं न कहीं 600 अरब डॉलर से एक हजार करोड़ डॉलर के बीच है। कोनोर ने कहा कि हालांकि उतना ही महत्वपूर्ण निवेशकों, वित्तपोषकों, सरकारों और जलवायु परिवर्तन समुदायों के साथ साझेदारी करना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पैसा पर्यावरण को बनाए रखने के तरीकों में लगाया जाए और उन दो अरब लोगों को पीने योग्य पानी मिल पाए, जिनके पास सुरक्षित पेयजल नहीं है, साथ ही 36 लाख लोगों को स्वच्छता तक पहुंच सुनिश्चित की जा सके। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 40 वर्षों में विश्व स्तर पर पानी का इस्तेमाल लगभग एक प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से बढ़ रहा है और जनसंख्या वृद्धि, सामाजिक-आर्थिक विकास और बदलते खपत पैटर्न के कारण इसके 2050 तक इसी दर से बढ़ने की संभावना है। कोनोर ने कहा कि मांग में वास्तविक वृद्धि विकासशील देशों और उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में देखी जा रही है, जहां औद्योगिक विकास और जनसंख्या में तेजी से वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में ही मांग सबसे अधिक बढ़ रही है। कोनोर कहा कि वैश्विक स्तर पर 70 प्रतिशत पानी का इस्तेमाल कृषि क्षेत्र में फसलों की सिंचाई को अधिक कुशल बनाने के लिए होता है।

कुछ देशों में अब ड्रिप सिंचाई का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे पानी की बचत होती है। ड्रिप सिंचाई में जड़ों में बूंद-बूंद पानी टपकाया जाता है। उन्होंने कहा कि इससे शहरों को अधिक पानी उपलब्ध हो सकेगा। रिपोर्ट के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के कारण बरसाती जल की कमी उन क्षेत्रों में बढ़ेगी, जहां वर्तमान में यह प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, जैसे मध्य अफ्रीका, पूर्वी एशिया तथा दक्षिण अमेरिका के कुछ हिस्से और उन क्षेत्रों में इसकी उपलब्धता और भी बदतर हो जाएगी, जहां पानी पहले से ही कम है, जैसे पश्चिम एशिया तथा उप सहारा अफ्रीका।

### 46 फीसदी लोग बुनियादी स्वच्छता से वंचित



### 80 प्रतिशत अपशिष्ट जल बिना किसी उपचार के छोड़ दिया जाता है

**कोनोर** ने कहा कि जहां तक जल प्रदूषण की बात है, तो इसका सबसे बड़ा स्रोत अनुपचारित अपशिष्ट जल है। उन्होंने कहा, विश्व स्तर पर 80 प्रतिशत अपशिष्ट जल बिना किसी उपचार के पर्यावरण में छोड़ दिया जाता है। वहीं, कई विकासशील देशों में यह आंकड़ा करीब 99 प्रतिशत है। संयुक्त राष्ट्र के जल पर किए जा रहे सम्मेलन के वक्ताओं की सूची में 171 देशों के 100 से अधिक मंत्री और 20 से ज्यादा संगठनों के प्रतनिधि शामिल हैं। सम्मेलन में पांच परस्पर संवादात्मक वार्ताएं और कई अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### तालिबान की कार्रवाई में आईएस के तीन सदस्य मारे गए

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तालिबान बलों द्वारा रात भर की गई कार्रवाई में चरमपंथी इस्लामिक स्टेट समूह के तीन सदस्य मारे गए। तालिबान के एक प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस्लामिक स्टेट समूह का क्षेत्रीय सहयोगी अगस्त 2021 में तालिबान के अफगानिस्तान की बागडोर अपने हाथ में लेने के बाद से उसका सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी रहा है। आतंकवादी संगठन ने तालिबान के गश्ती दल और अफगानिस्तान के शिया अल्पसंख्यकों के सदस्यों को निशाना बनाते हुए अपने हमले बढ़ा दिए हैं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बताया कि मंगलवार को चलाए गए अभियान में काबुल में आईएस के ठिकाने को निशाना बनाया गया, जिसमें आतंकवादी संगठन के तीन कुख्यात सदस्य मारे गए। वे लोग रमजान के पाक महीने में हमले करने की योजना बना रहे थे। मुजाहिद ने कहा, आईएस के सदस्य इस ठिकाने का इस्तेमाल काबुल शहर में हमले करने और रमजान के महीने में धार्मिक स्थलों तथा लोगों को निशाना बनाने की योजना बनाने के लिए कर रहे थे।

### जापान के पीएम ने पोलैंड के अपने समकक्ष से की मुलाकात

**वॉरसॉ।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने पोलैंड के अपने समकक्ष मैटिअस्ज मोराविएकी से बुधवार को मुलाकात की। किशिदा ने कीव की यात्रा के एक दिन बाद क्षेत्र की सुरक्षा व द्विपक्षीय संबंधों के बारे में मोराविएकी से बातचीत की। यूक्रेन की राजधानी कीव की यात्रा के दौरान किशिदा ने यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की थी। वॉरसॉ में किशिदा ने प्रधानमंत्री मोराविएकी से संक्षिप्त बातचीत की। किशिदा पोलैंड के राष्ट्रपति एंड्रेज डूडा से भी मुलाकात करेंगे।

### उत्तर कोरिया ने कई क्रूज मिसाइल का किया परीक्षण

**सियोल ( दक्षिण कोरिया )।** दक्षिण कोरिया का कहना है कि उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी जल क्षेत्र में कई क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया ने तीन दिन पहले एक बैलिस्टिक मिसाइल दागकर दक्षिण कोरिया पर कृत्रिम परमाणु हमला किया था। अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेना द्वारा पिछले सप्ताह व्यापक स्तर पर सैन्य अभ्यास शुरू करने के बाद से उत्तर कोरिया कई हथियारों का परीक्षण कर चुका है। उत्तर कोरिया इस सैन्य अभ्यास को युद्ध के लिए पूर्वाभ्यास करार देता है, जबकि अमेरिका और दक्षिण कोरिया इन सैन्य अभ्यासों को रक्षात्मक उपायों को बढ़ाने की कवायद कहते हैं।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष ने कहा

# चंद्रमा के लिए संभावित मिशन पर जापान की एजेंसी के साथ चर्चा कर रहा इसरो

### इसरो खोज मिशन में अन्य एजेंसियों के साथ संभावित साझेदारी पर विचार करेगा

**एजेंसी।** अहमदाबाद



**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने बुधवार को कहा कि इसरो ने अपने अंतरिक्ष मिशन को लेकर सफलतापूर्वक महत्वपूर्ण सहयोग किया है और चंद्रमा के लिए संभावित मिशन पर जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के साथ चर्चा कर रहा है। सोमनाथ ने यह भी कहा कि शुक्र ग्रह के अन्वेषण के लिए 2028 तक एक मिशन शुरू करने का एक अच्छा अवसर है।

वह यहां भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) में आयोजित चौथे भारतीय ग्रह विज्ञान सम्मेलन में अंतरिक्ष और ग्रहों की खोज के लिए भारतीय क्षमता पर उद्घाटन भाषण दे रहे थे। इसरो प्रमुख ने कहा कि जटिल मिशन के लिए दुनिया भर के वैज्ञानिक संस्थानों और इसरो के बीच संबंध होना महत्वपूर्ण है। उन्होंने तृष्णा मिशन का उदाहरण दिया, जिसे पृथ्वी की सतह का थर्मल इन्फ्रारेड क्षेत्र में निरीक्षण करने के लिए तैयार किया गया है, जिसे इसरो और इसके फ्रांसीसी समकक्ष सीएनईएस द्वारा विकसित किया गया है। अंतरिक्ष विभाग के सचिव सोमनाथ ने कहा, हम जेएएसए (जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी) के साथ चंद्रमा के लिए एक संभावित मिशन पर भी चर्चा कर रहे हैं, जिसमें लैंड रोवर उनके द्वारा बनाया जाएगा और वे उसे एक जापानी रॉकेट का उपयोग करके प्रक्षेपित करेंगे। उन्होंने कहा कि इसरो खोज मिशन में अन्य एजेंसियों के साथ संभावित साझेदारी पर विचार करेगा। उन्होंने कहा, यह बहुत महत्वपूर्ण है कि यह तभी होगा जब उन्हें आप पर विश्वास हो और हमारे उपकरण और माप प्रणाली उनके लक्ष्यों के पूरक हों। सोमनाथ ने कहा, इसरो अपने अंतरिक्ष मिशन को लेकर महत्वपूर्ण सहयोग करने में सफल रहा है, और इस प्रकृति के जटिल मिशन में दुनिया भर के वैज्ञानिक संस्थानों और इसरो के बीच संबंध होना महत्वपूर्ण है।



महत्वाकांक्षी गगनयानै परियोजना के बारे में बात करते हुए इसरो अध्यक्ष ने कहा कि यह बहुत अच्छा चल रहा है। इसमें तीन दिवसीय मिशन के लिए 400 किलोमीटर की कक्षा में तीन लोगों के दल को भेजने और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाकर मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता के प्रदर्शन की परिकल्पना की गई है। सोमनाथ ने कहा कि इसरो के शुक्र के लिए प्रस्तावित मिशन के लिए चर्चा चल रही है। उन्होंने कहा, शुक्र अन्वेषण के लिए एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण ग्रह है और इसे 2028 तक प्रक्षेपित करने का एक अच्छा अवसर है।

# बिहार है भारत का सिरमौर, प्रतिष्ठा फिर से स्थापित करने को संकल्पित हैं हम : शाह

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को बिहार दिवस पर राज्य को भारत का सिरमौर करार दिया और राज्यवासियों की खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस राज्य की प्रतिष्ठा, संपन्नता और वैभव को पुनर्स्थापित करने के लिए संकल्पित है।

बिहार की जनता को बिहार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए एक ट्वीट में उन्होंने कहा, प्राचीन काल से ही बिहार भारतवर्ष की शिक्षा और नीतियों का केंद्र रहा है। मोदीजी के नेतृत्व में हम भारत के इस सिरमौर की प्रतिष्ठा, संपन्नता और वैभव को पुनर्स्थापित करने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा, प्रदेशवासियों की निरंतर खुशहाली की कामना करता हूं। बिहार दिवस हर साल 22 मार्च को मनाया जाता है। वर्ष 1912 में इसी दिन बंगाल प्रांत से अलग होकर बिहार एक स्वतंत्र राज्य के रूप में अस्तित्व में आया था।

### पीएम मोदी ने बिहार दिवस पर राज्य की जनता को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बिहार दिवस के अवसर पर राज्य के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों ने अपनी लगन और कठिन परिश्रम से एक विशेष पहचान बनाई है तथा वे देश के विकास के लिए हर क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दे रहे हैं। मोदी ने ट्वीट कर कहा, बिहार दिवस पर राज्य के मेरे सभी भाई-बहनों को बहुत-बहुत बधाईउ अपने समृद्ध इतिहास और जीवंत संस्कृति के लिए प्रसिद्ध बिहार के लोग देश के विकास के लिए हर क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दे रहे हैं। अपनी लगन और कठिन परिश्रम से उन्होंने एक विशेष पहचान बनाई है।

# मेघालय सरकार कोयले के अवैध परिवहन की जांच के लिए गंभीर : मुख्यमंत्री

**एजेंसी।** शिलांग



**मेघालय** के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार राज्य में कोयले (चारकोल) के अवैध परिवहन की जांच के लिए गंभीर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए मेघालय चारकोल (उत्पादन, भंडारण, व्यापार और परिवहन का नियंत्रण) नियम, 2008 को 2019 में संशोधित किया गया है।

नए नियमों के तहत, लकड़ी के कोयले के उत्पादकों और भंडारणकर्ताओं को पंजीकरण के लिए संबंधित प्रभागीय वन अधिकारी को आवेदन करना आवश्यक है और ऐसे पंजीकरण का नवीनीकरण एक वर्ष की अवधि के बाद प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पूर्व अनुमोदन से किया जा सकता है। संगमा युनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी के विधायक मायरालबॉर्न सिएम द्वारा पेश किए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब दे रहे थे, जिन्होंने पूर्वोत्तर राज्य में कोयले के अवैध परिवहन की जांच करने में असमर्थ वन विभाग पर एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में 95 मीट्रिक टन लकड़ी का कोयला जब्त किया गया और इसके अवैध उत्पादन, परिवहन और भंडारण के लिए 23 मामले दर्ज किए गए। फेरो एलॉय सेक्टर

### इजराइल ने अलेप्पो हवाई अड्डे पर हमला किया

**दमिश्क।** इजराइल ने बुधवार को सीरिया के उत्तरी शहर अलेप्पो में स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को हवाई हमला कर निशाना बनाया, जिससे उसकी हवाईपट्टी को नुकसान पहुंचा है। एक समाचार एजेंसी ने देते हुए बताया कि एक माह में दूसरी बार हवाई हमले का शिकार बने इस हवाईअड्डे का परिचालन बंद कर दिया गया है। समाचार एजेंसी ने एक सैन्य अधिकारी के हवाले से कहा है कि इजराइल के युद्धक विमानों ने भूमध्य सागर के ऊपर से उड़ान भरते हुए अलेप्पो की ओर मिसाइल दागी।

### खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई कार, दम्पति समेत तीन की मौत

**बदायूं ( उप्र )।** बदायूं जिले के बिसौली क्षेत्र में बुधवार तड़के एक ट्रैक्टर ट्रॉली से हुई टक्कर में कार सवार एक दम्पति और उनके एक साल के बेटे की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि दिल्ली के महरौली क्षेत्र स्थित औलिया मस्जिद के पास रहने वाला शाकिर (27) अपनी गर्भवती पत्नी रोजी (24), एक साल के बेटे आहान और साले याकूब तथा मोबिन के साथ कार पर सवार होकर दिल्ली स्थित अपने घर जा रहा था।

# सिगीबड : निकोटिन की मात्रा घटाएगा और आदत छोड़ने में मददगार होगा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

### स्वाद में बदलाव किए बगैर धूम्रपान से जाने वाली 80 फीसदी निकोटिन को फिल्टर करेगा सिगीबड

### आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र ने बनाया फिल्टर



**आईआईटी** दिल्ली के पूर्व छात्र प्रतीक शर्मा ने धूम्रपान करने वालों के लिए एक ऐसा सिगरेट फिल्टर विकसित किया है जो ना सिर्फ उनके शरीर में जाने वाली निकोटिन की मात्रा को कम करेगा बल्कि उन्हें इस आदत को छोड़ने में भी मदद करेगा। आईआईटी के इस छात्र को यह विचार 2018 में सिनेमाघर में एक फिल्म के दौरान धूम्रपान नहीं करने की सलाह देने वाला परामर्श देखने के बाद आया।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली से 2015 में स्नातक की पढ़ाई पूरी करने वाले शर्मा ने सिगीबड नाम से दुनिया का पहला ऐसा सिगरेट फिल्टर बनाया है जो धूम्रपान की लत को छोड़ने में मदद करेगा। शर्मा का दावा है कि सिगीबड बुधवार से बाजार में उतर रहा है और यह सिगरेट पीने वालों के अनुभव या स्वाद में कोई बदलाव किए बगैर धूम्रपान के दौरान उनके शरीर के भीतर जाने वाली 80 फीसदी निकोटिन को फिल्टर कर सकता है। गौरतलब है कि सिगरेट के लिए फिल्टर बनाने का विचार जब शर्मा के जेहन में आया तो उस वक्त वह मानव स्वास्थ्य पर प्रदूषण के असर को कम करने के लिए आधुनिक वायु फिल्टरेशन का उपाय खोज रहे थे। आईआईटी दिल्ली में पढ़ने के दौरान शर्मा ने अपने प्रोफेसर की मदद से नैनोफाइबर टेक्नोलॉजी विकसित की और उसे पेटेंट कराया। 2015 में स्नातक करने पर उन्होंने इस तकनीक पर आधारित उत्पाद बनाने और उन्हें बाजार में उतारने पर काम शुरू किया। यहां तक कि शर्मा की लीक से हटकर इस सोच को राष्ट्रपति ने 2017 में स्टार्टअप नेशनल अवार्ड दिया था। शर्मा ने कहा, हम पहले से ही नासोफिल्टर, नैनोक्लीन पॉल्यूशन नेट और मासोमास्क आदि उत्पादों पर काम कर रहे थे। लेकिन, उस परामर्श ने हमें प्रेरित किया और हमारे काम के दायरे को बढ़ा दिया। हमने तय किया कि इसी तकनीक का उपयोग अब कुछ ऐसा बनाने में करेंगे जो लोगों को धूम्रपान छोड़ने में मदद करे।

# जेल में कैद सपा विधायक के करीबी से करोड़ों की सम्पत्ति जब्त

**एजेंसी।** कानपुर (उप्र)



**जमीन** पर जबरन कब्जे समेत कई मामलों में जेल में बंद समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक इरफान सोलंकी के करीबी साथी शौकत उर्फ पहलवान की लगभग 30 करोड़ रुपए की सम्पत्ति बुधवार को जिला प्रशासन ने जब्त कर ली। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

पीलखाना थानाध्यक्ष ने यहां बताया कि गैंगस्टर अधिनियम के तहत अनेक मामलों में इस वक्त कानपुर जिला जेल में बंद शौकत उर्फ पहलवान की 1162 वर्ग मीटर की दो मंजिला इमारत को आज कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच मुनादी करवाकर अधिनियम की धारा 14 (1) के तहत जब्त कर लिया गया। शौकत इस वक्त महराजगंज जेल में बंद सीसामाऊ सीट से सपा विधायक इरफान सोलंकी का करीबी माना जाता है। आने वाले दिनों में उसकी कई अन्य सम्पत्तियां भी जब्त की जा सकती हैं। सिंह ने बताया कि विधायक सोलंकी, उनके भाई रिजवान तथा साथियों शौकत, एजाज, पार्षद मन्नू रहमान, पूर्व पार्षद मुरसलीन और शरीफ तथा इसराइल की करीब तीन दर्जन अवैध सम्पत्तियों को कार्वाई के लिए चिह्नित किया गया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया, हमने कानपुर विकास प्राधिकरण और कानपुर नगर निगम से सपा विधायक इरफान सोलंकी और उनके गिरोह के सदस्यों से सम्बन्धित तमाम सम्पत्तियों की जानकारी मांगी है।

# आईआईटी के छात्र की मौत, उप मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर प्राथमिकी की मांग उठाई

**एजेंसी।** मुंबई

### पत्र में कहा, हमें डर है कि जांच का यह कोण आईआईटी बॉम्बे की अंतरिम रिपोर्ट को दोहराएगा



**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे के छात्रों के कम से कम दो संगठनों ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस से अनुरोध किया है कि प्रथम वर्ष के छात्र दर्शन सोलंकी की मौत के मामले में पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया जाए। गौरतलब है कि दर्शन सोलंकी ने इस साल फरवरी महीने में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी।

इस मामले को लेकर राज्य सरकार ने एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। फडणवीस को मंगलवार को लिखे गए एक ई-मेल पत्र में, छात्रों के समूहों ने दावा किया कि एसआईटी की जांच पुलिस द्वारा दर्ज की गई दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट (एक्सीडेंटल डेथ रिपोर्ट ... एडीआर) पर आधारित है।

यह ईमेल पत्र आंबेडकर पेरियार फुले स्टडी सर्कल , आंबेडकराइट स्टूडेंट्स कलेक्टिव (एएससी) और आईआईटी बॉम्बे के पूर्व छात्र समूह द्वारा लिखा गया। छात्रों के समूहों ने अपने पत्र में दावा किया कि गुजरात के अहमदाबाद जिले के रहने वाले सोलंकी के माता-पिता 16 मार्च को प्राथमिकी (प्रथम सूचना रिपोर्ट) दर्ज कराने के लिए मुंबई आए थे, लेकिन स्थानीय पवई पुलिस थाने, एसआईटी और मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने कई बार अनुरोध करने के बावजूद प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार कर दिया। पत्र में कहा गया है, हमें डर है कि जांच का यह कोण आईआईटी बॉम्बे की अंतरिम रिपोर्ट को दोहराएगा। जहां उन्होंने दर्शन की योग्यता पर दोष मढ़ दिया और संभावित अत्याचारों को नजरअंदाज कर दिया। एपीपीएससी ने सोलंकी की एक तस्वीर भी ट्वीट की और कैप्शन में लिखा कि वह मंगलवार को 19 साल के हो जाते। एपीपीएससी ने ट्वीट में लिखा, दर्शन आज 19 साल के हो गए होते अगर संस्थान ने संकाय में आरक्षण, मानसिक स्वास्थ्य सहायता, सवर्णों के लिए संवेदनशीलता, उचित शिकायत निवारण तंत्र जैसी सभी अनिवार्य नीतियों को लागू किया होता।

# 68 स्मार्ट शहर लक्ष्य से पीछे, संसदीय समिति ने दिए ठोस प्रयास के निर्देश

**एजेंसी।** नई दिल्ली

### स्मार्ट सिटी मिशन

**सरकार** के महत्वाकांक्षी स्मार्ट सिटी मिशन के तहत जनवरी 2023 तक 68 स्मार्ट शहरों ने मिशन के अपने वास्तविक लक्ष्यों को प्राप्त नहीं किया है तथा इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए मिशन की अवधि को इस साल जून तक बढ़ाया गया है। संसद की एक स्थाई समिति की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। समिति ने सरकार से मिशन के वास्तविक और वित्तीय दोनों लक्ष्यों को विस्तारित समय अवधि में पूरा करने के लिए इन पीछे चल रहे स्मार्ट सिटी के साथ मजबूती से प्रयास करने को कहा है।

संसद में 20 मार्च को पेश जनता दल यू के सांसद राजीव रंजन सिंह की अध्यक्षता वाली आवासन और शहरी कार्य संबंधी स्थाई समिति की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार, समिति इस बात को संज्ञान में लेती है कि स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चयन का अंतिम दौर जनवरी 2018 में हुआ था और इसलिए पांच साल की निर्धारित अवधि पूरी हो गई है।

रिपोर्ट में कहा गया कि जहां तक मंत्रालय के वित्तीय आवंटन का संबंध है, मिशन को दी गई 48,000 करोड़ रुपये की समग्र वित्तीय सहायता में 36,561 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। इसमें से 33,012 करोड़ रुपये (कुल जारी राशि का 90 प्रतिशत) स्मार्ट सिटी द्वारा उपयोग किए गए हैं। समिति ने कहा कि मिशन के तहत 100 स्मार्ट सिटी ने 2,05,018 करोड़ रुपये की परियोजना का प्रस्ताव किया था जिसमें से 1,81,349 करोड़ रुपये की 7821 परियोजनाएं शुरू की जा चुकी हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अब तक 1,00,450 करोड़ रुपये की 5343 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।

इसके अनुसार, स्मार्ट सिटी मिशन के तहत शुरू की गई परियोजनाओं की शहर-वार वास्तविक प्रगति से यह पता चलता है कि विभिन्न शहरों के कार्य निष्पादन में बहुत अधिक अंतर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि, एक ओर, 32 स्मार्ट शहरों ने मिशन के तहत कार्यान्वय के लिए नियोजित परियोजनाओं और कुछ मामलों में वास्तविक लक्ष्य से चार गुणा से भी अधिक संख्या में कार्य को पूरा कर लिया है।

इसमें कहा गया है कि शेष 68 स्मार्ट शहरों को अभी भी परियोजना के लक्ष्यों को पूरा करना है जिसमें से कुछ शहरों का प्रदर्शन काफी निराशजनक है। रिपोर्ट के अनुसार, समिति की राय है कि यदि पूर्ण की गई परियोजनाओं में से अतिरिक्त परियोजनाओं की संख्या को हटा दिया जात है तो 31 जनवरी 2023 की स्थिति के अनुसार मिशन के तहत पूर्ण की गई परियोजनाओं की वास्तविक संख्या अनुमानित संख्या से बहुत कम होगी। समिति ने कहा कि तथ्य यह है कि 31 जनवरी 2013 की स्थिति के अनुसार, 68 स्मार्ट शहरों ने मिशन के तहत अपने वास्तवित लक्ष्यों को प्राप्त नहीं किया, इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए मिशन की अवधि जून 2023 तक बढ़ा दी गई है। समिति ने इस बात पर बल दिया है कि मंत्रालय को पिछड़ते स्मार्ट सिटी के साथ मजबूती से प्रयास करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वास्तविक और वित्तीय दोनों लक्ष्यों को वास्तव में विस्तारित समय अवधि अर्थात जून 2023 के भीतर प्राप्त कर लिया जाए।

### भ्रामक चित्र प्रस्तुत करती है पूर्ण परियोजनाओं की संख्या

**समिति** ने कहा कि ऐसे में पूरी की गई परियोजनाओं की कुल संख्या एक भ्रामक चित्र प्रस्तुत करती है, क्योंकि इसमें 32 बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्मार्ट शहरों द्वारा पूरी की गई अतिरिक्त परियोजनाओं को भी ध्यान में रखा गया है।

### अधिक विलंब होने के चलते समय विस्तार नहीं

**संसदीय** समिति ने इसमें हुए अत्यधिक विलंब के कारणों का विस्तृत मूल्यांकन करने तथा इसका समाधान किए बिना और समय विस्तार नहीं देने की सिफारिश की है।



# बिडेन ने भारतीय-अमेरिकी अभिनेत्री को पदक प्रदान किया

**एजेंसी।** वाशिंगटन



**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बिडेन ने व्हाइट हाउस में आयोजित एक समारोह में कहानीकारों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए भारतीय-अमेरिकी अभिनेत्री और निर्माता मिंडी कलिंग एवं कई अन्य लोगों को प्रतिष्ठित नेशनल मेडल ऑफ आर्ट्स-2021 पदक प्रदान किया।

नेशनल मेडल ऑफ आर्ट्स पदक अमेरिकी सरकार द्वारा कलाकारों, कला संरक्षकों और समूहों को दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है, जो उन अनुकरणीय लोगों और संगठनों को दिया जाता है, जिन्होंने अमेरिका में कला को आगे बढ़ाया है और अपनी विशिष्ट उपलब्धियों से दूसरों को प्रेरित किया है।

अभिनेत्री को पदक प्रदान करते हुए बिडन ने कहा कि कलिंग प्राइमटाइम सिटकॉम बनाने, लिखने और अभिनय करने वाली पहली अश्वेत महिला हैं। पुरस्कार समारोह में प्रथम महिला डॉ. जिल बिडेन, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और उनके पति मौजूद रहे।

# नोएडा में ई-साइकिल चलाने का किराया तय

## 30 मिनट के लिए देने होंगे 15 रुपए, एक बार देनी होगी 299 रुपए की सिक्योरिटी मनी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा






**नोएडा** में ई-साइकिल चलाने की तैयारी हो चुकी है। यहां बनाए डॉक स्टेशनों में 31 में से 25 में बिजली मीटर कनेक्शन दिए जा चुके है। इसके जरिए ई-साइकिल चार्ज होगी।

ई-साइकिल का चार्ज तय कर लिया गया है। 30 मिनट के लिए 15 रुपए, 30 मिनट के बाद एक रुपए प्रति मिनट और पॉश चार्ज 0.50 पैसे प्रति मिनट लिया जाएगा। साइकिल की बुकिंग एप से होगी। एप डाउनलोड करने के बाद 299 रुपए सिक्युरटी के रूप में जमा करने होंगे। इसेक बाद ही साइकिल बुक की जा सकेगी। इसके अलावा एक मोबाइल चार्जिंग वैन भी होगी। जिससे रास्ते में कही भी ई-साइकिल को चार्ज किया जा सकेगा। नोएडा में 62 डॉक स्टेशनों पर ई साइकिल चलाई जानी है। पहले फेज में 31 डॉक स्टेशनों से साइकिल मिलेगी। ये काम टर्बन मोबिलिटी एलएलपी कंपनी को दिया गया है। डॉक स्टेशनों के निर्माण में एक करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम खर्च की गई। पहले फेज में कुल 310 ई-साइकिल चलेंगी। इनका पेमेंट भी डिजिटल करना होगा। इन साइकिलों से सालाना 1125 टन कार्बन रेडिएशन बचाव होगा। प्रत्येक डॉक स्टेशन से 10 ई साइकिल मिलेंगी। ये योजना पीपीपी मॉडल पर चलेगी। खर्चा निकलने के लिए कंपनी डॉक स्टेशन पर 50 वर्गफीट में अपना विज्ञापन कर सकती है। यूएन की स्टडी के मुताबिक एक ई-

साइकिल कम से कम दिन में तीन बार प्रयोग में लाई जाएगी। 500 साइकिल प्रतिदिन 1500 चक्कर लगाएंगी। इस स्थिति में प्रतिवर्ष 1125 टन कार्बन उत्सर्जन को बचाया जा सकेगा।

यदि इतनी ही पेट्रोल व डीजल वाहन सड़क पर चले तो इससे कई गुना अधिक कार्बन का उत्सर्जन करेंगे। ऐसे में पर्यावरण को नुकसान होगा साथ ही यातायात कंजप्शन में बढ़ोतरी होगी।

### कुछ ऐसी होगी ई साइकिल

1. इसकी सीट को ऊंचा या नीचा किया जा सकेगा।
2. पैडिल और बिना पैडल से हो सकेगा प्रयोग
3. कंपनी डॉक स्टेशनों कर सकेंगे चार्ज
4. एक बार चार्ज पर 50 किमी का सफर तय करेगी
5. जीपीएस सिस्टम से होगी ट्रैक।

### 62 स्टैंड से मिलेगी सुविधा

सेक्टर-2 एसबीआई बैंक, सेक्टर-3 भूमिगत वाहन पार्किंग, सेक्टर-6 प्राधिकरण कार्यालय, सेक्टर-12 जेड ब्लॉक मार्केट, सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-16 मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-16ए एपीजे स्कूल, सेक्टर-18 बहुमंजिला वाहन पार्किंग, सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन, सेक्टर.20 नोएडा प्राधिकरण कार्यालय, नोएडा स्टेडियम, सेक्टर-25 मार्केट, सेक्टर-29 ब्रहमपुत्र मार्केट, सेक्टर-30 जिला चाइल्ड अस्पताल, सेक्टर-33 एआरटीओ ऑफिस, सेक्टर-38ए बॉटनिकल गार्डन बस डिपो, सेक्टर-38ए बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-39 सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-39 जिला संयुक्त अस्पताल, सेक्टर-44 महामाया स्कूल सेक्टर-50 मार्केट, सेक्टर-52 मार्केट की अंदरूनी सड़क, सेक्टर-57 एयरटेल ऑफिस आदि।

# धूम्रपान में निकोटिन की मात्रा कम करेगा सिगरेट फिल्टर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

## आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र ने किया विकसित

**आईआईटी** दिल्ली के पूर्व छात्र प्रतीक शर्मा ने धूम्रपान करने वालों के लिए एक ऐसा सिगरेट फिल्टर विकसित किया है जो ना सिर्फ उनके शरीर में जाने वाली निकोटिन की मात्रा को कम करेगा बल्कि उन्हें इस आदत को छोड़ने में भी मदद करेगा।आईआईटी के इस छात्र को यह विचार 2018 में सिनेमाघर में एक फिल्म के दौरान धूम्रपान नहीं करने की सलाह देने वाला परामर्श देखने के बाद आया।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली से 2015 में स्नातक की पढ़ाई पूरी करने वाले शर्मा ने सिगीबड नाम से दुनिया का पहला ऐसा सिगरेट फिल्टर बनाया है जो धूम्रपान की लत को छोड़ने में मदद करेगा।

शर्मा का दावा है कि सिगीबड बुधवार से बाजार में उतर रहा है और यह सिगरेट पीने वालों के अनुभव या स्वाद में कोई बदलाव किए बगैर धूम्रपान के दौरान उनके शरीर के भीतर जाने वाली 80 फीसदी निकोटिन को फिल्टर कर सकता है। गौरतलब है कि सिगरेट के लिए फिल्टर बनाने का विचार जब शर्मा के ज़ेहन में आया तो उस वक्त वह मानव स्वास्थ्य पर प्रदूषण के असर को कम करने के लिए आधुनिक वायु फिल्टरेशन का उपाय खोज रहे थे। आईआईटी दिल्ली में पढ़ने के दौरान शर्मा ने अपने प्रोफेसर की मदद से नैनोफाइबर टेक्नोलॉजी विकसित की और उसे पेटेंट कराया।

# ब्रिटिश उच्चायोग के बाहर अतिरिक्त सुरक्षा हटाई

- दिल्ली पुलिस ने बाहर लगे कई अवरोधकों को हटाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**दिल्ली** पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में ब्रिटिश उच्चायोग के बाहर अतिरिक्त अवरोधक हटा दिए हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था अब भी चाक-चौबंद है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में तिरंगे को खालिस्तानी कार्यकर्ताओं द्वारा नीचे उतारे जाने के कुछ दिनों बाद दिल्ली पुलिस ने यहां सुरक्षा बढ़ा दी थी और अतिरिक्त अवरोधक भी लगाए थे।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यहां ब्रिटिश उच्चायोग के बाहर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है। हालांकि, उच्चायोग की ओर जाने वाले मार्ग पर लगाए गए अवरोधक हटा दिए गए हैं, क्योंकि ये आने-जाने में परेशानी पैदा कर रहे थे।

खालिस्तान समर्थकों के विरोध प्रदर्शन के दौरान लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पर फहरा रहे तिरंगे को नीचे उतारने का एक वीडियो सामने आने की घटना सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद भारत ने रविवार रात ब्रिटिश उप उच्चायुक्त को तलब किया था और वहां सुरक्षा व्यवस्था बिल्कुल न होने पर पर स्पष्टीकरण मांगा था।

# गाजियाबाद में कोरोना के मिले 15 मरीज, चार अस्पताल में भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- बढ़ती संक्रमण के चलते जांच बढ़ाई गई

**जिले** में 70 दिन बाद एक फिर कोरोना संक्रमण पैर पसार रहा है। बुधवार को शासन से जारी हुई रिपोर्ट में कोरोना संक्रमण के एक साथ 15 मरीज चिन्हित होने से स्वास्थ्य विभाग की भी टेंशन बढ़ गई है। चार मरीजों को गंभीर हालत अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मंगलवार को एक साथ तीन कोरोना संक्रमण के मरीज चिन्हित हुए थे और बुधवार को 15 नए मरीज चिन्हित हुए हैं। जिले में अब कुल कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 21 तक पहुंच गई है। बुधवार को एक भी मरीज डिस्चार्ज नहीं हुआ है। जिले में अब तक कोरोना संक्रमण के मरीजों की संख्या 90478 तक पहुंच गई है। जिला सर्विलास अधिकारी डॉ एसके गुप्ता ने बताया कि संक्रमित मरीजों में से किसी की भी हालात गंभीर नहीं है और ना ही किसी को अस्पताल में भर्ती कराने की आवश्यकता पड़ी है। हालांकि सभी मरीजों की मॉनीटिरिंग की जा रही है। इसके अलावा इन मरीजों के सम्पर्क में आने वाले सभी परिजनों की भी जांच कराई जा रही है।

# धनशोधन मामला : सत्येंद्र जैन की जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



*दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र की धनशोधन के मामले में दाखिल जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन में संलिप्त चार कंपियों के कथित तौर पर जैन से होने के आरोप में पिछले साल 30 मई को उन्हें गिरफ्तार किया था और इस समय वह तिहाड़ जेल में हैं। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने ईडी और आप नेता की ओर से पेश वकीलों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। सत्येंद्र जैन ने इससे पहले अदालत से कहा कि उनके खिलाफ कोई मामला नहीं है और वह जांच में सहयोग कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने तर्क दिया कि मामले में आरोप पत्र दाखिल होने के बाद उन्हें कैद में रखने की जरूरत नहीं है।*

# वक्फ कानून को चुनौती देने वाली 120 याचिकाएं लंबित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय को केंद्र ने बुधवार को बताया कि वक्फ कानून के एक या एक से ज्यादा प्रावधानों को चुनौती देने वाली करीब 120 रिट याचिकाएं देश की विभिन्न अदालतों में लंबित हैं। मुख्य न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा और न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ ने अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा वक्फ कानून के ही कुछ प्रावधानों के संबंध में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए केन्द्र सरकार के वकील से से कहा कि वह सभी मामलों को एक साथ जोड़ने का कदम उठाने के संबंध में निर्देश प्राप्त करें। पीठ ने कहा, केन्द्र सरकार के वकील ने उचित कदम उठाने और ऐसे सभी मामलों को एक साथ जोड़ने के लिए समय मांगा। मौजूदा याचिका के संबंध में दायर आवेदन में केन्द्र ने जवाब देने के लिए तीन महीने का समय मांगा और कहा कि मौजूदा मुकदमे के अलावा विभिन्न अदालतों के समक्ष करीब 120 ऐसी रिट याचिकाएं लंबित हैं जिनमें वक्फ कानून के एक या एक से ज्यादा प्रावधानों को चुनौती दी गई है।

केन्द्र सरकार ने अपने आवेदन के जरिए अदालत को बताया कि ज्यादा मुकदमों में जवाबी हलफनामा दायर नहीं हुआ है और मौजूदा मुकदमे में याचिकाकर्ता ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष स्थानांतरण याचिका दायर कर दी है और सभी मामलों को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है।

# पार्किंग ठेकेदार की गोली मारकर हत्या, आरोपी फरार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**क्रासिंग** रिपब्लिक थाना क्षेत्र अंतर्गत जल निगम रोड पर एक फार्म हाउस के निकट पार्किग का ठेका चलाने वाले भूरा नामक शख्स की बीती रात गोली मारकर हत्या कर दी गई।

इस वारदात की सूचना मिलते ही डीसीपी रूरल, एसीपी वेब सिटी और क्रासिंग रिपब्लिक थाने के एसएचओ उमेशचंद्र नैथानी पुलिस टीम के साथ पहुंच गए। इस संदर्भ में पुलिस का कहना है कि प्राथमिक जांच में जो बात अभी तक उभरकर सामने आई है उससे पता चला है कि रात लगभग ढ़ाई-तीन के बीच दो से लेकर तीन हत्यारों ने घटनास्थल पर पहुंचकर भूरे को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया।

वारदात के संदर्भ में डीसीपी रवि कुमार ने बताया कि इस वारदात का खुलासा करने के लिए पुलिस की कई टीम बनाई गई है। पुलिस इस ऐंगल पर भी जांच कर रही है कि इस हत्या के पीछे अपराधिक साम्राज्य पर कब्जा करने की लड़ाई तो नहीं है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। दावा किया जा रहा है आरोपी जल्द पकड़े जाएंगे।

# आप का आज से लोकसभा चुनाव के लिए अभियान

- जंतर-मंतर पर सभा को सीएम केजरीवाल करेंगे संबोधित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**आम** आदमी पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार से शहीदी दिवस पर चुनाव अभियान का आगाज जंतर-मंतर पर सभा के साथ करेगी। आप इस सभा में मोदी हटाओ-देश बचाओ अभियान का आगाज करेगी। सभी को सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान सभा को संबोधित करेंगे।

दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने बुधवार को प्रेसवार्ता में कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के लंबे संघर्षों के बाद भारत को संविधान, लोकतंत्र, संसदीय प्रणाली, चुनाव आयोग, जांच एजेंसियां और न्यायपालिका मिली है। यह आज खतरे में है।

उन्होंने कहा कि 23 मार्च को जंतर मंतर पर सभा के माध्यम से आम आदमी पार्टी पूरे देश के अंदर मोदी हटाओ, देश बचाओ के नारे के साथ आगे बढ़ने जा रही है। उस सभा में आम आदमी पार्टी के सभी विधायक, सांसद, नेता, कार्यकर्ता और पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। इसी नारे के साथ कल आम आदमी पार्टी अपने अभियान की शुरुआत करेगी और यह अभियान 2024 तक चलेगा।

### प्रधानमंत्री के खिलाफ लगे पोस्टर, 100 प्राथमिकी दर्ज

*दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ पोस्टर लगाए जाने के मामले में कम से कम 100 प्राथमिकी दर्ज की हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) दीपेंद्र पाठक ने पुष्टि की कि पुलिस ने प्रधानमंत्री के खिलाफ पोस्टर चिपकाने के मामले में 100 प्राथमिकी दर्ज की हैं।*

# कामगार को मार डाला, शराब पीने के दौरान हुआ था झगड़ा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**लोनी** के ट्रानिक सिटी थाना क्षेत्र की दौलतनगर कालोनी में दो दोस्तों ने शराब पीने के दौरान हुए झगड़े में कामगार की ईंट से वार करके हत्या कर दी। शव के ऊपर पत्थर और झाड़ी डालकर उसे छिपा दिया। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही से शव को बरामद किया है। मूलरूप से बुलंदशहर में रहने वाले गोविंद परिवार के साथ लोनी के दौलत नगर कालोनी में रहते थे। वह कामगार थे। परिवार में पत्नी लक्ष्मी बच्चे कोमल, कंचन, वंश और कुनाल हैं। स्वजन ने बताया कि शुक्रवार को गोविंद घर से निकले थे। शाम तक वह वापस नहीं आए, तो उन्होंने फोन किया। उन्होंने जल्द घर आने की। पीछे से उनके दो दोस्तों की आवाज आ रही थी। कुछ देर बाद उन्होंने फिर से फोन किया तो वह बंद आने लगा।

उन्होंने आसपास तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। रविवार को उन्होंने ट्रानिका सिटी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने उसके दोस्तों बिट्टू और परवेज को हिरासत में लिया। मंगलवार शाम पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिए। उनकी निशानदेही पर गोविंद का शव कालोनी स्थित एक गड्ढे में भरे पानी के अंदर से बरामद किया। एसीपी रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि मामले में दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# विश्व जल दिवस: डीजेबी ने किया जागरुक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- ग्रीन वॉलेंटियर्स ने लोगों तक पहुंचाई यमुना की लिखी चिट्ठी, गुलाब भी भेंट किए

**दिल्ली** जल बोर्ड ने विश्व जल दिवस के मौके पर यमुना सफाई अभियान के तहत कई स्थानों पर बुधवार को जागरूकता अभियान चलाया। इसमें साझीदार चार प्रमुख एनजीओ की भागीदारी रही। यमुना सफाई अभियान के ग्रीन वॉलेंटियर्स ने लोगों को यमुना की चिट्ठी भेंट की और उन्हें गुलाब का फूल देकर उनसे नदी को स्वच्छ बनाने में सहयोग देने व जल-संरक्षण की अपील की।

दिल्ली जल बोर्ड ने यमुना एक्शन प्लान-3 प्रोजेक्ट के तहत सोशल नेटवर्क इंडिया, हरियाली सेंटर फॉर रूरल डेवलपमेंट, गंगा देवी शैक्षिक सोसाइट और रूरल एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी नाम के दिल्ली के चार एनजीओ को अपना साझीदार बनाया है। संयुक्त जागरूकता अभियान में लोगों को यमुना की स्वच्छता और जल संरक्षण के लिए जागरूक करने के लिए खास और अनोखे तरीके का इस्तेमाल किया गया। इस अभियान के दौरान आईटीओ पर यमुना सफाई अभियान के ग्रीन वॉलेंटियर्स ने लोगों को गुलाब के फूल भेंट करते हुए खास चिट्ठी भी बांटी। ग्रीन वॉलेंटियर्स ने चिट्ठी देते हुए लोगों को यमुना का महत्व बताया। साथ ही लोगों को जल संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया गया। इसके अलावा यह संयुक्त अभियान आश्रम चौक पर साझीदार एनजीओ रूरल एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी के साथ, जबकि कडकडडूमा चौक पर हरियाली सेण्टर फॉर रूरल डेवलपमेंट और पीतमपुरा टीवी टावर के पास गंगा देवी शैक्षिक सोसाइटी के साथ मिलकर चलाया गया।

### होटल में सुरक्षाकर्मी ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर स्थित एक होटल के कमरे में 24 वर्षीय एक सुरक्षाकर्मी ने आत्महत्या कर ली।

पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान मॉडल टाउन के मलिकपुर गांव के निवासी नितेश कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि कुमार मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजे होटल के एक कमरे में मृत पाया गया। पुलिस ने बताया कि उसके सिर पर पॉलीथिन लिपटा हुआ था और उसमें पाइप लगा हुआ था। उन्होंने बताया कि ऐसा संदेह है कि कुमार ने खुद को मारने के लिए कोई जहरीली गैस सूंघ ली। मामले की जांच जारी है।

# यूपीसीडा के कर्ज में डूबी देवू मोटर्स होगी नीलाम

- पिछले 21 साल से थी बंद, कंपनी के पास ग्रेनो में 204 एकड जमीन थी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**ग्रेटर** नोएडा शहर की सबसे बड़ी और पुरानी कंपनी देवू मोटर्स जल्दी नीलाम होने वाली है। हालांकि, यह 21 वर्षों से बन्द पड़ी हुई है। इस कंपनी पर भारी-भरकम कर्ज है। जिसकी वसूली के लिए इसकी जमीन नीलम की जा रही है। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण यूपीसीडा ने देवू मोटर्स कंपनी पर 777 करोड़ रुपये बकाया का दावा किया है।

अब यूपीसीडा ने ऋण वसूली न्यायाधिकरण डीआरटी मुंबई को पत्र भेजकर यह पैसा मांगा है। दूसरी तरफ 20 वर्षों से अपने हकों की लड़ाई लड़ रहे 10 हजार कर्मचारियों का भविष्य तय होगा। दक्षिण कोरिया की ऑटो मोबाइल कंपनी देवू मोटर्स 21 साल पहले वर्ष 2002 में देश से अपना कारोबार समेट चुकी है। इसका एक प्लांट ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर में यूपीसीडा के औद्योगिक क्षेत्र साइट.ए में था। यह कंपनी 204 एकड़ जमीन पर थी। यह जमीन यूपीसीडा ने आवंटित की थी। अथॉरिटी का बकाया नहीं जमा करने पर अब इसकी जमीन नीलाम की जाएगी। 18 अप्रैल को ई-नीलामी होगी। अपना पैसा वापस लेने के लिए यूपीसीडा ने डीआरटी को चिट्ठी लिखी है। ऋण अधिकारी सुनील कुमार मेश्राम ने नीलामी की सूचना जारी की है। कंपनी से करीब 1975.34 करोड़ रुपये वसूल किए जाने हैं। यह वसूली कंपनी की 204 एकड़ जमीन नीलाम करके की जाएगी। जमीन का आरक्षित मूल्य 310 करोड़ रुपये रखा गया है।

बोली में कम से कम तीन-तीन करोड़ से धनराशि की वृद्धि की जाएगी। सफल बोलीदाता को 15 दिन में जमीन की कीमत का पूरा भुगतान करना होगा। इसमें बोलीदाताओं को 13 अप्रैल तक आवेदन करना होगा। दूसरी तरफ यूपीसीडा को देवू मोटर्स से करीब 434.05 करोड़ रुपये की वसूली करनी है। इसका दावा विचाराधीन है। 2012 में यूपीएसआईडीसी ने यह दावा किया था। अब यह बकाया काफी बढ़ चुका है। यूपीसीडा ने गत तीन मार्च को ऋण वसूली न्यायाधिकरण डीआरटी को पत्र भेजा है। पत्र में बताया गया है कि 31 मार्च 2023 तक 7,77,84,86,346 रुपये बकाया हैं। अगर इसके बाद भुगतान किया जाता है तो एक अप्रैल से अतिरिक्त ब्याज देना होगा। इसके अलावा खरीदने वाले को भूखंड अपने नाम पर दर्ज कराने के लिए हस्तांतरण शुल्क भी जमा करना होगा। इसके बाद लीज डीड रजिस्ट्री होगी। देव मोटर्स में काम कर चुके पुराने कर्मचारी बताते हैं कि कंपनी में 1997 में बड़ा हादसा हो गया था। इसमें सात लोगों की मौत हो गई थी।

कंपनी में लगी पानी की टंकी गिरने से हादसा हुआ था। यूपीसीडा के रीजनल मैनेजर अनिल शर्मा ने कहा ग्रेटर नोएडा की देवू मोटर्स कंपनी पर यूपीसीडा का 777 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया है। इसके लिए ऋण वसूली न्यायाधिकरण मुंबई को पत्र भेजा गया है। ताकि बकाये की वसूली हो सके।

### गाजियाबाद में महिला बाइक मिस्त्री की दुकान जली

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में पहली महिला बाइक मिस्त्री पूनम की दुकान में मंगलवार देर रात आग लग गई। घटना में सब कुछ जलकर राख हो गया। सूचना पाकर दुकान पर पहुंची पूनम पहुंची। तो सिर्फ राख बची थी। बाइक रिपेयरिंग करने वाले सारे औजार गायब थे।

अब यहां सवाल ये है कि आग लगी या फिर लगाई गई, पति को लकवा मारने के बाद शुरू हुए इस छोटे से धंधे के खत्म होने के बाद पूनम पूरी तरह सड़क पर आ गई है। हालांकि सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने मदद करनी शुरू कर दी है। शहर में गेस्ट हाउस के पास एक ठेला खड़ा रहता है। ये ठेला बाइक की छोटी सी दुकान है।

### अमेरिकन महिला डॉक्टर ने भेजा 19 तोले सोने का मुकुट

**गाजियाबाद।** अमेरिका की प्रसिद्ध महिला डॉक्टर ने गाजियाबाद के शिवशक्ति धाम डासना में पारदेश्वर महादेव के लिए 19 तोले का सोने का मुकुट और श्रृंगार का सामान भेजा है। ये मुकुट उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के दो कारीगरों ने तैयार किया है।

महिला डॉक्टर पूर्व में मुस्लिम थीं, जो एक साल पहले धर्मांतरण करके सनातन धर्म ग्रहण कर चुकी हैं। पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर एवं डासना मंदिर के पीठाधीश्वर यति नरसिंहानंद गिरि ने बताया कि महिला डॉक्टर मूल रूप से गुजरात की रहने वाली हैं। वे फिलहाल अमेरिका में रहती हैं और वहां डॉक्टर की प्रैक्टिस करती हैं। महामंडलेश्वर के अनुसार, श्महिला डॉक्टर करीब 5 साल पहले सोशल मीडिया के जरिये मेरे संपर्क में आई थीं।

## संक्षिप्त समाचार




### राशन डीलरों ने 11 मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन ने अपनी 11- सूत्रीय मांग की पूर्ति के लिए जंतर-मंतर, नई दिल्ली में एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया। देश भर से उचित मूल्य की दुकान के डीलर अपनी मांग को लेकर दबाव बनाने के लिए हजारों की संख्या में एकत्र हुए। विशाल जनसभा को आल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव श्री. विश्वम्भर बसु ने सम्बोधित करते हुए कहा कि उनका आंदोलन सरकार से नही बल्कि सरकारी की नीतियों को लेकर राशन डीलर को दिए जाने वाले कमीशन के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि राशन डीलरों की मांग नहीं माने जाने के कारण एसोसिएशन को जंतर मंतर पर फिर से विरोध प्रदर्शन करना पड़ा। इस आंदोलन में देश भर से सभी राज्यों के राशन डीलरों ने हिस्सा लिया।

### गुरुनानक में ग्लूकोमा के मरीजों की लाइव सर्जरी



**नई दिल्ली।** गुरुनानक नेत्र चिकित्सालय फाउंडेशन दिवस के मौके पर एक दिवसीय लाइव कार्यशाला का आयोजन किया। गुरुनानक नेत्र चिकित्सालय के सभागार में आयोजित नेत्र सर्जन्स ने ग्लूकोमा के शिकार मरीजों की लाइव सर्जरी संपन्न की। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए गुरूनानक नेत्र चिकित्सालय की निदेशक डा. कीर्ति सिंह ने कहा कि डा. सुश्मिता कौशिक ने ग्लूकोमा पीड़ित की ऑपरेशन थियेटर में लाइव सर्जरी संपन्न की। वहीं, डा. संतोष होनावर ने पिटासिस सर्जरी का प्रदर्शन किया। इस दौरान डा. सुशील कुमार, डा. अजूं रस्तोगी, डा. रुचि गोयल ने अपने विचार रखे। तो वहीं, डा. संध्या मखीजा, डा. सुरती भट्टाचार्या, प्रो. मीनाक्षी ठाकुर, प्रो. पुनिता सोधी, डा. पूजा बंसल ने रेटिना विकृतियां, उपचार पर व्याख्यान दिया।

# नवरात्रि दूसरा दिन : सिद्धि प्राप्ति के लिए मां ब्रह्मचारिणी की पूजा



मां दुर्गा की नव शक्तियों का दूसरा स्वरुप देवी ब्रह्मचारिणी का हैं। यहां ब्रह्म शब्द का अर्थ तपस्या हैं। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी-तप का आचरण करने वाली। कहा भी हैं, वेदस्तत्वं तपो ब्रह्म-वेद, तत्व और तप ब्रह्म शब्द के अर्थ हैं। ब्रह्मचारिणी देवी का स्वरुप पूर्ण ज्योतिर्मय एवं अत्यंत भव्य हैं। इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बाएं हाथ में कमंडल रहता हैं।

**मां ब्रह्मचारिणी की महिमा किसी से छुपी नहीं है और आप उनके आशीर्वाद को पाकर जीवन में ज्ञान हासिल कर सकते हैं। नवदुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है।**

## क्या चढ़ाएं प्रसाद

**मां** भगवती को नवरात्र के दूसरे दिन चीनी का भोग लगाना चाहिए मां को शक्कर का भोग प्रिय है। ब्राह्मण को दान में भी चीनी ही देनी चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से मनुष्य दीर्घायु होता है। इनकी उपासना करने से मनुष्य में तप, त्याग, सदाचार आदि की वृद्धि होती है।

**पूजा विधिः** देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा करते समय सबसे पहले हाथों में एक फूल लेकर उनका ध्यान करें और प्रार्थना करते हुए नीचे लिखा मंत्र बोलें।

**श्लोक**

दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलु।
देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

**ध्यान मंत्र**

वंदे वांछित लाभायचंद्रार्घकृतशेखराम्।
जपमालाकमण्डलु धराब्रह्मचारिणी शुभाम्॥
गौरवर्णा स्वाधिष्ठानस्थिता द्वितीय दुर्गा त्रिनेत्राम।
धवल परिधाना ब्रह्मरूपा पुष्पालंकार भूषिताम्॥
परम वंदना पल्लवराधरां कांत कपोला पीन।
पयोधराम् कमनीया लावणयं स्मेरमुखी निम्ननाभि नितम्बनीम्॥

इसके बाद देवी को पंचामृत स्नान कराएं, फिर अलग-अलग तरह के फूल,अक्षत, कुमकुम, सिंदुर, अर्पित करें। देवी को सफेद और सुगंधित फूल चढ़ाएं। इसके अलावा कमल का फूल भी देवी मां को चढ़ाएं और इन मंत्रों से प्रार्थना करें।

1. या देवी सर्वभूतेषु मां ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
2. दधाना कर पद्माभ्याम अक्षमाला कमण्डलू।
देवी प्रसीदतु मई ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

इसके बाद देवी मां को प्रसाद चढ़ाएं और आचमन करवाएं। प्रसाद के बाद पान सुपारी भेंट करें और प्रदक्षिणा करें यानी तीन बार अपनी ही जगह खड़े होकर घूमें। प्रदक्षिणा के बाद घी और कपूर मिलाकर देवी की आरती करें। इन सबके बाद क्षमा प्रार्थना करें और प्रसाद बांट दें। प्रत्येक सर्वसाधारण के लिए आराधना योग्य यह श्लोक सरल और स्पष्ट है। मां जगदम्बे की भक्ति पाने के लिए इसे कंठस्थ कर नवरात्रि में द्वितीय दिन इसका जाप करना चाहिए।

या देवी सर्वभूतेषु
मांब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

## मां ब्रह्मचारिणी की कथा

पूर्वजन्म में इस देवी ने हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लिया था और नारदजी के उपदेश से भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कठिन तपस्या के कारण इन्हें तपश्चारिणी अर्थात ब्रह्मचारिणी नाम से जाना गया। एक हजार वर्ष तक इन्होंने केवल फल-फूल खाकर बिताए और सौ वर्षों तक केवल जमीन पर रहकर शाक पर निर्वाह किया। कुछ दिनों तक कठिन उपवास रखे और खुले आकाश के नीचे वर्षा और धूप के घोर कष्ट सहे। तीन हजार वर्षों तक टूटे हुए बिल्व पत्र खाए और भगवान शंकर की आराधना करती रहीं। इसके बाद तो उन्होंने सूखे बिल्व पत्र खाना भी छोड़ दिए। कई हजार वर्षों तक निर्जल और निराहार रह कर तपस्या करती रहीं। पत्तों को खाना छोड़ देने के कारण ही इनका नाम अपर्णा नाम पड़ गया। कठिन तपस्या के कारण देवी का शरीर एकदम क्षीण हो गया। देवता, ऋषि, सिद्धगण, मुनि सभी ने ब्रह्मचारिणी की तपस्या को अभूतपूर्व पुण्य कृत्य बताया, सराहना की और कहा, हे देवी आज तक किसी ने इस तरह की कठोर तपस्या नहीं की। यह आप से ही संभव थी। आपकी मनोकामना परिपूर्ण होगी और भगवान चंद्रमौलि शिवजी तुम्हें पति रूप में प्राप्त होंगे। अब तपस्या छोड़कर घर लौट जाओ। जल्द ही आपके पिता आपको लेने आ रहे हैं।

## संघर्ष में भक्तों को विचलित नहीं होने देती है मां

मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की आराधना से ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है। तप का आचरण करने वाली मां ब्रह्मचारिणी का रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या करने के कारण मां को तपश्चारिणी अर्थात ब्रह्मचारिणी नाम से जाना गया। एक हजार वर्ष तक मां ने फल-फूल खाकर बिताए और सौ वर्षों तक जमीन पर रहकर शाक पर निर्वाह किया। इसके बाद मां ने कई हजार वर्षों तक निर्जल और निराहार रहकर तपस्या की। पत्तों को खाना छोड़ देने के कारण मां का नाम अपर्णा भी पड़ा। मां दुर्गा का ब्रह्मचारिणी स्वरूप भक्तों को अनंत फल प्रदान करने वाला है। मां ब्रह्मचारिणी की कृपा से भक्तों को सर्वत्र सिद्धि और विजय की प्राप्ति होती है। मां ब्रह्मचारिणी की आराधना से जीवन के कठिन क्षणों में भक्तों को संबल प्राप्त होता है।

## नवरात्रि के नौ दिनों के नौ सरल उपाय, अवश्य आजमाएं

- नवरात्रि के दिनों में हर नौ दिन हनुमान जी को पान का बीड़ा अर्पित करें।
- इन नौ दिनों में अगर अखंड दीपक नहीं जला पा रहे हैं तो सुबह शाम घी या तेल का दीप जलाना न भूलें। दीपक में चार लौंग डाल दें।
- पांच प्रकार के सूखे मेवे लाल चुनरी में रखकर माता रानी को अर्पित करें।
- देवी मंदिर में लाल रंग की ध्वजा (पताका, परचम, झंडा) किसी भी दिन जाकर चढ़ाएं।
- देवी मां को ताजे पान के पत्ते पर सुपारी और सिक्के रखकर समर्पित करें।
- मां दुर्गा को सात इलायची और मिश्री का भोग लगाएं।
- मखाने के साथ सिक्के मिलाकर देवी को अर्पित करें और फिर उसे गरीबों में बांट दें।
- छोटी कन्याओं को छोटे-छोटे पर्स में दक्षिणा रखकर लाल रंग के किसी भी गिफ्ट के साथ भेंट करें।
- नवरात्र के दौरान अपने घर में सोना या चांदी की कोई भी शुभ सामग्री ***( स्वास्तिक, ऊँ, श्री, हाथी )*** कलश,दीपक, गरूड़ घंटी, पात्र, कमल, श्रीयंत्र,आचमनी, मुकुट, त्रिशूल) खरीदें और देवी दुर्गा के चरणों में रखें और इसकी पूजा करें। फिर नवरात्र के अंतिम दिन उस सामग्री को गुलाबी रेशमी कपड़े में बांधकर तिजोरी और रुपये रखने की जगह रख दें। इससे आश्चर्यजनक रूप से धन में वृद्धि होगी।

### नवरात्रि में क्या करें

- प्रतिदिन मंदिर जाना।
- देवी को जल अर्पित करना।
- नंगे पैर रहना।
- जवारे रखना।
- नौ दिनों तक व्रत रखना।
- माता की अखंड ज्योति जलाना।
- नौ दिनों तक देवी का विशेष श्रृंगार करना।
- कन्या भोजन कराना।
- अष्टमी-नवमी पर विशेष पूजा करना।

## व्रत के दौरान साबूदाना टिक्की बनेगी बेस्ट ऑप्शन

**मातारानी के पावन पर्व नवरात्रि चल रहे हैं। इन दिनों में भक्त व्रत-उपवास रखते हैं जिसमें फलाहार के तौर पर साबूदाने को शामिल किया जाता हैं। आज हम आपके लिए साबूदाना टिक्की बनाने की रेसिपी लेकर आए हैं जो फलाहार के तौर पर बेहतरीन ऑप्शन साबित होगा। तो आइए जानते हैं इसकी रेसिपी के बारे में।**

### आवश्यक सामग्री



साबूदाना - 125 ग्राम
उबले मैश्ड आलू - 130 ग्राम
हरी मिर्च - 2 (कटी हुई)
जीरा पाउडर - 1/2 छोटा चम्मच
काजू - 10-15 (कटे हुए)
अमचूर पाउडर - 1/2 छोटा चम्मच
सेंधा नमक - स्वाद अनुसार
तेल - टिक्की तलने के लिए

### बनाने की विधि

सबसे पहले साबूदाना को धोकर रातभर पानी में भिगोएं।
अगली सुबह साबूदाना पानी से अलग कर लें।
एक बाउल में तेल छोड़कर बाकी की सामग्री मिलाएं।
तैयार मिश्रण से टिक्कियां बना लें।
पैन में तेल गर्म करके टिक्कियों को गोल्डन ब्राउन होने तक तलें।
इसे सर्विंग प्लेट में निकाल कर पुदीने की चटनी के साथ सर्व करें।

# तिरुपति बालाजी के दर्शन हुए महंगे, साथ में लेकर जाएं इतने पैसे नहीं तो बिन दर्शन लौटना होगा घर

**भक्त हर साल बड़ी संख्या में तिरुपति बालाजी के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। बता दें कि इस मंदिर की गिनती देश के अमीर मंदिरों में की जाती है। हालांकि अगर आप भी इस मंदिर में दर्शन के लिए आना चाहते हैं तो एक बार आपको अपना बजट देखना पड़ेगा।**



**भारत** देश में आपको अनेक पुराने मंदिर मिल जाएंगे। हर मंदिर की अपनी मान्यता है। इनमें से एक मंदिर तिरुपति बालाजी का है। जिसकी गिनती देख के अमीर मंदिरों में की जाती है। बता दें कि यहां पर हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। ऐसा कोई भी महीना नहीं होता जब यहां पर भक्तों की भीड़ नहीं होती है। वहीं भक्तों की सुविधा का खास ख्याल रखते हुए दर्शन के लिए ऑनलाइन टिकट की सुविधा भी शुरू कर दी गई है। जिसके कारण टिकट लेने के लिए अब भक्तों को लंबी लाइन में नहीं लगना पड़ेगा।

### ऑनलाइन टिकट

मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट पर समय-समय पर दर्शन के लिए ऑनलाइन टिकट भी जारी होती रहती हैं। टीटीडी ने दर्शनों के लिए जनवरी से फरवरी 2023 के 9 जनवरी को सुबह 10 बजे टिकट जारी की थी। इस टिकट की कीमत 300 रुपए है। यहां पर आप 28 फरवरी तक के ञनलाइन टिकट बुक करवा सकते हैं। आज इस आर्टिकल के माध्यम से हम आपको टिकट से जुड़ी कुछ खास बातें बताने जा रहे हैं।

### दर्शन करना हुआ महंगा

तिरुमाला में हाल ही में मॉडर्न तरीके से गेस्ट हाउस और कॉटेज बनाए गए हैं। टीटीडी ने इनके किराए में करीब 10 गुना बढ़ोत्तरी हो गई है। जहां का किराया 150 रुपये है, अब वहीं का किराया 1700 रुपये हो गया है। बता दें कि पहले नारायणगिरी गेस्ट हाउस में कमरे का किराया 750 रुपये था। अब इसका किराया 1700 रुपये हो गया है। इसी तरह से कॉटेद का किराया 750 से बढ़ाकर 2200 रुपये कर दिया गया है।

### ऐसे बुक करें ऑनलाइन टिकट

ऑनलाइन टिकट बुक करने के लिए सबसे पहले तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम की आधिकारिक वेबसाइट tirupatibalaji.ap.gov.in पर जाएं। होम पेज पर ऑनलाइन बुकिंग का ऑप्शन चुनें और फिर इसके बाद टीटीडी दर्शन बुकिंग ऑनलाइन चुनें। इसमें आपको ईमेल आईडी और पासवर्ड डालकर एक अकाउंट क्रिएट करना होगा और फिर सबमिट पर क्लिक कर दें। इसके बाद मांगी गई आवश्यक जानकारी और जरूरी डॉक्यूमेंट्स डालकर टीटीडी टिकट के लिए ऑनलाइन बुकिंग फॉर्म भरें।

ऑनलाइन टिकट की बुकिंग के लिए आप क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड या फिर नेट बैंकिंग से ऑनलाइन पेमेंट कर सकते हैं।

पेमेंट करने के बाद ईमेल या टीटीडी वेबसाइट से डाउनलोड के जरिए 300 रुपये का टीटीडी टिकट मिल जाएगा।

### कैसे पहुंचे तिरुमाला

तिरुपति बालाजी के दर्शन करने के लिए आप हवाई यात्रा और ट्रेन से सफर कर सकते हैं। हालांकि हवाई यात्रा आपको थोड़ी महंगी ज्यादा पड़ेगी, लेकिन कम समय में आप यहां पर पहुंच जाएंगे।

### गेस्टहॉउस की लिस्ट और कीमत

तिरुपति श्रीनिवासम कॉम्प्लेक्स- 200 रुपये।
तिरुपति विष्णु निवासम- 300 रुपए
तिरुपति सेरीनिवासम परिसर- 400 रुपये।
तिरुपति विष्णु निवासम- 500 रुपए
तिरुपति विष्णु निवासम- 1300 रुपये

### शुक्रवार को मिलते हैं दर्शन

तिरुपति मंदिर में भगवान बालाजी के दिन में तीन बार दर्शन होती है। तीनों बार उनका स्वरूप अलग-अलग होता है।

सुबह के दर्शन के समय वाला पहला रूप विश्वरूप कहलाता है। इसके बाद दोपहर और फिर रात में दर्शन होते हैं। इसके अलावा यहां अन्य स्वरूपों के भी दर्शन किया जाता है। अन्य स्वरूपों के दर्शन के लिए आपको अलग-अलग शुल्क देना होता है। वहीं शुक्रवार को भगवान के पूरे स्वरूप के दर्शन होते हैं।

# मथुरा में देवी स्वरूप में विराजमान हैं 'कान्हा, सच्ची सहेली' बनकर राधा रानी को दिए थे दर्शन



**ब्रज** में यूं तो कई मंदिर हैं, लेकिन नंदगांव के सांचौली गांव में मां सांचौली देवी का मंदिर है। वो अपने आप में अनूठा है। यहां भगवान श्रीकृष्ण देवी स्वरूप में विराजमान हैं। नवरात्रि के दिनों में यहां भक्तों की भारी भीड़ लगती है। यूं तो मथुरा के ब्रज में हर तरफ मंदिर ही मंदिर देखने को मिलते हैं और चारों तरफ सिर्फ मंदिरों की ही आवाज आती रहती हैं, जहां राधा-कृष्ण के नाम का जाप होता रहता है, लेकिन जब बात की जाए ब्रज में देवी मां की तो इनके भी मंदिर काफी बने हुए हैं और देवी माता के मंदिर के साथ-साथ उनकी परंपरा भी काफी प्राचीन और कहानी बेहद रोचक है।

आज हम आपको बता रहे हैं मथुरा क्षेत्र के अंतर्गत एक ऐसा देवी मां के मंदिर की कहानी, जहां भगवान कृष्ण खुद देवी के रूप में दर्शन दिए थे। तभी से लगातार यह परंपरा चली आ रही है कि आज भी भगवान देवी के रूप में विराजमान रहते हैं और भक्तों को दर्शन देते हैं। यह मंदिर मथुरा जिले के नंदगांव से आठ किलोमीटर दूर एक गांव में स्थित है।

इस गांव का नाम मां देवी के नाम पर ही पड़ा है। साथ ही उस मंदिर का नाम सांचौली देवी मंदिर है। इस नाम से ही गांव का नाम सांचौली पड़ा है। यह काफी बेहद पुराना द्वापर युग से बना हुआ देवी मां का मंदिर है, जिसमें भगवान कृष्ण खुद देवी का रूप धारण करके विराजमान हैं और भक्तों को दर्शन देते हैं।

### सखियों के साथ वन में जाती थीं राधा

प्राचीन परंपराओं के अनुसार, द्वापर युग में जब देवी राधा अपनी सखियों के साथ वन में जाया करती थीं और भगवान श्रीकृष्ण भी वन में गाय चराने आया करते थे, तभी देवी राधा अपनी सखियों के साथ कृष्ण से मिलने आती थीं। एक दिन जब देवी राधा श्रीकृष्ण से मिलने जा रही थीं तो देवी राधा के पिता बृजभान उन्हें रोका और पूछा कि पुत्री तुम कहां जा रही हो, तभी अचानक देवी राधा के मुख से देवी मां के दर्शन करने की बात निकली, जिसको लेकर देवी राधा के पिता ने कहा कि चलो हम भी तुम्हारे साथ चलते हैं और उन देवी के दर्शन करते हैं। इस बात को सोचकर देवी राधा काफी भयभीत होने लगीं और मन ही मन भगवान श्रीकृष्ण से कहने लगी कि सच्ची अलि (सच्ची सहेली) अब तुम ही मेरी लाज रखो।

### कृष्ण ने बचाई राधा की लाज

वहीं बरसाना से देवी राधा और उनके पिता साथ में निकले और दर्शन करने के लिए आए। तभी भगवान श्रीकृष्ण पेड़ के नीचे बैठे थे और देवी राधा के मन की पीड़ा को पहचान चुके थे। चलते-चलते काफी देर होने के पश्चात देवी राधा के पिता ने पूछा कि पुत्री कहां है मंदिर। इस पर देवी राधा ने कहा कि उन झाड़ियों के पास है, जैसे ही देवी राधा अपनी सहेलियों साथ पहुंचीं तो भगवान श्रीकृष्ण वहां देवी के रूप में विराजमान थे।

तभी से राधा के मुख से सच्ची अलि शब्द निकला, जिसके चलते मंदिर का नाम सांचौली पड़ा और उसी दिन से यह मंदिर वहीं स्थापित हो गया है, जहां आज भी नवदुर्गा में चैत्र मास और शारदीय मास में मेला लगता है और हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। मां उनकी मनोकामना को पूर्ण करती हैं।

# नियमित करें व्यायाम

**विशेषज्ञ** हमें बताते हैं कि हम किस प्रकार थायरॉयड विकारों व उनके कारणों को अपने से दूर रख सकते हैं। एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (ऐसोचैम) जो देश के शीर्ष व्यापार संघों में से एक है, बीमारी से कल्याण अभियान पर वेबिनार श्रृंखला के एक और संस्करण का आयोजन किया। यह वेबिनार श्रंखला 'थायराइड व संबंधित रोग- स्वास्थ्य पर प्रभाव' से संबंधित थी।

ऐसोचैम ने इस वेबिनार का आयोजन थायराइड की रोकथाम और उपचार के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता और जानकारी का प्रसार करने के उद्देश्य से किया। इस वर्चुअल कार्यक्रम को प्रख्यात गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, हेपेटोलॉजिस्ट की एक टीम द्वारा आयोजित किया गया था, जिन्होंने थायरॉयड के उपचार में कारणों, रुझानों और हाल की प्रगति पर अपनी मूल्यवान जानकारियों को साझा किया था।

सेवलोन द्वारा समर्थित सीएसआर इनीशिएटिव के तहत चल रहे ऐसोचैम के इस अभियान का उद्देश्य स्वस्थ आदतों, आहार, व्यायाम व समग्र स्वास्थ्य के माध्यम से कल्याण और रोग निवारक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के साथ स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर डॉ. जोशी ने अपने दृष्टिकोण को साझा करते हुए कहा, थायराइड विकार तब होता है जब थायरॉयड ग्रंथि स्थायी या अस्थायी रूप से ठीक से काम नहीं करती है। हालांकि, यह बीमारी उपचार योग्य है और किसी को तीन महीने में एक बार एंडोक्रिनोलॉजिस्ट से परामर्श करने की आवश्यकता होती है और कुछ मामलों में साल में केवल एक बार।



डॉ. जोशी ने स्वस्थ जीवन शैली, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम शासन का पालन करने पर भी जोर दिया।

डॉ. त्रिपाठी ने एसोचैम के वेबिनार को संबोधित करते हुए विभिन्न थायरॉयड विकारों के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि हाइपर-थायरायडिज्म के बाद सबसे आम थायराइड विकार हाइपो-थायरायडिज्म है। हाइपोथायरायडिज्म जन्म के समय जन्मजात हाइपोथायरायडिज्म से आरंभ होकर वयस्क की शुरुआत में हाइपोथायरायडिज्म और यहां तक कि बुजुर्ग आयु तक व्यक्ति के पूरे जीवन काल को प्रभावित कर सकता है। हाइपोथायरायडिज्म का उपचार आमतौर पर आजीवन होता है, लेकिन इसे शुरू करना और जारी रखना आसान है और वो भी इसके साइड इफेक्ट्स से प्रभावित हुए बिना। कार्यक्रम में प्रतिभागी डॉ कपूर ने अपने संबोधन में यह भी बताया कि थायराइड गले में एक तितली के आकार की ग्रंथि है, जिसका वजन लगभग 18 ग्राम है, यह कोई बीमारी नहीं है। कार्यशील ग्रंथियों के कारण हाइपोथायरायडिज्म होता है और ग्रंथि की अति क्रियाशीलता हाइपरथाइरोएडिज्म की ओर ले जाती है। चैंबर की ओर से, राजपूत ने कहा कि नियमित व्यायाम दिनचर्या का पालन करते हुए, कम वसा, कम चीनी, कम चावल और उच्च फाइबरयुक्त आहार के साथ स्वस्थ वजन बनाए रखना हर किसी के लिए ऐसी बीमारियों को दूर रखने में दूरगामी स्तर पर कारगर हो सकता है।

उन्होंने कहा कि भारत में 42 मिलियन से अधिक लोग थायरॉयड बीमारियों से पीड़ित हैं और 10 वयस्कों में से एक व्यस्क हाइपोथायरायडिज्म से पीड़ित है - यानी एक ऐसी स्थिति जिसमें थायरॉयड ग्रंथि शरीर की जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक हार्मोन का उत्पादन नहीं करती है। यह गर्भावस्था के दौरान गंभीर जटिलताएं भी पैदा कर सकती है।

# 12 शहरों में होंगे वनडे क्रिकेट वर्ल्ड कप के मैच, पांच अक्टूबर को शुरुआत

## नौ नवंबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा फाइनल

**एजेंसी। दुबई**

**भारत** की मेजबानी में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के शेड्यूल का खुलासा हो गया है। यह पहली बार होगा जब भारत अकेले इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। इस टूर्नामेंट की शुरुआत पांच अक्टूबर से हो सकती है। वहीं, फाइनल 19 नवंबर को खेला जा सकता है। खिताबी मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा सकता है, जो कि दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम भी है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस बड़े क्रिकेट आयोजन के लिए कम से कम एक दर्जन स्थानों को चुना है, जिसमें बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, धर्मशाला, गुवाहाटी, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, इंदौर और राजकोट जैसे शहर शामिल हैं। मुंबई। टूर्नामेंट में 46 दिनों में कुल 48 मैच होंगे। बीसीसीआई ने हालांकि, मैचों के लिए अभी तक कोई विशेष स्थान का चुनाव नहीं किया है और न ही वार्म अप मैचों को लेकर शहर चुने हैं। यह देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग समय पर मानसून के मौसम की वजह से है। आमतौर पर आईसीसी विश्व कप के कार्यक्रमों की घोषणा कम से कम एक साल पहले कर देता है, लेकिन बीसीसीआई भी भारत सरकार से आवश्यक मंजूरी का इंतजार कर रहा है। इनमें पाकिस्तान टीम के लिए कर में छूट और वीजा मंजूरी लेना शामिल है। भारत और पाकिस्तान ने 2012-13 के बाद से कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली है। तब से दोनों टीमें केवल आईसीसी प्रतियोगिताओं में या एशियन क्रिकेट काउंसिल के टूर्नामेंट्स में ही एक-दूसरे के खिलाफ खेली हैं।

दुबई में पिछले सप्ताह के अंत में आईसीसी की तिमाही बैठकों में, बीसीसीआई ने आईसीसी को आश्वासन दिया था कि पाकिस्तानी टीम के वीजा को भारत सरकार द्वारा मंजूरी दे दी जाएगी। वहीं, टैक्स में छूट के मुद्दे पर, बीसीसीआई सरकार की स्थिति के बारे में आईसीसी को जल्द से जल्द अपडेट दे सकता है। टैक्स में छूट उस समझौते का हिस्सा रही है, जिस पर बीसीसीआई ने 2014 में आईसीसी के साथ हस्ताक्षर किए थे।

### टैक्स में छूट देने को लेकर बीसीसीआई और आईसीसी की डील

**भारत** को तीन कार्यक्रमों की मेजबानी दी गई थी, जिसमें 2016 आईसीसी टी-20 विश्व कप, 2018 चैंपियंस ट्रॉफी (जिसे बाद में 2021 टी-20 विश्व कप में बदल दिया गया था) और 2023 वनडे विश्व कप। समझौते के अनुसार, बीसीसीआई टैक्स में छूट हासिल करने में आईसीसी की मदद करने के लिए बाध्य है। पिछले साल, आईसीसी को भारतीय कर अधिकारियों द्वारा सूचित किया गया था कि 2023 विश्व कप से उसके ब्रॉडकास्ट रेवेन्यू के लिए 20 प्रतिशत टैक्स ऑर्डर लिया जाएगा। बीसीसीआई ने 2023 विश्व कप से आईसीसीस की ब्रॉडकास्टिंग इनकम 533.29 मिलियन अमरीकी डॉलर बताई है।



## महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप

# नीतू गंघास ने भारत का पहला पदक पक्का किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**राष्ट्रमंडल** खेलों की चैम्पियन नीतू गंघास (48 किलो) ने महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत का पहला पदक पक्का कर लिया।

हरियाणा की 22 वर्ष की नीतू ने दूसरे दौर में आरएससी (रैफरी के द्वारा मुकाबला रोका जाना) के आधार पर जापान की माडोका वाडा को हराया। उसने पूरी आक्रामकता के साथ खेलते हुए विरोधी पर जमकर घूंसे बरसाए। रैफरी ने मुकाबला रोककर नीतू के पक्ष में फैसला दिया। नीतू ने तीनों मुकाबले आरएससी फैसले पर जीते हैं।



# आईपीएल-डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर हो सकते हैं श्रेयस

## पीठ दर्द के चलते आखिरी टेस्ट और वनडे सीरीज नहीं खेला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**इंडिया** के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर आईपीएल और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल से बाहर हो सकते हैं। पीठ में दर्द के चलते श्रेयस ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट और वनडे सीरीज भी नहीं खेल सके थे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रेयस अय्यर को डॉक्टरों ने सर्जरी की सलाह दी है। अगर उनकी सर्जरी होती है तो क्रिकेट के मैदान में वापसी करने में कम से कम पांच महीने लग सकते हैं। ऐसे में वो आने वाले अहम टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। दावा किया जा रहा है कि श्रेयस की सर्जरी लंदन या फिर भारत के किसी अस्पताल में होगी। इस दौरान बीसीसीआई उन पर नजर बनाए रखेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अय्यर को लेकर अब तक कुछ नहीं कहा है।

आईपीएल के मैच 31 मार्च से शुरू होंगे। ये टूर्नामेंट मई के आखिर तक चलेगा। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सात से 11 जून तक इंग्लैंड के ओवल में खेला जाएगा। जहां तक बात वनडे वर्ल्ड कप की है तो यह 5 अक्टूबर से शुरू होगा। यानी सर्जरी की स्थिति में अय्यर के पास ये टूर्नामेंट खेलने के चांस रहेंगे।

आईपीएल 2022 मेगा ऑक्शन में केकेआर ने अय्यर को 12.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। पिछले सीजन भले ही अय्यर की कप्तानी में केकेआर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी, लेकिन उन्होंने अपने बल्ले से शानदार खेल दिखाया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अय्यर के चोटिल होने के बाद केकेआर ने नए कप्तानी विकल्पों की तलाश शुरू हो गई है। अभी तक केकेआर ने अय्यर की चोट और कप्तान के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया है।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ भी वनडे में नहीं खेल सके

**चोट** के कारण ही अय्यर न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट नहीं खेले थे। उन्होंने बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा किया था। वे टेस्ट टीम में वापस लौटे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा और तीसरा टेस्ट खेला। पीठ का दर्द फिर बढ़ गया, चौथे टेस्ट में श्रेयस बाहर हो गए थे। वह टीम में तो थे, लेकिन बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। उसके बाद उन्हें स्कैन के लिए भेजा गया था। जहां उनकी चोट के गंभीर होने का पता चला।



**सर्जरी हुई तो 5 महीने लगेंगे**

### स्विस ओपन : सेन पहले दौर से बाहर, श्रीकांत और मंजूनाथ अगले दौर में

**बासेल।** राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन लक्ष्य सेन की खराब लय जारी रही जिससे वह बुधवार को यहां स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर से बाहर हो गए जबकि सीनियर हमवतन किदाम्बी श्रीकांत ने बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं 2021 विश्व चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत को चीन के वेंग होंग यांग को 21-16,15-21, 21-18 से हराने में मशक्कत करनी पड़ी और अब वह दूसरे दौर में हांगकांग के चेयूक यियू ली से भिड़ेंगे जिन्होंने दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी सेन की चुनौती समाप्त की।

आठवें वरीय सेन 18-21 11-21 से मिली हार से पुरूष एकल स्पर्धा से बाहर हो गए। लेकिन मिथुन मंजूनाथ ने नीदरलैंड के जोरान क्वीकेल पर सीधे गेम में 21-8 21-17 से जीत दर्ज कर पुरूष एकल के प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना क्वालीफायर चीनी ताइपे के क्वालीफायर चिया हाओ ली से होगा। महिला युगल में सिक्की रेड्डी और आरती सारा सुनील की जोड़ी भी पहले दौर में हारकर बाहर हो गई।

# हार्दिक, कुलदीप की गेंदबाजी के बावजूद भी आस्ट्रेलिया ने दिया 270 रन का लक्ष्य

**एजेंसी। चेन्नई**

**हार्दिक** पंड्या के शानदार शुरुआती स्पैल और कुलदीप यादव की फिरकी ने आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर लगाम कसी लेकिन उसके पुछल्ले बल्लेबाजों ने बुधवार को यहां तीसरे और अंतिम वनडे में भारत के खिलाफ 49 ओवर में सिमटने से पहले 269 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में मदद की। पंड्या (आठ ओवर में 44 रन देकर तीन विकेट) ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को आउट किया तो कुलदीप ने चेन्नई की मददगार पिच पर ऐसी शानदार गेंद पर एलेक्स कैरी को आउट किया जो बॉल ऑफ द सीरीज रही।

बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप की लेग ब्रेक गेंद पर कैरी चकमा खाकर बोल्ड हुए और इस भारतीय गेंदबाज की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। आस्ट्रेलिया का स्कोर पांच विकेट पर 138 रन था लेकिन कैरी और मार्क स्टोइनिस (25) के बीच छठे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी तथा सीन एबोट (26) और एशटन एगर (17) के बीच आठवें विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी से मेहमान टीम ने दबदबा बनाया। फिर मिचेल स्टार्क और एडम जम्पा ने अंतिम विकेट के लिए महत्वपूर्ण 22 रन जोड़े। आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया जिसके बाद मिचेल मार्श (47 गेंद में 47 रन) और ट्रेविस हेड (31 गेंद में 33 रन) ने पहले विकेट के लिए 68 रन जोड़कर इसे सही साबित किया। पर पंड्या ने अपने पहले तीन ओवरों में तीन अलग अलग तरह की गेंदों पर विकेट झटककर लय पूरी तरह से मेजबान टीम के पक्ष में कर दी। डेविड वॉर्नर (31 गेंद में 23 रन) और मार्नस लाबुशेन (45 गेंद में 28 रन) को अपने शॉट चयन का खामियाजा भुगतना पड़ा और दोनों कुलदीप की गेंदों का शिकार बने। एलेक्स कैरी ने 46 गेंद में 38 रन जोड़ लिए थे, पर वह भारत के स्टार के स्पिनर के झांसे में फंसकर पवेलियन पहुंच गए। पहले दो मैचों में शानदार पारी खेलने वाले मार्श ने यही लय जारी रखी और पहले पावरप्ले में चौकों (आठ) की झड़ी लगा दी और एक छक्का जड़ा। हेड ने भी मिले मौकों पर रन जुटाए। शुभमन गिल इस दौरान कैच छोड़कर हेड को आउट करने का मौका गंवा बैठे, पर फिर पंड्या की बैक ऑफ द लेंथ गेंद पर इस बल्लेबाज ने डीप थर्ड मैन पर जोरदार शॉट लगाने के प्रयास किया और कुलदीप ने यह कैच लपकने में



# पीटी ऊषा को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित करेगी केरल विवि

**एजेंसी। कासरगोड (केरल)**

**सेंट्रल** यूनिवर्सिटी ऑफ केरल ने बुधवार को कहा कि वह महान ट्रैक एंव फील्ड एथलीट पीटी ऊषा को खेलों में उनके अपार योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित करेगी।

आधिकारिक बयान के अनुसार ऊषा भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष ऊषा केरल के इस विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित की जाने वाली पहली सदस्य होंगी।

ऊषा ने एशियाई खेलों और एशियाई चैम्पियनशिप में देश के लिए कुल 33 पदक जीते हैं जिसमें 19 स्वर्ण पदक हैं। वह एशियाई खेलों में लगातार चार पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं।

# मोहम्मद सिराज गेंदबाजों की आईसीसी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसके

## मिचेल स्टार्क सिराज के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंचे

**एजेंसी। दुबई**

**आस्ट्रेलिया** के जोश हेजलवुड ने वनडे गेंदबाजों के लिए बुधवार को जारी ताजा आईसीसी रैंकिंग में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को शीर्ष स्थान से हटा दिया जिससे यह भारतीय तीसरे स्थान पर खिसक गया। एक अन्य आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क भी ऊपर की ओर बढ़कर सिराज के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गए। स्टार्क ने भारत में तीन मैचों की श्रृंखला के पहले दो वनडे में प्रभावित किया था। सिराज ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में 29 रन देकर तीन विकेट झटककर शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को जीत दिलाने में मदद की थी। हालांकि वह दूसरे वनडे में काफी खर्चीले रहे, उन्होंने तीन ओवरों में 37 रन दे दिए जिससे वह शीर्ष रैंकिंग गेंदबाज का अपना स्थान गंवा बैठे। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को विशाखापत्तनम में दूसरे वनडे के दौरान मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड ने धुन दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### एमएलसी में टैक्सास सुपर किंग्स के कोच होंगे फ्लेमिंग

**डलास।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग मेजर क्रिकेट लीग में डलास स्थित टैक्सास सुपर किंग्स टीम के कोच होंगे जिसने आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स के साथ करार किया है। चार बार की आईपीएल चैम्पियन सीएसके ने हाल ही में कहा था कि अमेरिका में नए टी-20 टूर्नामेंट के मुताल्लिक वह कोई बड़ा खुलासा करेगी। टीएसके ने एक बयान में कहा कि उसे सीएसके के अनुभव का मैदान पर लाभ मिलेगा। इसने एक बयान में कहा, टैक्सास सुपर किंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग होंगे जो न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स के कोच है। उन्होंने न्यूजीलैंड के कप्तान के तौर पर 2005 में पहला टी-20 मैच खेला था। फ्लेमिंग के साथ सीएसके चार बार आईपीएल खिताब जीत चुकी है। सीएसके के अलावा 13 जुलाई से शुरू हो रही एमएलसी में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस ने भी निवेश किया है।

### कैंसर मुक्त हुई नवरातिलोवा, टीवी कमेंट्री पर लौटी

**लंदन।** महान टेनिस खिलाड़ी मार्तिना नवरातिलोवा ने कहा है कि वह गले और स्तन के कैंसर से उबर चुकी हैं और मियामी ओपन के जरिए टीवी चैनल के लिए अपने काम पर लौट आई हैं। 18 बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैम्पियन ने कहा, वापसी करके अच्छा लग रहा है। यहां आकर रोमांचित हूं। काम करके खुश हूं। उन्होंने कहा कि कैंसर के उपचार के दौरान उनका स्वाद चला गया और 15 पाउंड वजन भी कम हो गया। वह आस्ट्रेलियाई ओपन और बीएनपी परीबस ओपन में टीवी पर नजर नहीं आई। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा, जहां तक मुझे डॉक्टरों ने बताया है कि अब मुझे कैंसर नहीं है। मैं चेकअप कराती रहूंगी। नवरातिलोवा को 2010 में स्तर के कैंसर का पता चला था।

### भारतीय प्रवासी ने इजराइल किक बाक्सिंग चैम्पियनशिप जीती

**यरूशलम।** मिजोरम से 2020 में इजराइल आकर बसे भारतीय ओबेद हरंगचल ने यहां किकबाक्सिंग चैम्पियनशिप जीती जिससे इस प्रवासी यहूदी के अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व करने की संभावना है। हरंगचल ने शुक्रवार को गालीली में 57 किग्रा श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करते हुए खिताब जीता। इसमें देश भर के क्लबों से 150 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया। यह जानकारी एक वेबसाइट ने दी। पूर्वोत्तर भारत में बनेई मेनाशे यहूदी समुदाय के सदस्य हरांगचल आइजोल में मिक्स्ड मार्शल आर्ट एवं किकबाक्सिंग चैंपियन थे। वह अब इजरायल के मालोट शहर में एशिवा (धार्मिक यहूदी शैक्षणिक संस्थान) के छात्र हैं। वह 2020 में अपने परिवार के साथ इजराइल में बस गए थे। उन्होंने पीटीआई से कहा, मैं इस जीत से बहुत खुश हूं।

# निशानेबाजी विश्व कप: एयर पिस्टल में सरबजोत सिंह ने जीता स्वर्ण

**एजेंसी। भोपाल**

**भारत** के सरबजोत सिंह ने आईएसएसएफ पिस्टल राइफल विश्व कप में पुरुषों के एयर पिस्टल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत के पदकों का खाता खोला जबकि वरूण तोमर को इसी स्पर्धा में कांस्य पदक मिला। भारतीय महिला एयर पिस्टल निशानेबाज हालांकि पदक नहीं जीत सकीं। मनु भाकर, दिव्या सुब्बाराजू और रिदम सांगवान को पराजय हाथ लगी।

दो साल पहले टीम और मिश्रित टीम वर्ग में जूनियर विश्व चैम्पियन रहे सरबजोत ने अजरबैजान के रूस्लान लुनेव को 16-0 से हराया। उन्होंने इससे पहले क्वालीफाइंग दौर में 585 अंक बनाए थे। सरबजोत ने क्वालीफिकेशन सीरिज में 98, 97, 99, 97, 97, 97 का स्कोर किया। चीन के लियु जिनयाओ दूसरे स्थान पर रहे। रैंकिंग या एलिमिनेशन दौर में सरबजोत ने 253.2 और रूस्लान ने 251.9 अंक बनाए। वरूण 250.3 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। आईएसएसएफ के नए प्रारूप के तहत फाइनल में एक शॉट जीतने पर दो अंक मिलते हैं और 16 अंक पहले पूरे करने वाला विजेता होता है। महिला वर्ग में दिव्या ने क्वालीफिकेशन दौर में 579 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। वह फाइनल में पांचवें स्थान पर रही जबकि चीन की लि शूइ ने स्वर्ण, जर्मनी की डोरीन वी ने रजत और चीन की वेइ कियान ने कांस्य पदक जीता।



# त्रिसा और गायत्री स्विस ओपन महिला युगल के पहले दौर से बाहर

**एजेंसी। बासेल**

**ऑल** इंग्लैंड चैम्पियनशिप सेमीफाइनल तक पहुंची भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल वर्ग के पहले दौर से बाहर हो गई। त्रिसा और गायत्री को दूसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की अप्रियानी राहायू और सिति फाडिया सिल्वा ने 21-14, 21-14 से हराया।

पिछले सप्ताह आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए त्रिसा और गायत्री सेमीफाइनल तक पहुंची थी। इस बीच मालविका बंसोड़ ने अमेरिका की लौरेन लाम को 21-17, 21-7 से हराकर महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। महिला युगल में सिक्की रेड्डी और आरती साहा ने पौला लिन काओ होक और लौरेन लाम को 21-15, 15-21, 21-18 से हराकर मुख्य ड्रॉ में क्वालीफाई किया।



मिश्रित युगल में रोहन कपूर और सिक्की रेड्डी ने जर्मनी के पैट्रिक शेइल और फ्रांसिस्का वोल्कमैन को 21-17, 15-21, 21-18 से हराया। मीराबा लुवांग मेइसनाम और प्रियांशु राजावत हालांकि मुख्य ड्रॉ में जगह नहीं बना सके। रोहन कपूर और बी सुमीत रेड्डी भी पुरुष युगल क्वालीफाइंग दौर में ही हार गए।

### भारत की सफेद गेंद की टीम के खिलाड़ी लेंगे ब्रेक

**नई दिल्ली।** भारत के जो खिलाड़ी आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला का हिस्सा हैं, उन्हें 31 मार्च से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में अपनी टीमों के शिविरों से जुड़ने से पहले तीन से चार दिन का संक्षिप्त ब्रेक मिलेगा। गत चैम्पियन गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स अहमदाबाद में सत्र के शुरूआती मुकाबले में आमने सामने होंगे। समझा जा सकता है कि विश्व कप को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों के कार्यभार प्रबंधन पर कड़ी नजर रखी जा रही है जिससे उन्हें आराम देना सर्वोपरि है। कुछ खिलाड़ी सीधे ही आईपीएल टीमों से जुड़ सकते हैं लेकिन उनके पास तीन-चार दिन का ब्रेक लेने का विकल्प होगा ताकि वे अपनी आईपीएल टीमों से जुड़ने से पहले घर पर कुछ आराम कर सकें।

## विमेंस प्रीमियर लीग

# लीग की दूसरी फाइनलिस्ट टीम का फैसला होगा कल

## दिल्ली कैपिटल्स डब्ल्यूपीएल के फाइनल में पहुंची

## आखिरी लीग मैच में यूपी को पांच विकेट से हराया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**दिल्ली** कैपिटल्स ने पहली विमेंस प्रीमियर लीग के फाइनल में जगह पक्की कर ली है। फाइनल 26 मार्च को खेला जाएगा। मेग लैनिंग की कप्तानी वाली टीम ने मंगलवार को आखिरी लीग मुकाबले में यूपी वॉरियर्ज को पांच विकेट से हराया।

लीग की दूसरी फाइनलिस्ट टीम का फैसला 24 मार्च को डीवाई पाटिल स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्ज के बीच होने वाले एलिमिनेटर मैच से होगा। आखिरी लीग मैच के बाद दिल्ली की टीम पॉइंट टेबल के टॉप पर रही। उसके मुंबई के ही समान 12 अंक हैं, लेकिन टीम ने बेहतर रन रेट के आधार पर फाइनल का टिकट हासिल किया। लीग में दिल्ली का रन रेट 1.856 रहा, जबकि मुंबई का 1.711 रहा। मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। यूपी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 138 रन बनाए। जवाब में दिल्ली की बल्लेबाजों ने 17.5 ओवर में पांच विकेट पर 142 रन बनाते हुए जीत हासिल की। टीम को मारियन कैप ने चौका जमाकर टीम को जिताया। कैप ने नाबाद 34 रन की उपयोगी पारी खेली। दोहरा प्रदर्शन करने वाली एलिस कैपसी प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। कप्तान मेग लैनिंग (39 रन) और शेफाली वर्मा (21 रन) ने 138 रन का टारगेट चेज करने उतरी दिल्ली को तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 31 बॉल पर 56 रन की ओपनिंग साझेदारी की। 70 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद एलिस कैपसी और मारियन कैप ने 57 गेंदों पर 60 बॉल की साझेदारी कर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। यहां कैपसी 34 रन बनाकर आउट हुईं। कैप ने 15 रन बनाए।

मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में यूपी की टीम ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 138 रन बनाए। ऑलराउंडर ताहलिया मैक्ग्रा (58 रन) ने अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि कप्तान एलिस हीली ने 36 रन बनाए। ओपनर श्वेता सेहरावत ने 19 रन का योगदान दिया। यूपी ने अपनी टीम में तीन बदलाव किए, जबकि दिल्ली में कोई बदलाव नहीं हुआ। यूपी की कप्तान एलिसा हीली ने ग्रेस हेरिस, राजेश्वरी गायकवाड़ और देविका वैद्य को ड्रॉप किया। इन तीनों की जगह यशश्री, शबनीम इस्माइल को मौका दिया। सोप्पाधंडी यशश्री ने डेब्यू किया।



# डिनर के लिए रेस्त्रां में गए मेस्सी को प्रशंसकों ने घेर लिया

**एजेंसी। ब्यूनस आयर्स**

**यहां** पालेरमो में हजारों फुटबॉलप्रेमियों ने एक रेस्त्रां को घेर लिया जब उन्हें पता लगा कि स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी उसमें डिनर कर रहे हैं। मेस्सी की एक झलक पाने के लिए लोग डॉन जूलियो रेस्त्रां के पास पहुंच गए। मेस्सी को बाहर निकलने के लिए पुलिस की मदद लेनी पड़ी।



सड़क पर खड़े प्रशंसक मेस्सी मेस्सी चिल्ला रहे थे। कतर में हुए विश्व कप में मेस्सी ने अर्जेंटीना को तीसरा खिताब दिलाया। विश्व कप जीतने से मेस्सी का अर्जेंटीना में वह दर्जा मिल गया जो सिर्फ माराडोना को हासिल था। लेकिन विश्व कप से पहले हालात दीगर थे और टीम की नाकामी के लिए उन्हें ही कसूरवार ठहराया जा रहा था। वह 2016 में लगभग संन्यास ले चुके थे लेकिन फिर अपना फैसला बदला।

अब आलम यह है कि मेस्सी का खुमार अर्जेंटीना के फुटबॉलप्रेमियों के सर चढ़कर बोल रहा है। वह जहां भी जाते हैं, भीड़ उनके पीछे खिची चली आती है।